किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 52 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 04 दिसम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

मोदी की गारंटी पर लगी जनता के विश्वास की गारंटी : योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी भाजपा को जीत की बधाई

लखनऊ, 3 दिसंबरः तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में कमल खिलने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने ऑफिशियल अकाउंट के जरिए जीत की बधाई दी है। सीएम योगी ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मिली जीत बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में चार राज्यों के चुनाव परिणामों में तीन राज्यों में बीजेपी की भारी हैट्रिक लगना 'मोदी की गारंटी' पर 'जनता के विश्वास की गारंटी' है। सीएम ने इस जीत पर भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकताओं व सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।

'आपणो अग्रणी राजस्थान' की चाह रखने वालों को दी बधाई

राजस्थान की जीत पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि वीरभूमि राजस्थान में भाजपा की भारी मतों से विजय की समस्त कर्मठ कार्यकताओं को हार्दिक बधाई एवं सम्मानित राजस्थान वासियों का अभिनंदन। यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व, लोक-कल्याणकारी विजन एवं नीतियों और समग्र विकास के संकल्प के प्रति राजस्थान के नागरिकों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की चाह रखने वाले सभी राजस्थान वासियों को पुनः शुभकामनाएं।

मध्य प्रदेश की विराट विजय पीएम के नेतृत्व के प्रति अटूट जनविश्वास पर मुहर

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मध्य प्रदेश में भाजपा के जीत की बधाई देते हुए एक्स अकाउंट पर लिखा कि मध्य प्रदेश में विराट विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के प्रति अटूट जन-विश्वास की मुहर है। डबल इंजन सरकार के सुशासन, सुरक्षा और विकास को समर्पित इस जीत की सभी प्रतिबद्ध कार्यकताओं एवं सम्मानित प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई।

छत्तीसगढ़ की जीत को सेवा-सुशासन व विकास के लिए समर्पित बताया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स अकाउंट पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा की विजय की सभी समर्पित कार्यकताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। सेवा, सुशासन, विकास और सामाजिक न्याय को समर्पित इस विजय के लिए छत्तीसगढ़ वासियों का हार्दिक अभिनंदन।

तेलंगाना का प्रदर्शन कार्यकताओं के अथक परिश्रम का सुफल

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तेलंगाना में भाजपा के प्रदर्शन को समर्पित कार्यकताओं के अथक परिश्रम का सुफल बताया। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और राष्ट्रवाद को अपना समर्थन देने वाले ऊर्जावान तेलंगाना वासियों का अभिनंदन एवं कर्मठ कार्यकताओं को हार्दिक बधाई।

विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी....

3 राज्यों में करारी शिकस्त पर क्या बोले राहुल गांधी? तेलंगाना पर भी दिया रिएक्शन

नई दिल्ली. चुनावी नतीजों में कांग्रेस पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ा. राजस्थान में अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार गिर गई. यहां बीजेपी ने बाजी मारी. वहीं, मध्य प्रदेश में सरकार बनाने की आस देख रही पार्टी के तगड़ा झटका लगा है. राहुल गांधी की तरफ से इस शिकस्त पर प्रतिक्रिया आई. उन्होंने कहा कि जनादेश को हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं. विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी. तेलंगाना में कांग्रेस पहली बार सरकार बनाने जा रही है. इसपर उन्होंने कहा कि प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम जरूर पूरा करेंगे. राहुल गांधी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर तीन राज्यों में हार को स्वीकार किया. उन्होंने कहा, ह्यमध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं झ विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी. तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद. प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम जरूर पूरा करेंगे. सभी कार्यकताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया.

बड़ी जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी की तरफ से भी रिएक्शन आया. उन्होंने कहा, ह्यजनता-जनार्दन को नमन! मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि भारत की जनता का भरोसा सिर्फ और सिर्फ सुशासन और विकास की राजनीति में है, उनका भरोसा भाजपा में है. इन चुनावों में भाजपा के प्रति स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद बरसाने के लिए उन्होंने सभी राज्यों की जनता, विशेषकर महिलाओं और युवाओं का धन्यवाद किया. मैं उन्हें भरोसा देता हूं कि आपके कल्याण के लिए हम निरंतर अथक परिश्रम करते रहेंगे.'

प्राथमिक विद्यालय छलैरा में आंगनबाड़ी केंद्रों के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन।

समाज जागरण

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा कोहेशन फाउंडेशन व एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से पहली बार छलैरा प्राथमिक विद्यालय में आंगनवाडी केन्द्रों के वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी जी के संबोधन द्वारा किया गया। इस अवसर पर हमारे नन्हे मुन्ने बच्चों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले मनभावन नृत्य और दिल को छू लेने वाले कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आज का दिन उनके विकास, रचनात्मकता और अंतहीन उत्साह का जश्न मनाने का दिन रहा। बच्चों के साथ-साथ छलैरा की आंगनवाडी कार्यकताओं ने भी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी द्वारा बच्चों को उपहार देकर उत्साह बढ़ाया गया। उन्होने कार्यक्रम में सम्मिलित बच्चों की प्रशंसा की और कोहेजन फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रयासों` की सराहना की। उनका कहना था कि बच्चों के सामग्र विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

चन्द्र यान 3 मिशन के वरिष्ठ बैज्ञानिक दंम्पति का पैतृक गांव पतार में अभिनन्दन समारोह सम्पन्न

बलिया सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने किया सम्मानित

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर -चन्द्रयान 3मिशन के वरिष्ठ बैज्ञानिक दंम्पति अरबिन्द सिंह व श्रीमती पद्मजा सिंह का अभिनंदन समारोह उनके पैतृक गांव पतार स्थित कौशल्या उत्सव वाटिका मे रविवार के दिन सम्पन्न हुआ ।सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि बलिया सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त व विशिष्ट अतिथि भा.ज.पा के जिलाध्यक्ष सुनिल सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया।सासंद विरेन्द्र सिंह मस्त ने अपने उद्बोधन मे उपस्थित लोगों को बताया कि भारत दुनिया के उन देशों के एलीट क्लब में भी शामिल हो गया है, जो चंद्रमा पर अपना मिशन उतारने में कामयाब रहे हैं। ऐसा करने वाला भारत चौथा देश है लेकिन दक्षिणी ध्रुव पर चन्द्रयान का सफलता पुर्वक उतारने मे भारत पहला देश है ।ऐसे में भारत की कामयाबी की पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है ।उन्होंने कहा मेरे संसदीय क्षेत्र का जहुराबाद और मुहम्मदाबाद का क्षेत्र रत्नगर्भा है इसमे ऐसे लाल है जिन्होंने भारत का हमेशा मान बढाया है ।जिसमे मंगला राय,विवेकी राय ,गीतांजलीश्री, और अरबिन्द सिंह और उनकी पत्नी पद्मजा सिंह है आन्ध्र प्रदेश की बेटी और रघुबंशी परिवार की बहु पद्मजा सिंह के कामयाबी पर हम सभी गौरवान्वित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुखराम सिंह और संचालन कृपाशंकर सिंह और श्यामराज तिवारी ने किया ।इस मौके पर सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज के प्रबंध निदेशक डा.सानंद सिंह,ब्लाक प्रमुख बाराचवर बृजेन्द्र सिंह, इरशाद अहमद रिटायर्ड जी एम ओ एन जी सी,कृष्णबिहारी राय, डाक्टर मसूद अहमद निदेश-ाक ताज पब्लिक स्कूल ताजपुर,जितेन्द्र नाथ पाण्डेय,कृष्णा नन्द राय,विनोद राय गुड्ड, प्रमोद सिंह, डाक्टर बिजेन्द्र सिंह प्राचार्य,विवेक सिंह सौरभ,अमन सिंह सांसद प्रतिनिधि,टुनटुन सिंह,देवेन्द्र सिंह,हिमांशु राय,अशोक सिंह,डा.विनोद सिह,नथुनी सिंह, संपूर्णानन्द उपाध्याय, पप्पू महंत, ओमप्रकाश कुशवाहा,श्री कांत राय ,अनिल राय ,शशांक राय,राजेश राय बब्लू,दिनेश राय गुड्ड,मोती चन्द गुप्ता,राजू सिंह, मुरली सिंह, श्रीप्रकाश राय,विक्रमा सिंह,सैय्यद शहंशाह, पत्रकार बिकास राय,यशवंत सिंह, रामचन्द्र सिंह,आशुतोष राय, अवनीश राय, रविदेव गिरी,मनीष भारद्वाज,सुनील सिंह, कृष्ण कुमार मिश्रा,दीपक सिंह, राहुल सिंह,आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवर समेत अन्य स्कूलों के बच्चे भी उपस्थित रहे।।कार्यक्रम के अंत मे बैज्ञानिक के बडे भाई इंजीनियर अशोक सिंह ने आभार व्यक्त किया ।

पत्रकार वार्ता के दौरान इसरो के बैज्ञानिक दम्पति अरबिन्द सिंह और पद्मजा सिंह ने बताया की यह मिशन भारत के लिये काफी चुनौतीपूर्ण था भारत दक्षिणी ध्रुव पर चन्द्रयान उतारने वाला पहला देश बनने वाला था इसके लिये साफ्ट लैडिंग करानी आवश्यक थी ।सफल लैडिंग कराने के बाद हम दोनो उस मिशन के हिस्सा थे यह सोच कर हम दोनो काफी रोमांचित थे ।श्रीमती पद्मजा ने बताया की मै दक्षिण भारत की रहने वाली हुँ लेकिन यहाँ की मिट्टी और परिवार से मुझे बहुत प्यार मिलता है। मै यहाँ की बहु होने पर गौरवान्वित हुँ ।मिशन मे मेरा कार्य वातावरण के अनुसार उसके साफ्ट लैडिंग के लिये तापमान को अनुकूल बनाये रखने मे सहयोग देना था ।अरबिन्द सिंह ने बताया की हम दोनो नये मिशन गगनयान टीम का हिस्सा है ।

राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में 4000 संतो को निमंत्रण पत्र भेजेगा ट्रस्ट

अयोध्या। भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण पत्र बटना शुरू हो गया

है, डाक विभाग के जरिए श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट संतों को निमंत्रण भेज रहा है तथा ट्रस्ट ने अपील की है कि कार्यक्रम स्थल पर आने के लिए सभी आवश्यक दिशा निदेशों का पालन करें, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि भारतीय डाक विभाग के सहयोग से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण बाटा जा रहा है, जो अयोध्या से लेकर देश के अलग-अलग राज्यों के रहने वाले संतों एवं अन्य आमंत्रित सदस्यों को या निमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। आगामी 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी अंतिम दौर में है तथा मंदिर निर्माण का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

बाबा विश्वनाथ के दरबार तक पहुंचा भ्रष्टाचार

गर्भगृह तक पहुचाने के नाम पर कर्मचारी कर रहे धनउगाही, अधिवक्ता प्रतीक सिंह

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

अधिवक्ता प्रतीक सिंह ने दर्शन के दौरान पाया कि कर्मचारी गर्भगृह एवँ स्पर्श दर्शन के नाम पर अवैध पैसे की मांग कर रहे है, मौके पर ही विरोध करने पर कर्मचारियों ने बाबा विश्वनाथ के दरबार मे ही अधिवक्ता के साथ बदसलूकी किया । अधिवक्ता प्रतीक सिंह ने बताया कि वो बाबा के अनन्य भक्त है और रोज दर्शन करने आते है , मंदिर में इस तरह का भ्रष्टाचार बर्दास्त के योग्य नहीं । अधिवक्ता ने बताया कि लिखित शिकायत के बाद भी इस पर कोई कार्यवाही नही होती दिख रही है, मंदिर कमेटी से लेकर जिम्मेदार अधिकारी तक भ्ष्टार्चार में संलिप्त है। बाबा के दरबार मे क्या अमीर क्या गरीब यहाँ इस तरह के भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिये उन्हें मुख्यमंत्री तक जाना होगा तो भी जाएंगे। साभार

वाह री बिहार पुलिस... मरने वाले के सिर ही मढ़ दिया उसकी हत्या का इल्जाम, रोचक है मामला

जमुई : अब कहां ढूंढने जाओगे शहर भर में कातिल मेरे, आप तो मेरे कत्ल का इल्जाम भी हम ही पर रख दो. कहने को तो यह मशहूर शायर राहत इंदौरी की पंक्तियां मात्र हैं, लेकिन बिहार पुलिस ने इन पंक्तियों को सीरियसली ले लिया और कुछ ऐसा कर दिया जिसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे.

दरअसल, अपने अजब-गजब कारनामों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाली पुलिस ने एक बार फिर से ऐसी ही हरकत को अंजाम दिया है. अब इस मामले में न्यायालय ने बिहार पुलिस के उस पदाधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. यह पूरा मामला जमुई जिला से जुड़ा हुआ है, जिसमें हत्या के एक मामले में पुलिस ने हत्या का आरोप उसी व्यक्ति के सिर रख दिया, जिसकी मौत हुई थी. यह अजीबो-गरीब मामला सामने आने के बाद चर्चा का विषय बना हुआ है.

जिसकी मौत हुई उसी के सिर रख दिया उसी के मौत का इल्जाम

दरअसल, जमुई जिला के बरहट थाना क्षेत्र में 19 जुलाई 2023 को महेंद्र कोडा नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई थी. घटना को लेकर महेंद्र कोड़ा की पत्नी सुमित्रा देवी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी और बरहट थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई थी. इस मामले में घटना के जांचकर्ता बरहट थानाध्यक्ष एके आजाद के द्वारा इसमें चार्जशीट दायर की गई तथा उन्होंने हत्या का आरोप महेंद्र कोड़ा, दीपक कुमार और प्रमोद मांझी के ऊपर लगा दिया.

पुलिस के द्वारा यह कहा गया कि महेंद्र कोड़ा की मौत ट्रैक्टर हादसे में हो गई. इस पर एफएसएल की जांच रिपोर्ट और पुलिस अनुसंधानकर्ता का बयान दर्ज करा कर चार्ज शीट दायर कर दिया गया. इस मामले में न्यायालय ने सुनवाई करते हुए कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

कोर्ट ने कहा – मृतक के ऊपर हत्या का आरोप लगाया जाना समझ से परे

इस मामले में सुनवाई करते हुए प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नाजिया खान की अदालत ने आदेश पारित कर कहा कि हत्या के मामले में मृतक के ऊपर हीं आरोप लगाया दिया जाना समझ से परे है.

आधी रात में भूकंप से डोला पाकिस्तान, सो रहे थे लोग तभी आया जलजला, 4.8 मापी गई तीव्रता

भारत के पड़ोस में एक बार फिर से धरती डोली है. इस बार पाकिस्तान में भूकंप आया है. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया कि रविवार रात पाकिस्तान में रिक्टर स्केल पर 4.8 तीव्रता का भूकंप आया. भूकंप रविवार रात 11 बजकर 52 मिनट पर 24 किमी की गहराई पर आया. पर आधिकारिक एनसीएस हैंडल पर एक पोस्ट में कहा गया है कि ह्यभूकंप की तीव्रताः 4.8. यह 3 दिसंबर को करीब 11 बजकर 52 मिनट पर आया. अक्षांशः 32.06 और लंबाईः 69.86, गहराईः 24 किमी. ह्यएनसीएस के अनुसार अभी तक जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है. बता दें कि हाल ही में पाकिस्तान में भूकंप के झट-के महसूस किए गए थे. इससे पहले, पाकिस्तान में 28 नवंबर को भूकंप के झटके महसूस किए थे. 28 नवंबर को पाकिस्तान के साथ-साथ चीन और पापुआ न्यू गिनी में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक यह भूकंप 18 नवंबर की सुबह 03:38 बजे आया था. जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.2 थी. इस भूकंप में भी किसी तरह की किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं थी.



भूकंप आए तो क्या करें और क्या नहीं

1- अगर आप किसी इमारत के अंदर हैं तो फर्श पर बैठ जाएं और किसी मजबूत फर्नीचर के नीचे चले जाएं. अगर कोई मेज या ऐसा फर्नीचर न हो तो अपने चेहरे और सर को हाथों से ढंक लें और कमरे के किसी कोने में दुबककर बैठ जाएं.

2- अगर आप इमारत से बाहर हैं तो इमारत, पेड़, खंभे और तारों से दूर हट जाएं.

3- अगर आप किसी वाहन में सफर कर रहे हैं तो जितनी जल्दी हो सके वाहन रोक दें और वाहन के अंदर ही बैठे रहें.

4- अगर आप मलबे के ढेर में दब गए हैं तो माचिस कभी न जलाएं, न तो हिलें और न ही किसी चीज को धक्का दें.

5- मलबे में दबे होने की स्थिति में किसी पाइप या दीवार पर हल्के-हल्के थपथपाएं, जिससे कि बचावकर्मी आपकी स्थिति समझ सकें. अगर आपके पास कोई सीटी हो तो उसे बजाएं.

तीन राज्यों में भाजपा की जीत बाजार के लिए सकारात्मक संकेत

विश्लेषकों का मानना है कि बाजार चुनाव परिणाम को सकारात्मक नजरिये से देखेगा, क्योंकि तीन राज्यों में चुनाव परिणाम अनुमान से बेहतर रहे हैं

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी के राज्य चुनावों में दमदार प्रदर्शन से घरेलू इक्विटी बाजारों में तेजी की राह मजबूत होने का अनुमान जताया जा रहा है। इस जीत को मई में होने वाले आम चुनाव में भाजपा को सफलता मिलने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। भाजपा ने चार प्रमुख राज्यों में से तीन झ मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में निर्णायक जीत हासिल की है। हालांकि इन तीन राज्यों में कांटे का मुकाबला रहने का अनुमान था, इसलिए भाजपा की जीत ने सभी को चकित कर दिया है और 2024 में सत्ता बनाए रखने की संभावना बढ़ा दी है, जो बाजारों के लिए सकारात्मक बदलाव है। एवेंडस कैपिटल मार्केट्स अल्टरनेट स्ट्रैटजीज के एंड्रयू हॉलैंड ने कहा, ह्यबाजार चुनाव परिणाम को सकारात्मक नजरिये से देखेगा, क्योंकि तीन राज्यों में जीत अनुमान से बेहतर है। भले ही भाजपा के जीतने की उम्मीद से बाजार में तेजी आई थी, लेकिन वह तीनों राज्यों में जीत की उम्मीद नहीं कर रहा था। शुरूआती प्रतिक्रिया आमतौर पर निराशा या उत्तेजना की अभिव्यक्ति होती है। फिर बाजार बुनियादी बातों और वैश्विक बाजारों के रुझान पर केंद्रित हो जाएगा। वैश्विक तौर पर भी हालात अच्छे दिख रहे हैं, जिससे तेजी की रफ्तार बनाए रखने में मदद मिलेगी। पिछले सप्ताह, सेंसेक्स और निफ्टी ने पांच महीनों में अपनी सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त दर्ज की। निफ्टी ने भी शुक्रवार को सितंबर में बने पिछले रिकॉर्ड ऊंचे स्तर को भी पार किया है। स्वतंत्र इक्विटी विश्लेषक अंबरीश बालिगा ने कहा, ह्यबाजारों ने दो राज्यों में जीत का अनुमान लगाया था और अब तीन राज्यों में जीत के साथ हम बाजार को जश्न मनाते देखेंगे। इस-के अलावा, इस जीत से जुड़ा उत्साह कुछ दिन टिका रह सकता है और उसके बाद बाजार की चाल फिर से वैश्विक तौर पर होने वाले घटनाक्रम पर केंद्रित हो जाएगी।

भारतीय नौसैनिकों का विद्रोह और अंग्रेज सरकार का घुटने टेकना एक विलक्षण घटना

दैनिक समाज जागरण

सेना का जिंक आते ही जो तस्वीरें जेहन में कौंधती हैं वो टैंको में सवार, वायुयानों में उड़ते, पानी के जहाजों पर तैनात चुस्त दुरुस्त नौजवानों की होती है। रोमांच और वीरता की ये तस्वीरें सबसे ज्यादा आकर्षित करती है, युवा मन को। युवाओं को सेना न सिर्फ नौकरी और कैरियर प्रदान करती है, बल्कि रोमांच, देशभक्ति के जीवन से दो चार होने के मौक भी देती है। युवा ऊर्जा से उबलते नौजवानों के लिये सेना जिंदगी के रोमांचकारी अनुभव को सच बनाने और देश रक्षा में कुछ कर गुजरने का अवसर देता है। यूं तो भारतीय सेना के तीन अंग है। वायुसेना, थलसेना और जलसेना, तीनों ही सेनाओं का महत्व कमोवेश बराबर ही है। किसी भी अंग को कमतर नहीं आंक सकते। बहादुरी के अद्भुत जज्बात और युद्ध के अत्याधुनिक विशाल संसाधनों के साथ विश्व में भारत की सेना अद्वितीय स्थान रखती है। विश्व विख्यात युद्ध पोत "विराट", "विकांत" ने भारतीय नौसेना का इतिहास स्वर्णाक्षरों में अंकित होते अपने सामने ही देखा है।

भारतीय नौसेना का इतिहास स्वतंत्रता प्राप्ति से भी पुराना है। भारतीय नौसेना ने 1946 ई. में अपनी नौसैनिक शक्ति पर इतराने वाले ब्रिटेन को भी एक समय नाकों चने चबवा दिये थे। बात उस समय की है जब अंग्रेजों ने आजाद हिंद फौज के सैनिक एवं अधिकारियों को बंदी बना लिया था, और अंग्रेजों ने फौज के सैनिकों पर देश द्रोह का आरोप लगाया, क्योंकि उन्होंने ब्रिटिश भारतीय सेना के प्रति ली गई स्वामी भक्ति की शपथ भंग की थी। इस मुकदमे की सुनवाई दिल्ली के लाल किले के सैनिक छावनी में स्थित न्यायालय में हुई। भारत की राजनीति में आजाद हिंद फौज के अफसरों पर मुकदमा एक सनसनी खेज घटना थी। इसे सुनकर भारतीय जनता अत्यंत उत्तेजित हो गई। लाल किले में स्थित सैनिक न्यायालय ने तीन अभियुक्तों ढील्लन, सहगल, शाहनवाज को मृत्युदण्ड की सजा दी। तब रॉयल इंडियन नेवी के नाविकों ने एक कड़वे घुंट की तरह इसे पी तो लिया, लेकिन वे उसे किसी भी तरह पचा नहीं पाये थे। अपने राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा के लिये संकल्प ले चुके थे। प्रायः अधिकारियों के द्वारा होने वाले अपमान तथा अपने प्रति अन्याय, भेदभावपूर्ण व्यवहार के कारण उनमें प्रतिरोध और कुछ कर गुजरने की आग भीतर ही भीतर सुलग रही थी। इसी दौरान फरवरी 1946 के तीसरे सप्ताह में मुंबई में भारतीय नौ सेना के विद्रोह के रूप में भड़क उठी।

वैसे भी अंग्रेज अधिकारियों से भारतीय नौसेना के सैनिकों को बहुत सारी शि-ाकायतें थीं ,जिनकी अभिव्यक्ति इस विद्रोह के रूप में हुई। सबसे पहले बंबई डाक पर आल इंडियन नेवी के भारतीय सैनिकों ने अंग्रेजों के दुर्व्यवहार एवं भेदभाव पूर्ण रवैए के विरोध में अपना राशन लेने और परेड पर जाने से इंकार कर दिया। लगभग 3000 नौसैनिक विद्रोह पर उतर आये और अपने यूरोपियन अधिकारियों पर हमला करने लगे। नौ सैनिक गाड़ियों को जलाने लगे और 19 फरवरी को शहर में आकर उन्होंने भीड़भाड़ वाले फाउंटन इलाके को अपने अधिकार में ले लिया। नौसैनिकों का अनुसरण करते हुए ही मद्रास तथा कलकत्ता के नौसैनिक प्रतिष्ठानों में भी विद्रोह का झंडा बुलंद हो गया। विद्रोही नौसैनिकों ने जहाजों को अपने कब्जे में लेकर उन पर तो काबू पा लिया तथा आने वाली स्थिति का मुकाबला करने के लिये तैयार हो गये। फ्लैगशिप नर्मदा साहन बंबई डाक के बीस जहाजों को विद्रोही नौसैनिको ने अपने अधिकार में कर लिया।

तथा इसके अतिरिक्त कंसल बैरक में तोपखाने तथा अधिकांश अस्त्रों को कब्जे मे कर लिया। बंबई और करांची की हडताल अगले दिन अन्य नौसैनिक केन्द्रों कलकत्ता तथा मद्रास में भी फैल गई। सरकार परेशान हो उठीं। प्रारंभ में अंग्रेज अधिकारी नौसैनिकों के विद्रोह से चिंतित नहीं हुए। बल्कि उन्हें यह विश्वास था कि वह बलपूर्वक इस विद्रोह को दबा देंगे। आप जानते हैं कि अंग्रेज सरकार के पास कितनी शक्ति है। और वह शक्ति का प्रयोग करने में जरा भी नहीं हिचकेगी। चाहे उसकी नौसेना बर्बाद ही क्यों ना हो जाए। 22 फरवरी तक विद्रोही नौ सैनिकों ने मुंबई बंदरगाह में स्थित ब्रिटिश एडमिरल के फ्लैगशिप के साथ ही लगभग सभी जहाजों को भी अपने अधिकार में ले लिया। अब तक मुंबई का यह विद्रोह लगभग पूरी तरह रॉयल इंडियन नेवी को अपनी चपेट में ले लिया था। अब यह मुंबई, कराची, कलकत्ता, मद्रास, कोचिंन, विशाखापट्टनम तथा अंडमान में सभी नौसैनिक प्रतिष्ठान में विद्रोह की घोषणा कर चुके थे। इसी बीच कांग्रेस के वामपंथी लोगों ने नौसैनिक विद्रोहियों के समर्थन में एक आम हड़ताल का आह्वान किया ।जो सारे मुंबई में पूर्ण हड़ताल के रूप में फैल गया। और जगह-जगह दंगे भी शुरू हो गए। मद्रास और कलकत्ता में भी कुछ स्थानों पर दंगे हुए। नौसेना विद्रोहियों की सहानुभूति में आसफ अली ने केंद्रीय असेंबली में 23 फरवरी को बोलते हुए कहा-" अंग्रेज अधिकारी इन नौसैनिकों के लिए जो भी भाषा का प्रयोग करते हैं ,मुझे उसको दोहराते हुए भी लज्जा आती है। यदि यही व्यवहार किन्हीं दूसरे व्यक्तियों के साथ किया जाए तो प्रारंभ में मुमकिन है कि वे नौसैनिकों की अपेक्षा कहीं ज्यादा हिंसात्मक रूप अपनाएंगे। नौसैनिकों की शि-ाकायतों को कहीं और जगह निश्चित रूप से सहानुभूति पूर्वक सुना जाता। मैं मानता हूं कि सैनिकों को राजनीति से दूर रहना चाहिए। लेकिन दूसरी तरफ उनकी मूलभूत शिकायतों को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। कांग्रेस के सोशलिस्ट सदस्य मीनू मसानी ने भी अंग्रेज सरकार को चेतावनी देते हुए घोषणा की हम अंग्रेजों के भारत के ऊपर शासन करने के नैतिक अधिकार को स्वीकार नहीं करते। उनका कानून मानने को हम बाध्य नहीं हैं, क्योंकि हमने उनको कभी भी स्वीकार नहीं किया है। इसलिए जब कभी भी अपने सैनिक या नागरिक कानून को तोड़ा जाता है तो हम में से हर व्यक्ति की सहानुभूति विद्रोहियों के साथ हो जाती है। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू , सरदार पटेल मोहम्मद अली जिन्ना, मौलाना आजाद तथा दूसरे सभी राष्ट्रीय नेता स्थिति पर नजर रखे हुए थे। लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत रूप से अपने को इस विद्रोह से दूर रखा था। क्योंकि वह ऐसा कोई भी कदम उठाना नहीं चाहते थे, जिससे स्थिति के बिगड़ने की संभावना बढ़ जाती। वह सभी सरकार के साथ भी संपर्क बनाए हुए थे, और बातचीत से कोई हल निकालने का प्रयास कर रहे थे। अंग्रेजी सरकार भी समझौता न करके भयानक युद्ध एवं परिणामों की धमकी पर धमकी दिए जा रही थी। और तो और उसके विध्वंसक युद्धपोत भी इसलिए मुंबई की ओर रवाना हो गए। "पर धन्य है भारत के वीर सपूतों वीर सैनिकों की जो उनके सामने झुके नहीं" अंत तक डटे रहे ! अंतत सरकार को ही इन नौ सैनिकों के आगे हार माननी पड़ी।

- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

बहुत अच्छा है विदेशों में खालिस्तान समर्थकों का विरोध

दैनिक समाज जागरण

विदेशों विशेषकर अमेरिका और कनाडा से आई खबरें बहुत ही अच्छी हैं। भविष्य को लेकर आशा जगाने वाली खबरें हैं। खबर हैं कि कनाडा में भारतीय राजदूत के विरूद्ध प्रदर्शन करने वालों का वहां मौजूद भारतीयों ने जमकर विरोध किया। परिणाम स्वरूप प्रदर्शनकारियों को खालिस्तान के झंडे छोडकर भागना पडा। अमेरिका में खालिस्तान समर्थकों ने अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू के साथ बदतमीजी की कोशिश नाकाम रही। संधू को अमेरिका में बसे सिखों ने न केवल सम्मानित किया बल्कि उनकी बातों को भी ध्यान से सुना। माना जा रहा है कि गुरपतवंत सिंह पन्नू के इशारे पर इस घटना को अंजाम दिया गया है।एक बात और भारत ने देश की गुरपतवंत सिंह पन्नू की संपत्तियों को हाल ही में जब्त किया है। यह कार्य तो बहुत पहले करना चाहिए था।

गुरपतवंत सिंह पन्नू के खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस की अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू के साथ धक्कामुक्की करने की चाल फेल हो गई। खालिस्ताानियों ने गुरुपर्व पर अमेरिका के न्यूयार्क शहर में स्थि त गुरुद्वारे में भारतीय राजदूत के साथ धक्को मुक्की की कोशिश की लेकिन उनकी यह चाल वहां मौजूद सिखों ने फेल कर दी। यही नहीं इन सिखों ने भारतीय राजदूत को सम्मानित भी किया। गुरुद्वारे के अंदर ही संधू का सिख समुदाय के लोगों ने जोरदार स्वागत किया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान भारतीय राजदूत ने अफगानिस्तायन से सुरक्षित तरीके से सिखों को निकालने का जिक्र किया और कहा कि सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी है।

कनाडा के सरे शहर में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के बाहर खालिस्तानियों ने श्रद्धालुओं को परेशान किया । जमकर बवाल मचाया। वहां कनाडा में भारत के राजदूत गए हुए थे। जब हिंदू खालिस्तान समर्थकों का विरोध करने आगे आए तो वो लोग भाग गए।यह घटना 26 नवम्बर की है।खालिस्तानियों के हंगामे और श्रद्धालुओं को परेशान करने की खबर पर हिंदू मंदिर के बाहर इकट्ठा हो गए और खालिस्तानियों का विरोध किया। हिंदुओं ने हाथों में भगवा झंडे ले रखे थे। इन लोगों ने यहाँ साथ में तिरंगा भी लहराया और देशभक्ति वाले गीत चलाए।खालिस्तानियों की बेइज्जती करने के लिए भीड़ ने नारे भी लगाए। इसी घटना के वायरल वीडियो में खालिस्तानियों को गालियाँ भी पड़ती दिख रही हैं। एक वीडियो में भीड़ खालिस्तानियों के खिलाफ उल्टे झसीधे नारे भी लगा रही है।अपना विरोध होते देश ये एक डेढ़ दर्जन के आसपास खालिस्तान समर्थक अपने झंडे छोड़कर गायब हो गए।इन अतिवादियों का आरोप है कि कनाडा के हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारत ने कराई।

खालिस्तान समर्थकों का जो अमेरिका और कनाडा में जो विरोध अब हुआ, वह तो बहुत पहले होना चाहिए था। शुरूआत में ही विरोध होने लगता तो वे ऐसा करने के हौंसले नही कर पाते। लंदन में भारतीय हाई कमीशन में तोड़फोड़ की घटना के विरोध नई दिल्ली में सिखों का प्रदर्शन हुआ था। बड़ी तादाद में सिख ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर जुटे और खालिस्तानियों की हरकत का विरोध किया।

इसी तरह का विरोध उन देशों में भी होना चाहिए था , जहां कुछ खालिस्तानी खु-राफात कर रहे हैं। अमेरिका गुरूद्वारे में सिख समाज ने इन खालिस्तानी का विरोध किया। ऐसा ही अन्य जगह भी सिख समाज को करना चाहिए था। उनकी चुप्पी इशारा करती है कि वह खालिस्तान के समर्थन में हैं , जबकि ऐसा है नहीं। कुछ ही सिरफिरे इस तरह की हरकत कर रहे हैं।1980 के आसपास भी ऐसी ही गलती हुई थी। पंजाब में बढ़ते खालिस्तानी आंदोलन का विरोध नही हुआ था। स्वर्ण मंदिर में भिंडरावाले के बसने का गुरूद्वारा प्रबंध समिति और सिख समाज को विरोध करना चाहिए था। उस समय की उनकी चुप्पी सेना को आपरेशन तक पहुंच गई।

कनाडा और अमेरिका में हाल में खालिस्तान समर्थकों की छोटी मोटी का-र्रवाई उनकी हताशा बताती है।भारत में कुछ कर पाने में असमर्थ विदेशों में बसे चंद अतिवादी झल्लाएं है। वे यह बताना चाहते हैं कि खालिस्तान का मुद्दा मरा नही। जबकि सच्चाई अब सब समझ रहे हैं । उधर कनाडा भारत पर लगाए अपने आरोप पर घिरता जा रहा है।कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडोने आरोप लगाया था कि कनाडा नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के राजनयिक का हाथ है। हरदीप सिंह निज्जर भारत से फरार अपराधी खालिस्तानी अतिवादी है। इस आरोप पर तनातनी बढ़ने के बाद भारत ने कई बार कनाड़ा से इस हत्या के सुबूत मांगे किंतु कनाडा ऐसा नही कर सका।आतंकी निज्जर की हत्या के मामले में भारत सरकार नें कनाडा की सुरक्षा एजेंसियों और एनएसए के अन्य अधिकारियों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया था, लेकिन जब भारत अपने अधिकारियों को कनाडा भेजने का निर्णय किया तब उसने भारतीय टीमों को वीजा देने से इनकार कर दिया गया।

दरअसल, भारत सरकार यह पता करने के लिए एक टीम को कनाडा भेजना चाह रही थी कि निज्जर की हत्या पर भारत के खिलाफ कनाडाई लोगों की क्या राय है? भारतीय सरकार का कहना है कि कनाडा को हमारी टीमों को आने की अनुमति देनी चाहिए और दिखाना चाहिए कि उनके पास हमारे खिलाफ क्या सबूत है, लेकिन वे हमारे कई बार के अनुरोधों के बावजूद वीजा जारी नहीं किया।

भारत के एनएसए डोभाल और उनके कनाडाई समकक्ष ने आतंकवाद मुद्दे पर चर्चा की। डोभाल ने कनाडा में बैठे उपद्रवियों और आतंकवादियों के बारे में स्पष्ट जानकारी दी। डोभाल ने अपने समकक्ष को भारत के विभिन्न एजेंसियों और राज्य के पुलिस के वांटेडों की सूची और एलआर की भी सूची दी थी।

एसए डोभाल ने बताया कि, ह्यभारत समय-समय पर कनाडा के साथ समय-समय पर खुफिया जानकारी साझा की और वांटेडों के ठिकानों की जानकारी भी उपलब्ध कराई.ह्न उधर कनाडा के एनएसए ने भारत पर आतंकी निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था, हालांकि डोभाल ने कहा कि अगर उसके हत्या में भारत का हाथ है तो एफआईआर या कोई स्पष्ट सबूत जारी करे।उमेश डोभाल ने कहा कि अगर हमारे तरफ से कोई दोषी निकला तो कड़ी का-रवाई करेंगे, लेकिन कनाडाई कभी कोई सबूत पेश नहीं कर सके. भारत ने कहा कि कैनेडियन ये सब सिर्फ फेक नैरेटिव क्रिएट करने के लिए कर रहे हैं।कनाडा कभी भी आतंकी मामलों में जांच में कभी सहयोग क्यों नहीं किया, जहां कनाडा से हमले हुए थे. बताया जा रहा है कि वीडियो और ऑडियो सबूत जानने के बावजूद एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई।कनाडा की धरती से आए दिन हिंदुओं को धमकियां मिलती रहती हैं, लेकिन वे पुन्नू को गिरफ्तार नहीं करते..ऐसा क्यों? भारत ने ये भी कहा कि निज्जर की मौत गैंगवार में हुई थी, जो कनाडा में इन आतंकवादी समूहों को पनाह देने का ही परिणाम है।

कनाडा सा ही मामला अमेरिका का है । अमेरिका ने सार्वजनिक रूप से न कह भारत के उच्चाधिकारियों से कहा कि उनके नागरिक की एक भारतीय द्वारा हत्या की कोशिश की गई।भारत और अमेरिका इस मामले की मिलकर जांच कर रहे हैं। अमेरिका ने शोर मचाकर भारत से संबंध खराब करने नही चाहे। उसे भारत को अपने हथियार बेचने हैं। वह भारत की जरूरत महसूस करता है।

एक बात और आज भारत कमजोर नही है। अमेरिका हो या ब्रिटेन या फ्रांस सभी को भारत की जरूरत है। भारत इनसे खुलकर कहे कि भारत के आतंकवादी पालकर भारत से मित्रता नही चलेगी। मित्रता करनी है तो रूस की तरह साफ और सीधी होनी चाहिए। आपके देश में कोई भारत विरोधी बसता है तो उसे भारत को सौंपना होगा।

अशोक मधुप
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

शिक्षा से संस्कार, संस्कृति और साक्षरता से जागरूकता लाने के प्रयास के महीन अंतर की गहन मीमांसा।

दैनिक समाज जागरण

सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगा' शिक्षा जीवन के महत्व, संस्कार की संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं' शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है' जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है' साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है' साक्षरता सदैव रोजगार मूलक पहलुओं से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है' शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचा-रशीलता में वृद्धि करती है' ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है' स-संस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उ-दाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है' ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाए' शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है' वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है' महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है'

परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता है' पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता है' पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती है' ऐसे कई उ-दाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता है' अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उस-ाका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं। एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं ,और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फजीवाड़े,धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साक्षर तो घोटालेबाज केतन पारेख हर्षद मेहता एवं कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन भी थे, किंतु इनकी शिक्षा की सार्थकता समाज द्वारा सदैव नापसंद की गई एवं समाज इन्हें हेय दृष्टि से देखने लगा है। आज के संदर्भ में ऐसी शिक्षा या साक्षरता की आवश्यकता है, जो मानव जीवन में मूल्यों का विकास एवं मूल्यों की प्रतिबद्धता विकसित कर सके। जिससे समाजिक गिरते मूल्यों तथा विरासत की अवहेलना ना हो सके। बिना मूल्यों के बिना संस्कृतिक विचारधारा के साक्षर होना ठीक उसी तरह है जैसे किसी बंदर के हाथ में बंदूक या उस्तरा देना है। हमें आज नैतिक साक्षरता देने की आवश्यकता होगी, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास विरासत की रक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं का संपुट हो, जो व्यक्ति को एक अच्छा इंसान बना सकें।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर,छत्तीसगढ़

सामाजिक व धार्मिक उद्वेलन का कारण भारतीय राजनीति का गिरता स्तर

आज भारतीय राजनीति का स्तर समाज को किस तरह से उद्वेलित कर रहा है और सामाजिक व धार्मिक तानाबाना उलझता जा रहा है, सत्ता लोलुपता के कारण इसका कोई समाधान निकट भविष्य में नहीं दिखाई दे रहा है। महात्मा बुद्ध को श्री हरि विष्णु का अवतार माना जाता है जिनका जन्म इक्ष्वाकु वंश के क्षत्रिय सम्राट शुद्धोधन के यहाँ 563 ईसा पूर्व हुआ था और निर्वाण 483 ईसा पूर्व में हुआ था। उनका बचपन का नाम सिद्धार्थ था। उन्होंने अपना परिवार त्याग कर राज सत्ता भी छोड़ दी थी और ज्ञान प्राप्ति के उद्देश्य से कई वर्षों तक बृहद साधना की थी और ज्ञान प्राप्ति के उपरांत महात्मा गौतम बुद्ध कहलाये।उनके निर्वाण के उपरांत उनके अनुनाईयों ने बौद्ध धर्म का बृहद प्रचार किया। सम्राट अशोक (जो स्वयं अशोक महान कहलाये) ने विश्व के तमाम देशों में अपने प्रचारकों को यहाँ तक कि अपने पुत्र व पुत्री को बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार का उत्तरदायित्व दिया था और इस प्रकार बौद्ध धर्म कई एशियाई देशों में फैला। आज भी बौद्ध धर्म के मानने वाले न केवल भारत में, एशिया में बल्कि विश्व भर में फैले हुए हैं। महात्मा बुद्ध के निर्वाण के उपरान्त लगभग 2400 साल बाद सन् 1869 में मोहनदास कर्मचन्द्र गाँधी का जन्म भारत के गुजरात प्रांत के कठियावाड़ ज़िले के पोरबंदर में हुआ। प्रतिभावान व्यक्तित्व के धनी मोहनदास कर्मचन्द्र गाँधी आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। पूरा विश्व उन्हें महात्मा गाँधी के नाम से जानता है और मानता है। यहाँ इन दोनों महात्माओं का उल्लेख करना इसलिए आवश्यक हो गया है कि आज भारतीय राजनीतिक विद्रूप की वजह से इन दोनों के बीच तुलना की जाने लगी है जो कतई उचित नहीं है बल्कि अवाँछनीय भी है। महात्मा बुद्ध जहाँ श्री हरि विष्णु के अवतार माने जाते हैं वहीं महात्मा गाँधी विष्णु अवतार श्रीराम और श्री कृष्ण के अनन्य भक्त थे। जन्म से महात्मा बुद्ध क्षत्रिय राजवंशी राजपूत थे वहीं महात्मा गाँधी वैश्य वंश की संतान थे। परंतु दोनों ही ने हिंदू धर्म में ही जन्म लिया था। राजनीतिक स्वरूप तो इतना विद्रूप हो चुका है कि महात्मा गाँधी की तुलना महात्मा बुद्ध से की जाने लगी और महात्मा बुद्ध की तुलना श्रीराम व श्रीकृष्ण से की जाने लगी है। इतना ही नहीं बौद्ध धर्म की तुलना हिंदू सनातन धर्म से भी की जा रही है बल्कि इससे भी अधिक सनातन धर्म की आलोचना भी की जाने लगी है। भारतीय राजनीति में मुगलों और अंग्रेजों का शासन हजारों साल रहा। अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध और अन्य सभी धर्मों के भारतीयों ने लड़ी। 1857 के संग्राम में झाँसी की रानी से प्रारंभ यह संग्राम तात्या टोपे, मंगल पाण्डे, टीपू सुल्तान, बहादुर शाह जफर और चाँद बीबी से लेकर 1947 तक जारी रहा। देश आजाद हुआ। आजादी की लड़ाई में हर भारतीय का योगदान रहा है। चाहे महात्मा गाँधी हों, लाला लाजपतराय, बाल गंगाधर तिलक, बिपिनचन्द्र पाल हों या अन्य क्रांतिकारी पंडित मोतीलाल नेहरू, सरदार भगत सिंह, राजगुरु, राम प्रसाद बिस्मिल, चन्द्र शेखर आजाद या फिर डा० राजेंद्र प्रसाद, पंडित जवाहर लाल नेहरू, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल, सुभाष चंद्र बोस, मौलाना आजाद, मुहम्मद अली जिन्ना, अल्लामा इकबाल, लियाकत अली खान, अब्दुर रब निशतर, हुसेन शहीद सुहरावर्दी, एके फजलुल हक, बेगम जहां आरा शाहनवाज आदि हजारों क्रांतिकारी इस स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल थे।इन सबका उल्लेख उतना आवश्यक नहीं है जितना कि इन सबके बीच आज तुलना की जा रही है। महात्मा गाँधी की तुलना कहीं महात्मा बुद्ध से, कहीं बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर से, अंबेडकर की तुलना पंडित जवाहर लाल नेहरू से और नेहरू की तुलना सरदार पटेल या सुभाष चंद्र बोस से ! यह सर्व विदित है कि ये सभी महा पुरुष थे क्रांतिकारी थे और आजादी के लिये अंग्रेजी शासन सत्ता से बेखौफ अपने अपने तरीके से लोहा लेते रहे, लेकिन एक दूसरे की राय से और एक दूसरे के सहयोग से, समर्थन से। भले ही आपसी मतभेद रहे हों उन सबके बीच परंतु उन सबके लिए भारत राष्ट्र की एकता सर्वोपरि थी।इसी एकता की वजह से देश आजाद हुआ। आज वर्तमान राजनीति में न केवल घोर मतभेद हैं बल्कि घातक मनभेद भी हैं। राजनीतिक सत्ता लोलुपता धर्म को धर्म से, जाति को जाति से भाषा को भाषा से, क्षेत्र को क्षेत्र से नीचा दिखाने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ती, बल्कि यह कहना अनुचित नहीं होगा कि आज हम पीछे के उस विगत संक्रमण काल में लौट रहे हैं जहाँ एक राजा दूसरे राजा से राज्य छीनने के लिये लालायित रहता था, यहाँ तक कि विदेशी आतताईयों से मिल जाते थे और उनके समर्थन/ सहयोग से राज्य छीन कर विदेशियों को देने में भी नहीं हिचकते थे जिसके फलस्वरूप पहले देश मुगलों का और फिर अंग्रेजों का गुलाम हुआ। प्रजातंत्र की सत्ता किसी एक दल, एक व्यक्ति की, एक परिवार की नहीं होती है। भारत में भी इस तन्त्र का एक विस्तृत लिखित संविधान है, विस्तृत कानून है। लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका हैं। चौथा स्तंभ निष्पक्ष पत्रकारिता भी देश में मजबूत खड़ी है। फिर भी देश में जो वातावरण देश की राजनीतिक कुरूपता की वजह से बन चुका है उसकी वजह से न केवल समाज बल्कि धर्म पर भी उद्वेलन अतिरेक पैदा हो चुका है। इस उद्वेलन अतिरेक को नियंत्रित करने की महती आवश्यकता है और यह नियंत्रण भारतीय लोकतंत्र के चारों स्तंभों को समन्वय बनाकर करना पड़ेगा और यह ध्यान रखना होगा कि इसमें विलंब न किया जाये ताकि परिस्थितियाँ सदियों पहले की गुलामी जैसी उत्पन्न न होने पाये। जय हिन्द, जय भारत, बंदे मातरम्।

कर्नल आदि शंकर मिश्र 'आदित्य'

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

भारतीय संस्कृति और परंपरा के पक्षधर थे भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसादः सीएम योगी

– सीएम योगी ने भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया

– सीएम बोले, देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने आजादी के आंदोलन को पग-पग अपना नेतृत्व दिया

लखनऊ, 3 दिसंबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारत रत्न और देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया। सीएम योगी ने उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मेयर सुषमा खर्कवाल, भाजपा नेता अविनाश त्रिवेदी, महेंद्र नाथ सिंह आदि मौजूद थे।

स्वतंत्र भारत की व्यवस्था के सूत्रधार हैं डॉ. राजेंद्र प्रसाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में आजादी के आंदोलन में एक अनुयायी के रूप में शामिल हुए और पूरे आंदोलन को पग-पग पर अपना नेतृत्व प्रदान किया। वहीं स्वतंत्र भारत के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में ही संविधान का निर्माण किया गया। वह देश की आजादी की लड़ाई के अग्रिम योद्धा के साथ स्वतंत्र भारत की व्यवस्था के भी सूत्रधार थे। उनके इन कार्यों के चलते वे आज भी स्मरणीय हैं। उन्होंने तत्कालीन सरकार के विरोध के बावजूद सोमनाथ मंदिर के पनुरोद्धार कार्यक्रम में भाग लिया। इतना ही नहीं प्रयागराज और कुंभ उनके हृदय में बसता था। वह भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूल्यों और आदर्शों को अपने जीवन में अंगीकार करते हुए आजीवन उन संकल्पों के साथ आगे बढ़े।

पूर्वी यूपी में शिक्षा व्यवस्था का प्रकाश स्तम्भ है महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद

शैक्षिक पुनर्जागरण के लिए ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने 1932 में की थी परिषद की स्थापना

प्राथमिक शिक्षा से लेकर निजी विश्वविद्यालय तक हुआ परिषद का विस्तार

गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना भी परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका

गोरखपुर, 3 दिसंबर। गोरखपुर जनपद पूर्वी उत्तर, पश्चिमी बिहार तथा नेपाल की तराई तक करीब पांच करोड़ की आबादी के लिए शिक्षा का एक बड़ा केंद्र है। एजुकेशन हब या नॉलेज सिटी के रूप में विकसित हो रहे गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद बीते नौ दशक से प्रकाश स्तम्भ की भूमिका में है। गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों ने इस स्तम्भ से प्रकाश पुंज का फैलाव निरंतर विस्तारित किया है। महाराणा प्रताप परिषद का प्राथमिक शिक्षा से लेकर निजी विश्वविद्यालय तक हो चुका विस्तार इसकी शैक्षिक सेवा यात्रा का साक्षी है।

गोरखपुर समेत समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के लिए गोरक्षपीठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ ने 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की नींव रखी थी। उनके बाद ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ और तदनुक्रम में वर्तमान पीठाधीश्वर और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में परिषद के जरिये शैक्षिक सेवाओं को लगातार ऊंचाई मिलती रही है। इस परिषद का 91वां स्थापना वर्ष है और गोरक्षपीठ का यह शैक्षिक प्रकल्प स्थापना के प्रथम वर्ष से ही ज्ञान की मशाल को अहर्निश प्रज्ज्वलित किए हुए है। महायोगी गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय खुद महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का विस्तृत पड़ाव है तो पूर्वी उत्तर प्रदेश के इस अंचल में स्थापित पहला विश्वविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना भी परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ द्वारा 1932 में बक्शीपुर में किराए के मकान में स्कूल खोलने के साथ महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की यात्रा प्रारंभ हुई। 1935 में जूनियर हाईस्कूल की मान्यता मिली और 1936 से हाईस्कूल तक की भी पढ़ाई शुरू हो गई। इस बीच महंत दिग्विजयनाथ के प्रयास से सिविल लाइंस में जमीन मिल गई और यह हाईस्कूल यहां शिफ्ट हो गया। महाराणा प्रताप के नाम शुरू हुआ शैक्षिक जागरण का प्रकल्प इंटर कॉलेज होते हुए 1949-50 तक डिग्री कॉलेज तक पहुंचा। भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के अनुरूप शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध इस संस्था के संस्थापक ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ को गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना का भी श्रेय जाता है जिन्होंने 1958 में अपने द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज को विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु समर्पित कर दिया। उनके बाद उनके शिष्य तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ ने इस शिक्षा परिषद के जरिये ज्ञान के प्रसार का क्रम आगे बढ़ाया। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का प्रबंधकीय दायित्व संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ ने इसके ज्ञानदायी कार्यक्षेत्र को कई आयामों से विस्तार दिया है। वर्तमान में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा, अंग्रेजी, संस्कृत, तकनीकी शिक्षा (पॉलीटेक्निक), पैरामेडिकल (नर्सिंग) के दर्जनों संस्थान संचालित हैं। परिषद द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों का कार्यक्षेत्र गोरखपुर के अलावा महराजगंज, देवीपाटन और वाराणसी तक है।

संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ सोमवार को

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 91वें संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ सोमवार, 4 दिसंबर को सुबह शोभायात्रा के साथ होगा। उद्घाटन अवसर पर महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री एवं पूर्व थल सेना अध्यक्ष जनरल (डॉ) वीके सिंह होंगे।

जनपद के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 05 दिसंबर से 20 दिसंबर 2023 तक किया जाएगा निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण।

उक्त अवधि में अंत्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास के सापेक्ष 18 रुपए प्रति किग्रा0 की दर से 3 किग्रा0 चीनी का किया जाएगा वितरण।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि माह दिसंबर, 2023 के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आवंटित आवश्यक वस्तुओं यथा गेहूं, चावल का वितरण 05 दिसंबर से 20 दिसंबर 2023 के मध्य संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में आवश्यक वस्तुओं का वितरण प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के उपरांत किया जाएगा। प्रत्येक अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूँ एवं 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कार्ड में सम्मिलित प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल विक्रेता द्वारा निःशुल्क वितरण किया जाएगा। उक्त अवधि में अंत्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अक्टूबर, नवंबर एवं दिसंबर 2023 के सापेक्ष 3 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किग्रा0 की दर से 54 में वितरण सुनिश्चित किया जाएगा तथा चीनी के संबंध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों/राज्यों के निवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक, जिनके द्वारा जनपद गौतम बुद्ध नगर के उचित दर विक्रेताओं के यहां से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पोर्टेबिलिटी के आधार पर खाद्यान्न अपनी सुविधा एवं सुगमता अनुसार किसी भी उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकेंगे। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उपलब्धता की सीमा तक आच्छादित अंत्योदय लाभार्थियों को प्रत्येक अंत्योदय कार्ड पर 14 किग्रा0 गेहूं, 21 किग्रा चावल तथा पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों से संबद्ध प्रत्येक यूनिट पर 2 किग्रा0 गेहूं, 3 किग्रा0 चावल का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा उचित दर दुकान पर उपलब्ध खाद्यान्न आदि का भौतिक सत्यापन करने के उपरांत अपनी उपस्थिति में दुकान पर खाद्यान्न आदि का वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को गेहूं, चावल निःशुल्क वितरण तथा अंत्योदय कार्डधारकों में सशुल्क चीनी के वितरण की अंतिम तिथि 20.12.2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण संपन्न किया जा सकेगा एवं विक्रेता द्वारा ई-पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर गेहूँ, चावल का मूल्य शून्य होना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा तथा संबंधित उचित दर विक्रेता द्वारा कार्डधारक को उक्त पर्ची उपलब्ध करायी जायेगी। विक्रेता द्वारा प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्ति से वंचित न रहे। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 की सूची में सम्मिलित समस्त उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह सम्बन्धित उचित दर विक्रेताओं से अपनी-अपनी आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करें। यदि उन्हें आवश्यक वस्तुए प्राप्त करने में कोई समस्या उत्पन्न हो तो, उसके निराकरण के लिए अपनी तहसील में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी / पूर्ति निरीक्षक से अथवा क्रियाशील कॉलसेंटर एवं टोल फ्री नम्बर-1967 एवं 1800-1800-150 पर समस्या दर्ज करा सकते है।

आवश्यकता है

देश में तेजी से फैलते हिंदी दैनिक समाज जागरण अखबार को भोजपुर (आरा),बक्सर व कैमूर जिले में व्यूरो प्रमुख, विज्ञापन प्रतिनिधि, प्रखंड रिपोर्टर व क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

दिव्यांगजनों को जब भी अवसर मिला उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया हैः सीएम योगी

दिव्यांगजनों की पेंशन को 300 से बढ़ाकर हमने 1000 रुपए कियाः सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व दिव्यांग दिवस के कार्यक्रम को संबोधित किया

सीएम योगी ने कहा- सामान्य नागरिक तुलना में दिव्यांगजनों का प्रदर्शन हमेशा बेहतरीन रहता है

बोले सीएम- उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां दिव्यांगजनों के लिए संचालित हैं दो विश्वविद्यालय

3 दिसंबर, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिव्यांगजनों को जब भी अवसर मिला उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। ऋषि अष्टावक्र, मध्यकालीन संत सुकरात, वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग और जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य इसके उदाहरण हैं। चीन में संपन्न हुए पैरा एशियाई खेलों को ही देखें तो हमारे पैरा खिलाड़ियों ने 111 मेडल जीते हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य नागरिक तुलना में दिव्यांगजनों का प्रदर्शन हमेशा बेहतरीन रहता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनियाभर के दिव्यांगजनों को सम्मान देने के लिए उन्हें विकलांग की जगह एक नया शब्द दिव्यांग दिया।

सीएम योगी ने रविवार को डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अटल ऑडिटोरियम आयोजित विश्व दिव्यांग दिवस के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम देश में लागू किया था। उसी कड़ी में राज्य सरकार के द्वारा भी इस अधिनियम को पूर्ण रूप से अंगीकार किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने दिव्यांगजन कल्याण से जुड़ी हुई योजनाओं की धनराशि में वृद्धि की है। पहले दिव्यांगजनों को 300 रुपए प्रतिमाह पेंशन की सुविधा मिलती है। वर्तमान में इसे बढ़ाकर हमने 1000 रुपए मासिक कर दिया है। आज प्रदेश के लगभग 10 लाख दिव्यांगजन इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि 2016-17 के बजट में प्रदेश के दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए मात्र 312 करोड़ रुपए का प्रावधान था। वर्तमान में हमारी सरकार ने इसे बढ़ाकर 1120 करोड़ रुपए कर दिया है। कुष्ठ रोग से जो ग्रसित दिव्यांगजनों को पहले ढाई हजार रुपए की पेंशन मिलती थी। इसे बढ़ाकर हमने तीन हजार रुपए कर दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में प्रदेश के अंदर कुल 305000 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपकरण वितरण की कार्रवाई को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया गया है। साथ ही प्रदेश की सभी 80 लोकसभा क्षेत्रों में 8000 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की यात्रा के लिए राज्य सरकार प्रतिवर्ष 40 करोड रुपए परिवहन विभाग को दे रही है। साथ ही 4342 दिव्यांगजनों को शादी प्रोत्साहन की राशि उपलब्ध करवाई गई है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के अंदर दिव्यांगजनों की चिकित्सा अनुदान राशि को अब 10000 रुपए कर दिया गया है। हमारी सरकार कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी के तहत 6 लाख रुपए तक की धनराशि उपलब्ध करवा रही है। 2023-24 के बजट में इसके लिए 60 करोड़ 48 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक दिव्यांगजन के लिए पूरे प्रदेश में पहले मेरठ, बरेली और गोरखपुर को मिलाकर कुल तीन राजकीय आश्रय गृह थे। वर्तमान में हमारी सरकार ने 6 नवीन केंद्रों की स्थापना की कार्रवाई को आगे बढ़ाया है। सीएम योगी ने कहा कि दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा में अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए डॉक्टर शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के संचालन के साथ ही साथ प्रभु श्री राम की पावन तपो भूमि चित्रकूट में भी जगतगुरु दिव्यांग विश्वविद्यालय को राज्य विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी जा चुकी है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां दिव्यांगजनों के लिए दो विश्वविद्यालय संचालित हैं।

राज्य स्तरीय पुरस्कार का किया वितरण

कार्यक्रम में सीएम योगी ने सामाजिक संस्थाओं एवं विशेष विद्यालयों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने दिव्यांगजन सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं, नियोक्ताओं, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया। इसके अलावा सीएम योगी ने कार्यक्रम में दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण भी वितरित किए। साथ ही उन्होंने विशेष विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण के राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चंद्र शर्मा, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आर केपी सिंह, अध्यापक, छात्र-छात्राएं और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

पूर्वी यूपी में शिक्षा व्यवस्था का प्रकाश स्तम्भ है महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद

शैक्षिक पुनर्जागरण के लिए ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने 1932 में की थी परिषद की स्थापना

प्राथमिक शिक्षा से लेकर निजी विश्वविद्यालय तक हुआ परिषद का विस्तार

गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना भी परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका

गोरखपुर, 3 दिसंबर। गोरखपुर जनपद पूर्वी उत्तर, पश्चिमी बिहार तथा नेपाल की तराई तक करीब पांच करोड़ की आबादी के लिए शिक्षा का एक बड़ा केंद्र है। एजुकेशन हब या नॉलेज सिटी के रूप में विकसित हो रहे गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद बीते नौ दशक से प्रकाश स्तम्भ की भूमिका में है। गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों ने इस स्तम्भ से प्रकाश पुंज का फैलाव निरंतर विस्तारित किया है। महाराणा प्रताप परिषद का प्राथमिक शिक्षा से लेकर निजी विश्वविद्यालय तक हो चुका विस्तार इसकी शैक्षिक सेवा यात्रा का साक्षी है।

गोरखपुर समेत समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के लिए गोरक्षपीठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ ने 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की नींव रखी थी। उनके बाद ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ और तदनुक्रम में वर्तमान पीठाधीश्वर और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में परिषद के जरिये शैक्षिक सेवाओं को लगातार ऊंचाई मिलती रही है। इस परिषद का 91वां स्थापना वर्ष है और गोरक्षपीठ का यह शैक्षिक प्रकल्प स्थापना के प्रथम वर्ष से ही ज्ञान की मशाल को अहर्निश प्रज्ज्वलित किए हुए है। महायोगी गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय खुद महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का विस्तृत पड़ाव है तो पूर्वी उत्तर प्रदेश के इस अंचल में स्थापित पहला विश्वविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना भी परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ द्वारा 1932 में बक्शीपुर में किराए के मकान में स्कूल खोलने के साथ महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की यात्रा प्रारंभ हुई। 1935 में जूनियर हाईस्कूल की मान्यता मिली और 1936 से हाईस्कूल तक की भी पढ़ाई शुरू हो गई। इस बीच महंत दिग्विजयनाथ के प्रयास से सिविल लाइंस में जमीन मिल गई और यह हाईस्कूल यहां शिफ्ट हो गया। महाराणा प्रताप के नाम शुरू हुआ शैक्षिक जागरण का प्रकल्प इंटर कॉलेज होते हुए 1949-50 तक डिग्री कॉलेज तक पहुंचा। भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के अनुरूप शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध इस संस्था के संस्थापक ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ को गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना का भी श्रेय जाता है जिन्होंने 1958 में अपने द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज को विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु समर्पित कर दिया। उनके बाद उनके शिष्य तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ ने इस शिक्षा परिषद के जरिये ज्ञान के प्रसार का क्रम आगे बढ़ाया। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का प्रबंधकीय दायित्व संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ ने इसके ज्ञानदायी कार्यक्षेत्र को कई आयामों से विस्तार दिया है। वर्तमान में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा, अंग्रेजी, संस्कृत, तकनीकी शिक्षा (पॉलीटेक्निक), पैरामेडिकल (नर्सिंग) के दर्जनों संस्थान संचालित हैं। परिषद द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों का कार्यक्षेत्र गोरखपुर के अलावा महराजगंज, देवीपाटन और वाराणसी तक है।

संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ सोमवार को

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 91वें संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ सोमवार, 4 दिसंबर को सुबह शोभायात्रा के साथ होगा। उद्घाटन अवसर पर महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री एवं पूर्व थल सेना अध्यक्ष जनरल (डॉ) वीके सिंह होंगे।

अधिकार से अधिक कर्तव्य महत्वपूर्ण है, कर्तव्य का निर्वहन करेंगे तो अधिकार सुरक्षित हो जाएगाः मुख्यमंत्री

सीएम योगी ने 242 सहायक बोरिंग टेक्नीशियन को दिया नियुक्ति पत्र

बोले- 2017 के पहले यूपी में नौकरी नहीं थी और बाहर छंटनी होती थी

लखनऊ, 3 दिसंबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने वालों के लिए अवसर है, लेकिन हमें जिम्मेदारियां भी समझनी होगी। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि अधिकार की बात हर कोई करता है, लेकिन कर्तव्य के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। अधिकार से अधिक कर्तव्य महत्वपूर्ण है, कर्तव्य का निर्वहन करेंगे तो अधिकार सुरक्षित हो जाएगा। जब समाज अधिकारों की बात करता है और कर्तव्यों की बात नहीं करता तो वह स्वयं को धोखा देता है। कर्तव्य किया तो बिना सिफारिश, बिना भेदभाव आपका चयन हुआ। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत राज्य में साढ़े छह वर्ष में छह लाख लोगों को नौकरी मिली। सीएम ने कहा कि हमारा परिश्रम ही सबसे बड़ा सर्टिफिकेट है। परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए आपको यूपी के सर्वांगीण विकास में योगदान देना चाहिए।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा चयनित 242 सहायक बोरिंग टेक्नीशियन को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण करते हुए कहीं। सीएम ने नवचयनितों को पीएम मोदी के पंच प्रण की भी याद दिलाई।

2017 के पहले यूपी में नौकरी नहीं थी और बाहर छंटनी होती थी

सीएम ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था, केंद्र-प्रदेश सरकार की योजनाओं व स्वतः रोजगार के जरिए करोड़ों लोगों को रोजगार से जोड़ने में सफलता पाई। हमारी मंशा है कि युवाओं के साथ भेदभाव न हो। जिन्हें विकास अच्छा नहीं लगता, वे हर मुद्दे का राजनीतिकरण करने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोग नहीं चाहते कि विकास की प्रक्रिया में यूपी को आगे बढ़ा सकें। 2017 के पहले जिस राज्य को अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में होना चाहिए, वह पिछड़ता गया। उस समय देश में यूपी छठवें स्थान पर था। यूपी के नौजवान यहां नौकरी नहीं पाते थे और बाहर जाने पर यूपी का होने के कारण छंटनी हो जाती थी, लेकिन आज युवा व नागरिक सम्मानजनक व्यवहार पाते हैं। अब तो पारदर्शी तरीके से नौकरी, रोजगार व स्वरोजगार भी है।

विरासत में हमें समृद्ध जल संपदा मिली, इसके संरक्षण का दायित्व हमारा

सीएम ने चयनित बोरिंग टेक्नीशियन से कहा कि सिर्फ ट्यूबवेल ऑन-ऑफ करना ही हमारी जिम्मेदारी नहीं है। यहां पर्याप्त जल संसाधन है। हमारे पास भूजल और सरफेस वाटर भी है तो सदानीरा नदियां भी हैं। इसने यूपी की धरा को उर्वरा भूमि के रूप में स्थापित करने में मदद की है। यूपी में 70 फीसदी सिंचाई भूजल से होती है। शेष 30 फीसदी सिंचाई के लिए नहरें आदि बिछाई हैं। 80 फीसदी आबादी को भूगर्भीय जल से पेयजल की आपूर्ति करते हैं। यूपी औद्योगिकीकरण के नए युग में प्रवेश कर रहा है। उद्योगों में 85 फीसदी भूगर्भीय जल की आपूर्ति होती है। प्रकृति व परमात्मा ने हमें अमूल्य निधि दी है। विरासत में हमें समृद्ध जल संपदा मिली, लेकिन इसके संरक्षण का दायित्व हमारा होना चाहिए। एक ओर पेयजल, सिंचाई व उद्योगों के लिए जलापूर्ति करनी है, लेकिन पानी के एक-एक बूंद का संरक्षण भी करना है।

हर राज्य के पास यूपी जैसा सौभाग्य नहीं

सीएम ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यूपी जैसे राज्य में वर्षा देर से आने पर भी हम खेतीबाड़ी कर लेते हैं। मॉनसून विलंब से आने पर भी धान की बिठौनी समय से प्रारंभ हो गई। अधिकांश क्षेत्रों में किसानों को संकट नहीं उठाना पड़ा। ट्यूबवेल, नहरों में पानी, बिजली आदि की सुविधा थी, लेकिन हर राज्य के पास ऐसा सौभाग्य नहीं है। आजादी के समय यूपी में छह करोड़ लोग रहते थे, लेकिन आज आबादी 25 करोड़ हो गई है। जल के संरक्षण की उचित व्यवस्था न होने से प्रदूषण की समस्या खड़ी हुई। उद्योगों की लंबी फेहरिस्त है। जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर, चेकडैम बनाने व अटल भूजल योजना के तहत अनेक कार्यक्रम भी हुए। सीएम ने आह्वान किया प्रदेश के अतिदोहित जनपदों व विकासखंडों को सामान्य के रूप में बदल सकें। क्रिटिकल को सेमीक्रिटिकल, डार्क को सामान्य जनपदों में लेकर आना है।

इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र, नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव, सचिव डॉ. बलकार सिंह आदि मौजूद रहे।

देवी अहिल्याबाई होल्कर मेधावी छात्र सम्मान समारोह सम्पन्न

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। अखिल भारतीय पाल महासभा शाखा द्वारा सहकारिता भवन बापू भवन के सामने हजरतगंज लखनऊ में देवी अहिल्याबाई होल्कर मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ,जिसमें समाज के प्रतिभावान छात्रों को मुख्य अतिथि नंद कुमार पाल पार्षद चित्रगुप्त नगर वार्ड, इन्द्र मोहन पाल महासचिव अखिल भारतीय पाल महासभा ,एवं अध्यक्ष आदरणीय विजय पाल अध्यक्ष महासभा के कर्मठ सदस्य प्रेमशंकर पाल एवं सुमित पाल द्वारा मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया है। सम्मानित होने वाले छात्रों में हाईस्कूल, स्नातक, परास्नातक, एवं टेक्निकल एवं विभिन्न प्रतियोगिता

परीक्षाओं में सफलता पाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में प्रियंका पाल,अथर्व पाल,अंकित पाल,शुभ पाल ,सविता पाल ,प्रतीक पाल ,गरिमा पाल,वैष्णवी पाल,सुधाकर पाल,समृद्धि पाल,आकांक्षा पाल अभिराज पाल,रजत कु मार पाल कशिश पाल,सहित बाइस मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर समाज के गणमान्य अतिथि,नंद कुमार पाल (पार्षद), राजकुमारी पाल, प्रेम शंकर पाल,विजय कुमार पाल,इन्द्र मोहन पाल,सुमित पाल राम आधार पाल वीरेंद्र कुमार पाल, भोला प्रसाद पाल प्रेमचंद पाल, एडवोकेट बाराबंकी सोबरन पाल पहलवान ,महेश पाल म सीलू पाल सोनिया पल वैष्णवी धनकर संगीता पाल सविता पाल हरेंद्र पाल, डॉक्टर के एम पाल बाराबंकी, रामानंद पाल बाराबंकी गरिमा पाल सुधाकर पाल ज्ञान पाल,शशी पाल सहित 150 पाल समाज के लोग उपस्थित रहे।

जिला अस्पताल परिसर में बने क्वार्टर खाली करने को लेकर 108 एंबुलेंस चालक परेशान

सीएमओ और कंपनी से कई बार लगा चुके हैं गुहार कोई सुनवाई नहीं।

दैनिक समाज जागरण फिरोजाबाद। केंद्र और प्रदेश सरकार ने मरीजों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत जेसी कई योजनाएं चलाई है जिनका रोगी और उनके तीमारदार लाभ उठा रहे हैं इन योजनाओं में एक 102 और 108 एंबुलेंस सेवा भी है इन एम्बुलेंसों के चालक वर्तमान में जिला अस्पताल परिसर में बने क्वार्टर में रह रहे हैं अब उनसे क्वार्टर खाली करने के लिए कह दिया गया है जिसके चलते वह परेशान है

जिला अस्पताल में बने पुराने क्वार्टरों को तोड़ने के लिए ठेका दे दिया गया है ठेकेदार द्वारा इन पुराने क्वार्टरों को तोड़ने का काम भी शुरू कर दिया गया है ठेकेदार ने इसी क्रम में

परिसर में बने क्वार्टर जिनमें एंबुलेंस के चालक निवास कर रहे हैं उनसे ठेकेदार द्वारा खाली करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है जिसको लेकर सभी एंबुलेंस चालक परेशान है वजह साफ है इन चालकों के रहने के लिए अस्पताल परिसर में कोई आवास नहीं है और ना ही एम्बुलेंसों को खड़ी करने के लिए स्थान है चालकों का कहना है कि वह ठेकेदार द्वारा क्वार्टर खाली करने की बात से मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अपनी कंपनी को अबगत भी कर चुके हैं लेकिन इन चालकों की समस्या के निराकरण के लिए कोई ठोस कदम अभी तक नहीं उठाया है चालकों का कहना है कि उन्होंने समीप बरती किसी सीएचसी एवं पीएचसी पर आवास उपलब्ध कराने की गुहार भी की है जिससे वह अपनी एम्बुलेंसों को खड़ी कर सकें और आवासों में रह सके कॉल आने पर तुरंत ही वह एंबुलेंस लेकर पहुंच सके लेकिन इस तरफ भी कोई ध्यान नहीं दिया गया है चालकों का कहना है कि वह क्षेत्र से दूर जाकर कहीं आवास लेते भी हैं तो उन्हें एंबुलेंस खड़ी करने के लिए जगह नहीं उपलब्ध होगी और कॉल आने पर गंतव्य पर सही टाइम पर नहीं पहुंच सकेंगे जिसका परिणाम यह होगा कि रोगी और उनके तिमारदारो से समय पर न पहुंचने के कारण झगड़ा होगा और मरीज को इलाज समय पर भी नहीं मिल पाएगा।

बूथ स्तर पर चला भाजपा का वोटर चेतना महाअभियान।

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद । चुनाव आयोग द्वारा

चलाए जा रहा जसराना में मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान के विशेष बूथ दिवस के मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा बूथ स्तर पर वोटर चेतना अभियान के तहत लोगों को जागरुक करते हुए नए वोट बनबाने का कार्य किया। वहीं बीएलओ से मिलकर सहीं तरीके से मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने का आग्रह किया।

जसराना के गांव घाघऊ खुर्द में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह के साथ मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह लोधी पहुंचे और कार्यकताओं के साथ मतदाता सूची को लेकर समीक्षा की। इस दौरान नए वोटरों से फार्म भरवाकर बीएलओ को सौंपे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता सूची का मिलान करें। और उसको सही कराने का कार्य करें। वहीं जसराना के गांव बनवारा, नगला मदना, टीकामई में ब्लाक प्रमुख संध्या लोधी पहुंची। भाजपा कार्यकताओं एवं बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा की। इस दौरान अरविंद राजपूत, दामोदर राजपूत, सत्यम गुप्ता, बूथ अध्यक्ष राजकुमार, अमलेश राजपूत, वेदराम यादव, राकेश यादव, अवधेश यादव आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

विद्याज्ञान प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा 2024 हुई सम्पन्न,बच्चों ने बेहतर भविष्य के लिये दी परीक्षा

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। लोक राष्ट्रीय इंटर कॉलेज पर विद्याज्ञान प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा 2024 का आयोजन जसराना किया गया। एचसीएल कंपनी के संस्थापक शिव नाडर विद्याज्ञान स्कूल के संस्थापक हैं। यहां सीबीएसई पाठ्यक्रम से शिक्षा दी जा रही है। प्रदेश में विद्याज्ञान की दो शाखाएं बुलंदशहर और सीतापुर जिले में हैं।शिव नादर फाउंडेशन द्वारा 2009 में स्थापित हुआ। विद्याज्ञान की प्रेरणा इस विश्वास से उत्पन्न होती है कि उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का समाज की शैक्षणिक और सामाजिक-आर्थिक संरचना पर उस हद तक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा जहां यह वास्तव में जीवन का उत्थान और परिवर्तन कर सकती है। परीक्षा केंद्र पर शिव नादर फाउंडेशन से सुश्री प्रिया कुमारी ने अपनी देखरेख में सुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न कराई। केंद्र व्यवस्थापक के रूप में प्रधानाचार्य श्री सत्यपाल सिंह व श्री वीरेंद्र सिंह प्रवक्ता ने परीक्षा सम्बन्धी व्यवस्थाओं को पूर्ण कराया। कक्ष निरीक्षक के रूप में श्री पुष्पेंद्र सिंह, दयाशंकर, सजंय सिंह, विनीत कुमार, अमर सिंह,दीपक यादव आदि ने सुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न कराई। उक्त परीक्षा केंद्र पर विकास खण्ड जसराना व एका के बच्चों ने सम्मिलित रूप से परीक्षा दी। प्रातः कालीन पाली में परीक्षा में कुल आवेदन करने वाली 292 बालिकाओं में से 179 बालिकाएं परीक्षा में सम्मिलित हुई तथा शाम की पाली में कुल आवेदन करने वाले 352 बालकों में से 236 बालकों ने परीक्षा दी। जिसमे से जसराना विकास खण्ड के 81 में से 66 बालिकाओं व 94 में से 80 बालकों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा देकर आने वाले बच्चों के चेहरे पर मुस्कान यह प्रदर्शित कर रही थी कि बच्चों ने बड़ी लगन के साथ अपने उज्जवल भविष्य को देखते हुए विद्याज्ञान परीक्षा में प्रतिभाग किया है। विकासखंड जसराना से श्री अजय पाल सिंह एआरपी एवं श्री मुकेश राजपूत संकुल शिक्षक द्वारा परीक्षा संपन्न कराने में सहयोग प्रदान किया गया।

लखनऊ से दिल्ली जा रही गोमती एक्सप्रेस में यात्री की बिगड़ी तबियत

सूचना पर स्टेशन पर ट्रेन को रोक कर यात्री को अस्पताल में भर्ती कराया

दैनिक समाज जागरण

शिकोहाबाद। लखनऊ से दिल्ली जा रही गोमती एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक यात्री की अचानक हालत बिगड़ गई। सूचना मिलते ही रेलवे स्टेशन पर सरकारी एंबुलेंस और चिकित्सक को बुला लिया गया। ट्रेन के रुकते ही पीड़ित यात्री को एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। लखनऊ से दिल्ली के लिए रवाना हुई गोमती एक्सप्रेस में इटावा से एक यात्री अभय पुत्र दिनेश चंद्र निवासी चंद्रवार गेट फिरोजाबाद चढ़ा था। इटावा से ट्रेन के छूटते ही अचानक युवक की हालत खराब होने लगी। जानकारी होते ही रेलवे स्टेशन पर युवक को उपचार दिलाने के लिए स्टाफ तैयार हो गया। जैसे ही ट्रेन रेलवे स्टेशन पर आकर रुकी पहले से ही मौजूद स्टाफ ने युवक को उतारा और प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे सरकारी अस्पताल में एंबुलेंस से भेजा गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी युवक के परिजनों को देदी गई है। युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और युवक को रेफर कराकर फिरोजाबाद ले गये।

कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के पम्पलेट का किया विमोचन।

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद डॉ उज्वल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन एवं जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ निशा अस्थाना की सहमति एवं निर्देशन में जनपद के सभी बोर्डों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं विद्यालय के प्रबंधक डॉ देश दीपक गुप्ता के संयोजन में दिनाँक 7 दिसम्बर 2023 को प्रातः 10 बजे से आइडियल पब्लिक स्कूल, करहल रोड सिरसागंज में किया जा रहा है। जिसके पम्प्लेट का विमोचन उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कैबिनेट मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने कैम्प कार्यालय पर किया। जयवीर सिंह ने जनपद में विज्ञान के कार्यों

को अग्रसर करने हेतु जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यों की सराहना करते हुए जनपद के समस्त बाल वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रमशः कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के 100 मॉडल प्रस्तुत किए जायेंगे। जनपद स्तर पर गठित तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 15 मॉडलों का चयन करते हुए मण्डल स्तर हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्हीं 15 चयनित मॉडलों में से मूल्यांकनोंपरांत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार हेतु क्रमशः रु 5000, रु 3000 व रु 2000 एवं 02 विद्यार्थियों को सान्त्वना पुरस्कार हेतु रु 1000, (प्रत्येक को) दिए जाने के साथ प्रशस्ति पत्र, सम्मान, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं निर्धारित नकद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा एवं अन्य प्रतिभागियों को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यो से अपील की है कि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के नाम उनके व्हाट्सएप नम्बर 9058885668 पर अतिशीघ्र उपलब्ध करा दीजिये।

झूठी एफआईआर दर्ज करने का कराया बोध

मिशन जागृति के तहत, महिला रिपोर्टिंग चौकी टूंडला प्रभारी उप निरीक्षक अलवीना पठान ने सभ्य समाज के लोगों को दिखाया आईना, काउंसलिंग के बाद कराया उनकी गलती का अहसास, आंखों से हटाया लालच का पर्दा, झूठी एफआईआर दर्ज कराने से होने वाले अपराध को रोका।

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद । जनपद की तहसील टूंडला की रहने वाली 70 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला ने शनिवार को महिला रिपोर्टिंग चौकी टूंडला प्रभारी उप निरीक्षक अलवीना पठान से मदद की गुहार लगाते हुए तहरीर किया कि, मेरे बेटे साजिद खान ने अपनी पत्नी, सास, साले व अन्य ससुरालीजनों के साथ मिलकर उसे, घर से बाहर निकाल दिया है। जिसकी वजह से वह, दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर है।

बुजुर्ग महिला की तहरीर को गंभीरता से लेते व त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अलवीना पठान ने हमराह महिला आरक्षी सावित्री थाना हाजा को साथ लिया और मौके पर पहुंचकर जानकारी की तो, मामले को संदिग्ध पाया। इसलिए दोनों पक्षों को महिला रिपोर्टिंग चौकी टूंडला पर बुलाकर काउंसलिंग की तो, चौंका देने वाली हकीकत सामने आई। मामला प्रॉपर्टी से संबंधित निकला।

महिला रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अलवीना पठान ने जानकारी देते हुए बताया कि, मामला एक मकान के बंटवारे का है। जिसमें, दो भाइयों के बीच मतभेद था। एक भाई मकान बेचना चाहता था। लेकिन, दूसरा नहीं। इन्हीं में से एक पक्ष ने महिलाओं को मिले हुए अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए अपनी मां यानी की 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को आगे करते हुए झूठा प्रार्थना पत्र तैयार कर थाने भेज दिया। जिसमें, बुजुर्ग महिला के उत्पीड़न और घर से निकाल देने की बात कही गई थी।

मामला जानकारी में आने के बाद दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई और अपनी बात कहने का पूर्ण अवसर प्रदान करते हुए गंभीरता से सुना गया। सबको सुनने समझने के बाद दोनों पक्षों को उनकी गलती का एहसास कराया कि, थोड़े से लालच की वजह से वे अपनी मां को मोहरा बनाकर थाने पर गलत सूचना और झूठी एफआईआर दर्ज कराकर एक संगीन अपराध करने जा रहे थे। जिसमें, शिकायतकर्ता को 70 साल की उम्र में थाने और कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ते।

दोनों पक्षों को अपनी-अपनी गलती का एहसास होने के बाद आपसी सहमति से थाने पर समझौता करा दिया गया। दोनों पक्षों ने पुलिस का धन्यवाद करते हुए कहा कि, हम अपने लालच को पूरा करने के लिए एक बहुत बड़ी गलती करने जा रहे थे। उसके बाद दोनों पक्ष मन-मुटाव को दूर करते हुए आपस में गले मिले और राजी खुशी अपने-अपने घर को लौट गए।

आए दिन होने वाले ऐसे, झूठे मुकद्दमों को रोकने व लोगों को जागरूक करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा विगत माह से संपूर्ण आगरा मण्डल में "ऑपरेशन मिशन जागृति" चलाया जा रहा है।

क्या है ऑपरेशन मिशन जागृति ?

हिंसा से पीड़ित महिलाओं व किशोरियों को काउंसलिंग व रेफरल सुविधा, युवा बालिकाओं को साइबर हिंसा के बारे में जागरुक व सचेत करने, पाक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के प्रति जागरुक व सचेत करने, किशोरियों के साथ स्वस्थ रिलेशनशिप व जीवनशैली पर जागरुक करने, महिलाओं व बालिकाओं को अपने अधिकारों व सुरक्षा के बारे में समझ व जागरुकता पैदा करने, गलत सूचनाओं पर अंकुश लगाने, समुदाय को झूठे मुकदमों से होने वाली क्षति के बारे में जागरुक करने एवं ऐसे मामलों में कमी लाने और विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये कानूनों का दुरुपयोग के प्रति लोगों को सचेत करने के साथ साथ कांउसलिंग व रिपोर्टिंग सिस्टम को भी मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा द्वारा जोन स्तर पर "ऑपरेशन जागृति अभियान" का नवंबर माह में शुभारंभ किया गया था।

राजकीय महिला महाविद्यालय में एकदिवसीय शिविर का हुआ आयोजन।

दैनिक समाज जागरण

सिरसागंज। स्थानीय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में

राष्ट्रीय सेवा योजना और रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनल भार्गव और रेंजर्स प्रभारी डॉ एकता श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं ने 'स्वच्छता ही सेवा'ध्येय वाक्य को आत्मसात करते हुए महाविद्यालय परिसर में फैली गंदगी को साफ किया और एकत्रित कूड़े का भी उचित निपटान किया। डॉ अभिषेक प्रकाश ने छात्राओं को स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए बताया कि व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ ही साथ हमें अपने आस-पास के वातावरण को भी साफ-सुथरा रखना चाहिए ताकि बीमारियों से बचा जा सके।हमारी भारतीय संस्कृति की भी यह मान्यता है कि जहां स्वच्छता होती है ,वहां लक्ष्मी का निवास होता है, इसलिए हम सभी को स्वच्छता को अपने जीवन का मूल मंत्र मानकर सदैव स्वयं तो स्वच्छ रहना ही चाहिए और अन्य लोगों को इस हेतु प्रेरित करना चाहिए। शिविर का समापन राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत'उठे साथ के लिए उठे' के समवेत गायन से हुआ।

विभागीय संरक्षण में नकली दूध का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे होटल व्यवसाई

नकली दूध के कारोबार के सहारे मौज काट रहे हैं भ्रष्ट होटल व्यवसाय

सुविधा शुल्क की दम पर भ्रष्ट होटल व्यवसाईयों के खिलाफ जिम्मेदार नहीं करते हैं कोई कार्रवाई, सूत्र

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

सिद्धार्थनगर। खाद्य सुरक्षा विभाग की भ्रष्ट नीति के चलते जिले में होटल संचालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। ऐसा लगता है कि होटल संचालकों पर खाद्य सुरक्षा विभाग में बैठे जिम्मेदार कितना मेहरबान हैं। क्योंकि जिले में अधिकांशतः होटल संचालक बेफिक्र होकर धड़ल्ले से नकली पाउडर दूध का इस्तेमाल करते हैं। और यह दूध पूर्णतया विभिन्न प्रकार के खतरनाक केमिकलों के मिश्रण से बना हुआ होता है। जो की सेहत के लिए बहुत ही हानिकारक होती है। लेकिन खाद सुरक्षा विभाग में बैठे तंत्र इन होटल संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के बजाय कार्यालय में बैठकर सिर्फ चैन की बंसी बजाना ही मुनासिब समझते हैं। सूत्रों के अनुसार त्योहारों के समय में सिर्फ वह वाही लूटने के चक्कर में खाद सुरक्षा विभाग के जिम्मेदार गिने-चुने होटल व्यवसाईयों के खिलाफ जांच वा कार्रवाई कर खाना पूर्ति कर देते हैं। जबकि यह होटल व्यवसाय प्रतिदिन खतरनाक केमिकल युक्त दूध से चाय व अन्य प्रकार की मिठाई बनाकर ग्राहकों के सेहत से खिलवाड़ करते हैं। सूत्रों के अनुसार केमिकल्स युक्त नकली दूध का कारोबार जिले में कुटीर उद्योग का विकराल रूप ले चुका है। जिले में नकली दूध के कारोबार की दम पर अधिकांशतः होटल व्यवसाई बहुत कम समय में ही करोड़ों के मालिक बन बैठें हैं। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो खाद्य सुरक्षा विभाग के जिम्मेदारों और भ्रष्ट होटल व्यवसाईयों के बीच सुविधा शुल्क की अहम किरदारी है शायद इसी वजह से इन फॉरेस्ट होटल व्यवसाईयों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की जिम्मेदार इतनी मेहरबानी जता रहें हैं। स्वास्थ्य विभाग के जानकारों की माने तो नकली सिंथेटिक व कैमिकल्स युक्त दूध की सेवन से शरीर में कई प्रकार की भयानक बीमारियां उत्पन्न हो सकती है इस बात को कत्तई नकारा नहीं जा सकता। लेकिन सबसे अफसोस की बात यह है कि खाद्य सुरक्षा विभाग में बैठे जिम्मेदार अपना जेब गर्म करने के चक्कर में ग्राहकों के सेहत का जरा सा भी परवाह नहीं करते हैं। और भ्रष्ट होटल व्यवसाईयों को सुविधा शुल्क की दम पर खुला संरक्षण देते हैं।

गांजा के साथ दो गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण/अभय प्रताप सिंह

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अ0प0अ0 के मार्गदर्शन व प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय के नेतृत्व में उ0नि0 नीरज कुमार कुशवाहा ने मय हमराह पुलिस बल के साथ दिनांक 02/12/2023 को मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अभियुक्त गणों मे 1. रोहित सिंह पुत्र स्व0 विनय सिंह उम्र 24 वर्ष, 2. श्यामू सिंह पुत्र बजरंगी सिंह उम्र 34 वर्ष निवासीगण ग्राम कोरसम थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर को जनता बाईपास चौराहा बाहर कस्बा बिदंकी फतेहपुर से समय 05 किलो 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 411/2023 धारा 8/20 ठख्र्द्र अूɘ कार्यवाही बाद न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया।

छेड़छाड़ एवं पास्को एक्ट में एक वांछित हुआ गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण/अभय प्रताप सिंह

पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में वांछित एवं वारण्टियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जहानाबाद थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी की अगुवाई में वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ धारा 354क, 323, 504 भादवि व 7/8 पास्को एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार जानकारी अनुसार तीन दिवस पूर्व थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी ब्यक्ति ने पुत्री के साथ छेड़छाड़ एवं मारपीट का आरोप लगाते हुए 04 लोगों के विरुद्ध प्रार्थना- पत्र देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। विवेचना दौरान वरिष्ठ उप निरीक्षक ने अभियुक्त जयसिंह उर्फ भोला उम्र 19 वर्ष निवासी गोकुलपुर थाना जहानाबाद फतेहपुर को रविवार की प्रातः गिरफ्तार करते हुए स्थानीय थाना पहुंच सुसंगत धाराओं में कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया।

थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी ने बताया छेड़छाड़ एवं पास्को एक्ट में एक वांछित गिरफ्तार हुआ है, कार्यवाही बाद गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया है, तथा अन्य आरोपियों पर जांच चल रही है, दोषी पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

सन्दिग्ध अवस्था मे अधेड़ का कुँए में मिला शव, परिजनों ने हत्या की पुलिस को दी तहरीर

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के मदूरी घेरा गाँव के समीप सन्दिग्ध अवस्था मे अधेड़ का शव कूँए में मिलने की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे लेकर घटना की जांचपड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मदूरी घेरा गाँव निवासी झंडू निसाद का 50 वर्षीय पुत्र बच्ची लाल निसाद का सन्दिग्ध अवस्था मे कुँए में शव मिलने की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के पुत्र महेश कुमार ने बताया कि उसके पिता कल तीन बजे दिन में खेत गए थे। उसके बाद वापस घर नही लौटे खोजबीन किया गया तो उनका शव कुँए में मिला उनकी हत्या कर शव को कुँए में डाला गया है। मृतक के भाई भईया लाल ने बताया कि 40 वर्ष पूर्व गाँव निवासी स्व. राम अनुज शुक्ला से उनका बना हुआ मकान खरीदा गया था। अब उसी मकान पर स्व. राम अनुज शुक्ला के पुत्र कमलेश शुक्ला और अवधेश शुक्ला दोबारा कब्जा करना चाहते है। कामयाब न होने पर हमारे भाई की हत्या कर उसके शव को कुँए में डाल कर फरार हो गए है। पुलिस को तहरीर दिया है पुलिस तहकीकात कर रही है।

डबल इंजन की सरकार ने महिलाओं का बढ़ाया सम्मान : ज्योति प्रवीण

हाइटेक कंप्यूटर एजुकेशन ने हसवा कस्बा में शुरू किया कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जिले के हसवा कस्बा में हाई-टेक कंप्यूटर एजुकेशन सोसायटी की ओर से हसवा ब्लॉक में उत्तर प्रदेश कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह के द्वारा किया गया, जिसमे लघु उद्योग भारती के महासचिव अमित गुप्ता, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह एवं उद्धटव फतेहपुर जीतेन्द्र , टक्र नीलम सिंह, हाई-टेक कंप्यूटर एजुकेशन सोसायटी संस्था के ऑपिरशन मैनेजर रज्जन शर्मा, बाल परामर्श केंद्र/ महिला थाना प्रभारी कांति सिंह, स्वर्णा जनहित सेवा संस्थान के अध्यक्ष रमाशंकर त्रिपाठी, भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति प्रवीण, सुनिधि तिवारी, फतेहपुर जिले की वरिष्ठ समाजसेवी संगीता द्विवेदी अन्य सम्मानित अतिथियों का सम्मान केंद्र प्रबंधक अलवीना के द्वारा किया गया। महिला कौशल एवं सशक्तिकरण के लिए लघु उद्योग भारती टीम ने केंद्र प्रबंधक अलवीना की सराहना करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास मिशन कार्यक्रम शुरू किया है जिसकी वजह से अब केवल शहरी क्षेत्र के बच्चे ही नहीं बल्कि ग्रामीण अंचलों से आने वाले युवा भी प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं और सिर्फ देश के अंदर ही नहीं बल्कि दुनिया के कोने-कोने में अपने आप को स्थापित कर भारत का मान बढ़ा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति प्रवीण ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जिस तरह से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं और प्रधानमंत्री के सपनों को जमीनी स्तर पर साकार करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मिशन शक्ति जैसे अनेक अभियान चलाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उनकी सुरक्षा को लेकर बेटा काम कर रहे हैं जिसका असर अब जमीन पर देखने को मिल रहा है और महिलाएं एवं बालिकाएं अब बिना भय के वातावरण में घर की चाहरदीवारी से निकलकर रोजगार के लिए कदम बढ़ाने लगी है जिसकी बदौलत अब केवल शहरी क्षेत्र की महिला एवं बालिका ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी स्वावलंबी बन रही है और देश का मान बढ़ाने में आई एम भूमिका निभा रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में अनेक सफल महिलाओं के बारे में जानने को मिलता है इतना ही नहीं विभिन्न न्यूज चैनलों एवं अखबारों में ग्रामीण अंचलों से आने वाली महिलाओं की सफलता की कहानी देखने एवं पढ़ने को मिलती है। केंद्र की संचालक अलविना ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र में हसवा ब्लॉक की सभी महिलाओं को कंप्यूटर सहित विभिन्न ट्रेडों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा प्रशिक्षण के उपरांत सभी उम्मीदवारों को जॉब मुहैया कराये जाने के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

डंपर ने टैम्पो को मारी टक्कर एक की मौत तीन घायल,

मृतक के परिजनों ने सड़क पर शव रख किया प्रदर्शन, आशियाना कोतवाली क्षेत्र के शहीद पथ अंडर पास की घटना,

अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो आशियाना कोतवाली क्षेत्र में रविवार तड़के शहीद पथ अंडर पास के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने टैंपो में जोरदार टक्कर मार दी । टक्कर इतनी जोरदार थी कि टैंपो चालक के साथ अगली सीट पर बैठे पेशे से चालक की मौत हो गई जबकि अन्य सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई । सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने मृतक के शव को सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया । सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस के उच्च अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाबुझा कर मामले को शांत कराया । वहीं अन्य घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया जहां उनका इलाज चल रहा है ।

बिजनौर के गढ़ी मोहल्ले में रहने वाले मृत चालक के बड़े भाई सुभाष बहेलिया ने बताया कि रविवार उनका 36 वर्षीय छोटा भाई सुमेर बहेलिया पुत्र स्व० रामस्वरूप रविवार सुबह करीब 5:30 बजे घर से निकला और टैंपो संख्या यूपी क्यूएन 5703 पर सवार होकर अपनी टैक्सी निकालने बंगला बजार जा रहा था । इसी बीच शहीद पथ अंडरपास के पास तेज गति से आ रहे अनियंत्रित डम्पर ने टैंपो में जोरदार टक्कर मार दी । जिससे चालक के बगल में बैठे छोटे भाई सुमेर बहेलिया की मौके पर ही मौत हो गई और पीछे बैठी हुई तीन सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई । हादसे के बाद टेम्पो चालक अपनी गाडी छोड़ कर मौके से फरार हो गया वहीं डम्पर चालक गाड़ी समेत फरार हो गया । हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों संग औरगांबाद अंडरपास पर मृतक का शव रख प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिसके चलते यातायात घंटो बाधित रहा । हादसे के बाद प्रदर्शन की सुचना पाकर मौके पर पहुंचे एसीपी कैंट पंकज कुमार ने मृतक के बड़े भाई सुभाष बहेलिया की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही का आश्वासन देकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को शांत कराया ।

टीसी गाँव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन संपन्न हुआ

संकल्प यात्रा गोष्ठी में सभी लोगों संकल्प दिलाया. केंद्रीय मंत्री

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर.. हसवा ब्लॉक क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत रहिमापुर मिचकी और टीसी ग्राम पंचायत में बैठक का आयोजन किया गया। सबसे पहले केंद्रीय मंत्री निरंजन ज्योति ने नेशनल हाईवे एकारी मोड़ टीसी मार्ग शहबुदीन तक सात किलोमीटर सड़क का उद्घाटन किया। तत्पश्चात टीसी कंपोजिट विधालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा की गोष्ठी आयोजित हुई । जिसमें सैकड़ों लोगों की भीड़ बैठक में मैहजूद हुए। केंद्रीय मंत्री , पूर्व भाजपा आशीष मिश्रा एवं हसवा ब्लॉक प्रमुख ग्राम प्रधान राहुल मिश्रा ने फूलों की माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री निरंजन ज्योति ने मां सरस्वती दीप प्रज्वलित किया। विधालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। और संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। केंद्रीय मंत्री ने छात्र और छात्राओं को फूलों की माला पहनाकर कहा कि मन लगा कर पढो ताकि देश में नाम रोशन हो सकें।बैठक को

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम संकल्प दिलाते हैं कि संपूर्ण भारत को विकसित देश बनाया जायेगा। सरकार की सभी योजनाओं का पुरा करने संकल्प लिया है। शहर शहर और गाव गाँव का विकास किया जायेगा। हसवा प्रमुख विकास पासवान ने कहा कि जब गाँव गाँव के किसान और मजदूर मजबूत होगा तो शहर का विकास भी बढैगा। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने सरकार की योजनाओं की लोगों जानकारी दिया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास और मुख्यमंत्री आवास के 10 लाभार्थियों को आवास की चाबी बांटने के बाद छः लोगों को किसान सम्मान प्रमाण पत्र, वितरण किया और केंद्रीय मंत्री ने प्रियंका देवी,संध्या देवी दोनों गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करते हुए जानवी देवी, सध्या देवी दोनों बच्चों को खीर खिलाया और दुलार भी किया। वही परिसर में लगी स्टालों में जल मिशन, अजीविका मिशन, मातृ बंदना योजना,, उज्वला गैस योजना, स्वास्थ्य विभाग आदि स्टालों में केंद्रीय मंत्री जानकारी लिया। इस मौके पर बीडीओ सतीश चन्द्र पाडेय, एडीओं पंचायत कौशलेन्द्र सिंह, एपीओ नितिन श्रीवास्तव, सचिव दीपक तिवारी, जितेन्द्र नाथ विश्व कर्मा, ब्रजेश श्रीवास्तव, राजू मौर्य, रामबाबू कुशवाहा, ग्राम प्रधान राहुल मिश्रा, नीरज यादव, उमेश दीक्षित, ओमप्रकाश लोधी, विमलेश वर्मा, अनीता कुमारी, धर्म पाल सोनी, मो. हसीब शब्बीर, राधे श्याम, संतोष कुमार, रामकिशोर, हेमचन्द्र चौधरी, शिक्षक स्टाप महेंद्र प्रताप सिंह, रजनीश, धीरेंद्र,अंन्नत , जयप्रकाश तिवारी, हरिकृष्ण दीक्षित, माया देवी,सहित अन्य जनप्रतिनिधि मैहजूद रहे।

देश को विकसित राष्ट्र /आत्मनिर्भर बनाने की शपथ नागरिकों को दिलाई

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी सी.इंदुमती के मार्गदर्शन व पर्वेक्षण में योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन जनपद के विकास खण्ड देवमई के ग्राम पंचायत टिकरा, करचलपुर, ऐराया विकास खंड के ग्राम उमरपुर गौती, रसूलपुर, ब्लॉक अमौली के ग्राम बबई, रायपुर, ब्लॉक हसवा के ग्राम पंचायत सनगांव, मालगांव, ब्लॉक असोथर के ग्राम बहादुरपुर, लिलरा, ब्लॉक विजयीपुर के रानीपुर बहेरा, ब्योटी, ब्लाक तेलियानी के ग्राम पंचायत सरांय खरगू, आजमाबाद भैसाही में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम का आयोजन कैम्प / प्रचार वाहन के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में नागरिको ने उत्साह के साथ सहभागिता किया और जागरूक होने के साथ योजनाओं से लाभान्वित भी हुए। आजादी के 100वीं वर्षगाठ 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी परिकल्पना को आगे बढ़ाने दिशा में "विकसित भारत संकल्प यात्रा" एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

विधायक खागा श्रीमती कृष्णा पासवान ब्लाक विजयीपुर के ग्राम पंचायत रानीपुर बहेरा, ब्योटी , ब्लॉक प्रमुख हसवा में विकास पासवान ब्लाक हसवा के ग्राम पंचायत सनगांव, मालगांव में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। देश को विकसित राष्ट्र /आत्मनिर्भर बनाने की शपथ नागरिकों को दिलाई, साथ ही केंद्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए नागरिकों को जागरूक किया और योजनाओं से आच्छादित किये गए लाभर्थियों को स्वीकृत प्रमाण पत्र भी वितरण किया।परिषदीय विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित राष्ट्र बनाने की वीडियो क्लिप नागरिकों द्वारा देखा व सुना गया और वैन के माध्यम से केंद्र/राज्य सरकार की योजनाओ का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया।

अन्य विकास खण्डों के ग्राम पंचायतों में खंड विकास अधिकारी की देखरेख में व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। कैम्प व वैन के माध्यम से केंद्र/राज्य सरकार की योजनाओ का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया और प्रधानमंत्री के स्टैंडी सेल्फी प्वाइंट पर नागरिकों द्वारा सेल्फी भी ली गई। संकल्प यात्रा के दौरान लोग अपने अनुभव मेरी कहानी मेरी जुबानीह्हह्ह साझा किया एवं धरती करे पुकार में कृषको ने अपने अपने अनुभव साझा किए और केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को मुख्य धारा से जोड़ने हेतु विकसित भारत यात्रा का आयोजन किया गया । योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। उन्होंने विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों को यथा-मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शौचालय, घरौनी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के स्वीकृत प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया।

इस दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि, शिक्षा विभाग, उद्यान विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, एन0आर0एल0एम0 विभाग, बैंक सम्बन्धी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से सम्बन्धित लगाये गये विभिन्न स्टालों को देखा और विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिको द्वारा बढ़ चढ़ कर भागेदारी की गई।

धनुष यज्ञ लीला का किया गया मंचन

लक्ष्मण परशुराम संवाद देखकर भक्त मंत्र मुग्ध हुए

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्त

फतेहपुर, शहर क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी माधव उपदेश रथद्वार कालिकन मंदिर के समीप लगातार तीसरे वर्ष धनुष यज्ञ की लीला का मंचन किया गया । और रामलीला कमेटी द्वारा जनपद और गैर जनपद से आए हुए कलाकारों द्वारा का धनुष यज्ञ की लीला का मंचन कराया गया।

शनिवार देर शाम भगवान की आरती के बाद लीला की शुरूआत किया गया । गैर जनपद से पधारे हुए बालकों की जोड़ी जैसे ही भगवान राम और लक्ष्मण के वेष में मंच पर आते हैं। पूरे माधव उपदेश रथ द्वार परिसर में राम के जयकारे लगने लगते हैं। फिर गुरु की आज्ञा के अनुसार संध्या वंदन करते हैं। उधर जनकपुरी में सीता स्वयंवर की सभी तैयारियां पूरी किया गया।और दूर-दूर के राजाओं महाराजाओं को सीता स्वयंवर का निमंत्रण भेजा जाता है । सीता स्वयंवर का निमंत्रण मिलने के बाद अपने गुरु के साथ भगवान राम और लक्ष्मण भी जनकपुरी पहुंचते हैं। उधर पेटू राजा को भी स्वयंवर का निमंत्रण मिलता है। पेटू राजा की खुशी का ठिकाना नहीं रहता है । और पेटू राजा के मंचन से सभी दर्शन हंसते हुए लोटपोट होते हैं ।

वही लंका नरेश रावण को स्वयंवर का निमंत्रण नहीं मिलता इसके बाद भी रावण स्वयंवर में जाते हैं। वही जनकपुरी में रावण और बाणासुर का संवाद होता है। जिसे सभी दर्शन ध्यानपूर्वक सुनते हैं और भक्तों को वीर रस की प्राप्ति होती है । वही एक-एक करके सभी राजा महाराजा जनकपुर में धनुष को उठाने की कोशिश करते हैं। लेकिन कोई भी उसे हिला तक नहीं पता है । यहां तक की सैकड़ों राजा महाराजा एक साथ मिलकर धनुष उठाने की कोशिश करते हैं।

लेकिन सभी असफल रहते हैं। तभी राजा जनक अधिक भावुक हो जाते हैं। और कहते हैं कि पृथ्वी पर कोई भी ऐसा वीर पुरुष नहीं बचा है। जो स्वयंवर की शर्त को पूरा कर सके राजा जनक की बात सुनकर लक्ष्मण को क्रोध आता है। और वह कहते हैं कि अगर गुरु और बड़े भाई की आज्ञा मिल जाए । तो धनुष क्या पूरे ब्रह्मांड को गेंद की तरह फेंक सकते हैं । तभी गुरु की आज्ञा पाकर भगवान राम और लक्ष्मण की जो बड़ी जोड़ी होती है। आगे आकर भगवान राम धनुष को उठाकर जैसे ही प्रत्यंचा चढ़ाते हैं धनुष दो भाग में टूट जाता है सीता भगवान राम को जयमाला पहनती है । और राम सीता के जयकारे लगाते हैं और दर्शक राम सीता की आरती उतारते हैं।उधर पर्वत में तपस्या कर रहे परशुराम की भूमिका में आचार्य पंडित गोपाल शुक्ल धनुष के टूटते ही व्याकुल हो जाते हैं। और वायु के वेग से जनकपुरी पहुंचते हैं। राजा जनक उनकी अगवानी करते हैं। लेकिन परशुराम क्रोध सातवें आसमान में रहते हैं वह धनुष को तोड़ने वाले का नाम पूछते हैं । लेकिन डर की वजह से कोई कुछ भी नहीं बताता है। परशुराम कहते हैं कि धनुष तोड़ने वाले को समाज से अलग कर दो नहीं तो सभी राजा एक साथ मारे जाएंगे । परशुराम की बात सुनकर लक्ष्मण की भूमिका में मोनू त्रिपाठी उनसे संवाद करने लगते हैं । और देखते ही देखते लक्ष्मण और परशुराम संवाद रविवार तक चलता है। जिसे दर्शक ध्यानपूर्वक सुनते हैं। वही भगवान राम आगे आकर परशुराम से लक्ष्मण की बातों के लिए क्षमा मांगते हैं । राम की बातों बातों में परशुराम पहचान जाते हैं । कि भगवान राम विष्णु का अवतार है । और वह स्वयं भगवान राम से क्षमा मांगते हैं और भगवान राम सीता और लक्ष्मण की जयकारे के साथ लीला समाप्त होती है। लीला के दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कल्लू यादव ,पदाधिकारी अवनीश सिंह भदोरिया, हरिशंकर उर्फ लाला ,मोनू सिंह चौहान ,विकास शुक्ला ,राकेश कश्यप ,बालकिशन, रवि किशन सहित सभी पदाधिकारी और सदस्य तथा सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद थे सभी राम लक्ष्मण और परशुराम से आशीर्वाद भी लेते

बॉलीवुड एक्टर ने फिल्म अंदाज से ताबड़तोड़ चलाई गोली एक परिवार के तीन लोग घायल एक युवक की मौत

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ/ बढ़ापुर क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर बॉलीवुड एक्टर ने फिल्मी अंदाज में एक परिवार पर चलाई गोली एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल तथा एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस विभाग में मचा हड़कंप। सभी घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया तीन घायलों की गंभीर अवस्था देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को पुलिस विभाग में उसे समय हड़कंप मच गया जब एक व्यक्ति ने एक ही परिवार पर जमीनी विवाद को लेकर गोली चलाने के बाद फिल्मी अंदाज सीएचसी पहुंच गया थाना बढ़ापुर के गांव कुआंखेड़ा निवासी जीत सिंह ने बताया भूपेंद्र सिंह पुत्र प्रीतम सिंह अपने खेत की मेड़ पर खंबे खड़े कर तारों की बढ़ कर रहा था इसी बात को लेकर उसके रिश्तेदार ग्राम कुआंखेड़ा निवासी गुरदीप सिंह पुत्र हुकम सिंह का विवाद हो गया इसी दौरान आवेश में आकर भूपेन्द्र सिंह

ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से गोली चला दी जिसमें अमरीक सिंह 24 वर्ष पुत्र गुरजीत सिंह,गुरजीत सिंह 60 वर्ष पुत्र हुकुम सिंह व वीरू बाई 55 वर्ष पत्नी गुरजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए तथा गोविन्द सिंह 21 वर्ष पुत्र गुरजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई वही हमलावर भूपेन्द्र सिंह फिल्म अंदाज में घायल अवस्था में सीएचसी पहुंच गया। सभी घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया जहां पर डॉ सर्वेश निराला का डॉक्टर अरुण कुमार व फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा की टीम ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया जिसमें से अमरीश सिंह और गुरजीत सिंह , बीरू बाई की हालत चिंताजनक बनी हुई है सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया तथा पुलिस क्षेत्र अधिकारी शुभ सूचित और रेहड़ अफजलगढ़, शेरकोट, आदि थानों की पुलिस बल सीएचसी व घटनास्थल की पर पहुंच कर जांच में जुट गया तथा मृतक के शव को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हमलावर भूपेंद्र सिंह पुत्र प्रीतम सिंह, बॉलीवुड फिल्मों में सहायक अभिनेता का काम करता है कुछ दिन पूर्व ही वह मुंबई से आया था। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है

वर्क जनता रसोई ने जनता को कराया फ्री भोज

शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण

रामपुर।वर्क चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित वर्क जनता रसोई हर रविवार को रामपुर रोडवेज पर

जनता को फ्री भोजन करा रही है और यह कार्यक्रम कई वर्षो से चल रहा है इसी क्रम में रविवार को भी जनता रसोई लगाई गई और हर बार की तरह जनता को फ्री भोज कराया गया ।अल्लामा सैयद अब्दुल्लाह तारीक द्वार संचालित वर्क संस्था के सदस्यों ने बताया कि हमारा शहर में और भी कई जगह जनता रसोई चलाने का कार्यक्रम बना रहा है ताकि गरीब लोगो को फ्री भोजन करा कर मानवता का कार्य किया जा सके।समस्त वर्क संस्था के वर्कर उपस्थिति रहे और बड़ चढ़ कर मानवता का कार्य किया ।

केंद्रीय रेल मंत्री प्रभारी लोकसभा नगीना आज 420 व साप्ताहिक शांतिपूर्वक दिया लगातार धरना

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण

बिजनौर /किरतपुर बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन से रन थ्रो होकर निकल रही सिद्धबली गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज की मांग को लेकर आज संयोजक सत्याग्रह संकल्प अभियान तलहा मकरानी एडवोकेट के नेतृत्व में 420 वा साप्ताहिक सांकेतिक लगातार धरना दिया गया। पवित्र धरना स्थल से संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी ने कहा माननीय केन्द्रीय रेल मंत्री प्रभारी लोकसभा चुनाव नगीना आज 420 सप्ताह से दिल्ली ट्रेन के स्टोपेज की मांग को लेकर सत्याग्रही धरने पर बैठे है हमारा यह संकल्प है आप हमारा और इम्तिहान ना ले यदि 500 सप्ताह भी धरना देना पडे हम पीछे नहीं हटने वाले। तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी ने आगे कहा आज के आधुनिक युग में हर किसी के हाथ में मोबाईल है जनहित की मांग दिल्ली ट्रेन के स्टोपेज बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन पर अवश्य होना चाहिए रेल मंत्रालय तक आप फेसबुक इंस्टाग्राम ट्विटर पर यह मैसेज रेल मंत्रालय को भेजें। और इस सत्याग्रह संकल्प अभियान में अपना कहीं ना कहीं योगदान देकर इसका हिस्सा बने। ताकि हमें जल्द से जल्द रेलवे स्टेशन पर सिद्धबली गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज मिल जाए और दिल्ली आने और जाने की रेलवे की सुविधा के द्वार खुल जाए जो पिछले 35 सालों से रेल मंत्रालय ने रेलवे स्टेशन बसी किरतपुर के बंद कर रखे हैं।

धरने के पश्चात केंद्रीय रेल मंत्री के नाम स्टेशन मास्टर अमित कुमार राठी को दिल्ली ट्रेन ठहराव हेतु ज्ञापन दिया गया आरपीएफ के इंचार्ज विनोद कुमार बिजनौर, और हेड कांस्टेबल दविंदर चौहान, इंटेलिजेंस, एल आई ओ धरने की निगरानी में रहे।

पवित्र धरना स्थल पर आज संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी पूर्व छात्र आंदोलनकारी नेता, इमरान सिद्दीकी, खुर्शीद अहमद भाई जी, नन्हा आंदोलनकारी सुल्तान यूसुफ,आदि रहे।

पुलिस अधीक्षक ने कंट्रोल रुम का किया आकस्मिक निरीक्षण

शावेज अहमद/ दैनिक समाज जागरण

रामपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा कंट्रोल रुम, रामपुर का

आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कट्रोल रुम पर बने विभिन्न रजिस्टरों एवं उनके रख रखाव,उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया। साथ ही कंट्रोल रुम परिसर में बने साईबर थाना,कार्यालय यू0पी0-112 आदि की साफ-सफाई को चैक किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

मोटर साइकिल की टक्कर से घायल बृद्ध की इलाज के दौरान मौत

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कस्बे में स्थित स्टेट बैंक के समीप मोटर साइकिल सवार ने पैदल जा रहे बृद्ध को टक्कर मार दिया था। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल जो गया था आज सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र कंसा खेड़ा गाँव निवासी स्व. जगत नरायन तिवारी का 65 वर्षीय पुत्र कैलाश नाथ तिवारी किसी काम से 12 नवंबर को कस्बे में पैदल जा रहा था। जब वह स्टेट बैंक के समीप पहुंचा तभी बुलट मोटर साइकिल सवार ने उसको टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। हालत गम्भीर होने के चलते कानपुर रेफर कर दिया गया था। वहां से वापस आने पर उसका इलाज बिंदकी में चल रहा था। आज सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के पुत्र अशोक कुमार तिवारी ने दिया।

अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से दो की मौके पर मौत, दो घायल

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। मलवा थाना क्षेत्र के नसीरपुर बेलवारा गाँव के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दो की मौके पर मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलो को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।जानकारी के अनुसार राधा नगर थाना क्षेत्र निवासी राजेश गुप्ता ठेकेदार

का सरकार की हर घर नल जल योजना के तहत पाइप डालने काम मलवा थाना क्षेत्र के रावत गाँव मे चल रहा है। जिसमे काम करने के लिए राधा नगर थाना क्षेत्र के नई बस्ती बिजली पॉवर हाउस के समीप निवासी ट्रैक्टर चालक शिव राज का 18 वर्षीय पुत्र आशीष, राम सिंह का 20 वर्षीय पुत्र संजय, राम सनेही का 20 वर्षीय पुत्र सूरज, शाकेश का 23 वर्षीय पुत्र रामू काम करने गए थे। वहां से ट्रैक्टर पर सवार होकर वापस अपने घर आ रहे थे। जब उनका ट्रैक्टर मलवा थाना क्षेत्र के नसीरपुर बेलवारा गाँव के समीप पहुंचा तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें रामू व सूरज की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर ड्राइवर आशीष व संजय घायल हो गए। घटना की सूचना स्थानीयों ने सरकारी 108 एम्बुलेन्स को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायलो को भर्ती कर उनका इलाज कर रहे है।

स्वीप की ब्रांड एम्बेसडर जया शर्मा द्वारा जन हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को किया गया जागरूक ।

फिरोजाबाद। ब्लॉक संसाधन केंद्र टूंडला पर स्वीप की ब्रांड एम्बेसडर जया शर्मा द्वारा जन हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत खण्ड शिक्षा अधिकारी टूंडला राजकुमार ने की साथ ही कहा लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए ये आभियान चलाया जा रहा है ।

स्वीप की ब्रांड एम्बेसडर जया शर्मा ने कहा एक स्वस्थ और विकसित लोकतंत्र के लिए मतदाताओं की जागरुकता अत्यन्त आवश्यक है मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग सोच समझ कर करना चाहिए।सरकार निर्माण में मतदाताओं की मुख्य भूमिका होती है।इस दौरान सरिता शर्मा, दिनेश शर्मा,रणवीर सिंह, सुभाष चंद्र, लवली, ऋचा, अनिल आदि मौजूद थे।

चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी की ओर से स्टूडेंट्स के लिए मोटीवेशन प्रौगाम का आयोजन किया गया ।

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण

बिजनौर नजीबाबाद/साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी की ओर से स्टूडेंट्स के लिए एक प्रौग्राम का आयोजन किया गया। इसमें बोर्ड क्लास 10वी 12वी

के छात्र छात्राओं को अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन किया गया। इस मौके पर मुदस्सिर नजर, धर्मेद सिंह,रामवली,शमशुल इस्लाम,अदनान मलिक , आदि शिक्षक उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर मोअज्जम खान एडवोकेट मौजूद रहे।

राजीव कुमार ने प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत किया रामपुर का नाम रोशन

शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण

रामपुर। उप्र के मैरी एंड जीसस कान्वेंट स्कूल बिजनौर में स्टेट कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में रामपुर के राजीव कुमार ने गोल्ड मेडल जीता और जैकूब हाई स्कूल अगवानपुर मुरादाबाद की राफिया, आलिया, श्रेया, स्नेहा, जोया, वंश,

अब्दुल अदनान ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने शहर का नाम रौशन किया। सिवारा कौच एमडी नासिर ने खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल पहनाया व सार्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। रामपुर व मुरादाबाद आगमन पर खिलाड़ियों का जोरदार फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। इस मौके पर टीम मैनेजर राजीव कुमार ने खिलाड़ियों को मार्गदर्शन किया। उन्होने कहा कि रूकना नहीं, थकना नहीं जब तक मंजिल मिलेगा नहीं हमें पीछे हटना नही। उन्होने कहा कि रामपुर के युवाओं में प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं बस उन्हे निखारने का जरूरत हैं। आज रामपुर के युवा हर क्षेत्र में पूरी व देश में अपना और अपने शहर रामपुर का नाम रौशन कर रहे हैं।

ऑल इंडिया दिव्यांग सेवा संगठन के कार्यालय पर विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन

शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण

रामपुर। 3 दिसंबर 2023 को ऑल इंडिया दिव्यांग सेवा संगठन के कार्यालय जेल रोड बाग छोटे साहब पर विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता नूर अहमद ने की जबकि संचालन राष्ट्रीय महासचिव सिफात अली खान ने किया। संगठन के संरक्षक

जावेद रहीम ने दिव्यांगों को जो लगभग 50- 60 के निकट थे कंबल एवं बर्तन वितरित किए। इस अवसर पर बोलते हुए वक्ताओं ने कहा की सरकार दिव्यांगों को 6 महीने से पेंशन नहीं दे रही है सरकार दिव्यांगों के लिए घोषणाएं करती है लेकिन उन पर अमल नहीं होता या फिर लाल फिता शाही की वह घोषणाएं शिकार हो जाती हैं इस बारे में सरकार को तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सिफात अली खान ,नेपाल सिंह यादव, फैजान अली ,जावेद खान, आशी एवं शोभाराम मिलक लाखपत सिंह एवं अमरीश स्वार मोहम्मद रफी लालपुर तथा अन्य दिवंगों ने भाग लिया।

बीजेपी के वेंकट रमण रेड्डी कौन हैं? जिन्होंने ङउफ और कांग्रेस के भावी मुख्यमंत्री को हरा दिया

नई दिल्ली. तेलंगाना के प्रतिष्ठित कामारेड्डी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के कटिपल्ली वेंकट रमण रेड्डी ने प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के चंद्रशेखर राव और राज्य कांग्रेस प्रमुख ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ जीत हासिल की है. चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनकी कुल घोषित संपत्ति 49.7 करोड़ रुपये है, जिसमें 2.2 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 47.5 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है. उनकी कुल घोषित आय 9.8 लाख रुपये है, जिसमें 4.9 लाख रुपये स्वयं की आय है.

तीन राज्यों में प्रचंड विजय पर भाजपाइयों ने मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया

शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण

रामपुर/मिलक ।रविवार को तीन प्रदेश में भाजपा की प्रचंड विजय पर होने पर जिला उपाध्यक्ष प्रेमशंकर पांडे के कैंप कार्यालय पर जिला उपाध्यक्ष प्रेमशंकर पांडे और नगर अध्यक्ष मनोज पांडेय के साथ भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी,। जिला उपाध्यक्ष प्रेमशंकर पांडे ने कहा कि मोदी के नेतृत्व भाजपा ने तीन राज्यों में ऐतिहासिक जीत प्राप्त की है । तीन राज्यों में ऐतिहासिक जीत प्राप्त करने के तीन राज्यों की सम्मानित जनता तथा कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करता हूं । जिन्हें भाजपा को ऐतिहासिक जीत प्राप्त करने में सहयोग प्रदान किया,। नगर अध्यक्ष मनोज पांडेय ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं की विश्वास की जीत है, इस कार्यक्रम में आए कार्यकर्ता का आभार व्यक्त किया ।

एसडीएम ने सख्त हिदायत दी, 18 वर्ष पूर्ण करने वाला मतदाता छूटे नहीं

हुसैनपुर में बीएलओ कन्हई लाल अनुपस्थित मिले

दैनिक समाज जागरण

बिसौली आई एम खान। एसडीएम कल्पना जायसवाल ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक बूथों का निरीक्षण कर कार्य की समीक्षा की। प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर में बीएलओ कन्हई लाल अनुपस्थित मिले। रविवार को एसडीएम ने क्षेत्र के गांव पिवारी, भवीपुर, नसरोल, करनपुर, ऐपुरा, जसरथपुर, हुसैनपुर व गोविन्दपुर रानैट में स्थित 14 बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि बूथों के ईपी व जेंडर रेशियों का निर्वाचन आयोग के अनुरुप पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि 18 वर्ष पूर्ण करने वाले मतदाता छूटने नहीं चाहिए। इस दौरान हुसैनपुर प्राथमिक विद्यालय स्थित बूथ के बीएलओ गैरहाजिर पाए गए। इस कारण उक्त बूथ की समीक्षा नहीं हो सकी।

डीईओ ने बूथों का किया निरीक्षण

दैनिक समाज जागरण

बदायूँ आई एम खान। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के कार्य का निरीक्षण किया गया। जनपद मतदाता पुनरीक्षण कार्य 09 दिसंबर तक चलेगा जिसमें अर्हता तिथि 01.01.2024 तक भावी युवा मतदाता ऑनलाइन एप के माध्यम से भी पंजीकरण कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में रविवार को सिंगलर मिशन गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज एवं हाफिज सिद्दीकी इस्लामिया इंटर कॉलेज के बूथों का निरीक्षण किया। सिग्नल मिशन गर्ल्स इंटर कॉलेज में सुपरवाइजर एवं राजकीय इंटर कॉलेज में दो बीएलओ अनुपस्थित होने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्मिक मौके पर उपस्थित होकर शेष बचे दिनों में शत प्रतिशत पुनरीक्षण का कार्य अच्छे ढंग से करना सुनिश्चित करें। डीईओ ने निर्देश दिए कि बीएलओ जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं ऐसे युवाओं से से फार्म नं0 6 अनिवार्य रूप से आनलाइन पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य में पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता व भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का कार्य किया जाए। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि बीएलओ मेहनत से कार्य करें। बीएलओ से फार्म-6, 7, 8 के सम्बंध में जो फार्म प्राप्त हुए हैं, उस पर पूरी पारदर्शिता से कार्य करें।



फूले नहीं पलाश का हुआ भव्य विमोचन

दैनिक समाज जागरण

बदायूं आई एम खान। डा. उर्मिलेश जन चेतना समिति के तत्वाधान में बदायूं में मनरेगा उपायुक्त के पद पर कार्यरत रामसागर यादव के गीत संगह ह्यह्य फूले नहीं पलाश ह्यह्य का विमोचन सोम ठाकुर, वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी बदायूं के कर कमलों से विकास भवन सभागार में आयोजित समारोह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विमोचन से पूर्व वरिष्ठ कवियत्री डा सोनरुपा विशाल ने मां सरस्वती की सम्मोहक वन्दना प्रस्तुत की। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि सोम ठाकुर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार द्वारा अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ गीत संग्रह ह्यह्य फूले नहीं पलाश ह्यह्य का विमोचन किया गया। विशिष्ट अतिथियों में डा0 जगदीश व्योम द्वारा गीत संग्रह पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस पुस्तक में लोक जीवन से जुड़े गीत हैं, लोक संवेदना से जुडे. गीत हैं। इनमें आम आदमी के कष्टों का चित्रण है, उनके प्रति संवेदना है। श्री कमलेश भटट ह्यकमलह्य द्वारा बताया गया कि इस पुस्तक की गीत की रचनायें मानवता के सुख दुख की व्याख्या करते हुए हमारी संवेदना को समृद्ध बनाने का कार्य करती हैं। डा0 अजय अटल ने कहा कि यह पुस्तक सर्वहारा वर्ग के दर्द की साहित्यिक गीतमय दास्तान है। डा0 सोनरूपा विशाल ने गीत संग्रह पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह गीत संग्रह पथ प्रदर्शक, एक आंतरिक उजाले को हमारे समक्ष रखता है। उनके गीतों में आशाओं, उम्मीदों का उजास है, जो जीवन को समृद्ध करते हैं। डा0 गंगा प्रसाद गुणशेखर ने कहा कि मैं ऐसे कार्यक्रमों को सारस्वत यज्ञ मानता हूं। इसके हवन से मानवता बिहंसती है। डा0 फारूख सरल द्वारा कहा गया कि निश्चित रूप से ऐसी रचनायें हिन्दी साहित्य में यशोवृद्धि करती हैं। गीतकार सोम ठाकुर ने सागर जी को बधाई देते अपने अनेक लोकप्रिय गीत पढे, जिन्हें सुनकर सभी भावविह्ल हो गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने रामसागर यादव द्वारा रचित रचना की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रशासनिक व्यस्तताओं के उपरान्त उनके द्वारा साहित्यिक कृति रची, जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि एवं गीतकार राजीव राज द्वारा भी पुस्तक के लिए रामसागर यादव को शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम का संचालन डा0 उर्मिलेश जन चेतना समिति, बदायूं एवं बदायूं क्लब बदायूं के सचिव डा0 अक्षत अशेष द्वारा किया गया। अंत में रामसागर यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, कि मेरे साहित्यिक जीवन के इस महत्वपूर्ण पढाव के लिए सहभागी बनने के लिए सभी का आभारी हूं। कार्यक्रम में डा. अनुपमा यादव, खण्ड विकास अधिकारियों, जिला विकास अधिकारी श्वेतांग पाण्डेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वाति भारती, जिला प्रोवेशन अधिकारी अभय कुमार, आकाश सक्सेना, संजय आर्य, अंजलि शर्मा, अभिषेक अनंत, महाराज सिंह, रिषी यादव आदि उपस्थित रहे।

विश्व दिव्यांग दिवस को धूमधाम से मनाया गया

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर। सर्व शिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय ने शिया इण्टर कालेज में विश्व दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। सर्वप्रथम राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव, बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल, खण्ड शिक्षा अधिकारी उदयभान कुशवाहा, एमडीएम अरुण मौर्या, समाजसेवी विनीत सेठ ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विनीत सेठ ने सभी बच्चों को ट्रैक सूट देकर उत्साहवर्धन किया। दिव्यांग बच्चों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिव्यांग बच्चियों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सभी विकास खण्डों से दिव्यांग बच्चे व हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा के बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें 50 मीटर की दौड़ में आशीष प्रथम, अंश द्वितीय, सचिन तृतीय, बम में दम में प्रथम रुद्र प्रताप सिंह, द्वितीय देव दर्शन एवं केला दौड़ में सूरज पटेल ने प्रथम, वाशिफ द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं मटका फोड़ में शिवांगी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अतिथियों द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि इन दिव्यांग बच्चों के लिये सरकार ने कोटा निर्धारित किया है जो बच्चे खेलकूद में अच्छा प्रदर्शन करते हैं सरकार उन्हें प्रोत्साहित करती है। मंत्री द्वारा 307 दिव्यांग बच्चों को होम बेस्ड एजुकेशन कीट वितरित किया गया। बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल ने कहा कि ये बच्चे भी सामान्य बच्चों से कम नहीं हैं। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिये प्रोत्साहन राशि भी दी गयी। इस मौके पर डॉ. पीडी तिवारी, विशेष शिक्षक सन्तोष मिश्रा, अशोक गुप्ता, अभिलाषा श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार माली, विवेक सिंह, मनोज गुप्ता, विजय सिंह, ज्योति सिंह, दुष्यंत सिंह, रंगनाथ दूबे, रामजीत मौर्या, शिवाकांत तिवारी, संजय मिश्रा, किरण पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

संगीतमय हनुमान चालीसा का अखंड पाठ सम्पन्न

प्रसाद वितरण एवं भण्डारे में जुटे लोग

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के चकफात्मा में शिव मंदिर पर शुक्रवार को संगीतमय श्री हनुमान चालीसा का अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया। शनिवार को चौबीस घंटे के पश्चात हवन पूजन का आयोजन किया गया। पूजन का कार्य विनोद पाण्डेय के द्वारा कराया गया ।यह आयोजन जैनिथ मशीनरी प्रा0लि0दिल्ली के प्रोपराइटर रंजन सिंह के द्वारा अपने पैतृक गांव के शिव मंदिर पर किया गया था। चौबीस घंटे के पश्चात हवन पूजन किया गया ।इस कार्यक्रम में प्रसाद वितरण एवं भण्डारे में गांव के लोगों के साथ साथ रामयश सिंह कुशवाहा, जिग्नेश कुशवाहा,राम जियन कुशवाहा, रविन्द्र कुशवाहा,रमेश कुशवाहा, पत्रकार यशवंत सिंह, नन्हे राय, विवेक राय,दुर्गेश पाण्डेय समेत ढेर सारे लोग शामिल रहे।

दुर्गा डाइग्नोस्टिक सेन्टर का हुआ उद्घाटन

क्षेत्र में सेन्टर खुलने से स्थानीय लोगों को होगी सुविधा : विवेक

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर। सिद्दीकपुर स्थित मेडिकल कालेज के सामने बजरंग कालोनी में दुर्गा डाइग्नोस्टिक सेन्टर का उद्घाटन रविवार को सपा नेता विवेक यादव ने फीता काटकर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में मेडिकल कालेज के सामने अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस दुर्गा डाइग्नोस्टिक सेन्टर खुल जाने से यहां लोगों को काफी सुविधा होगी। अब तक यहां के लोगों को कोई भी जांच कराने के लिये शहर के जाम से जुझना पड़ता था लेकिन यह सेन्टर खुल जाने से उन्हें काफी सुविधा होगी। वहीं आर्थो सर्जन डा. आलोक यादव ने कहा कि दुर्गा डाइग्नोस्टिक सेन्टर शहर के नईगंज स्थित दुर्गा सिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर की दूसरी शाखा है। यहां पर मरीज की होने वाली सभी जरूरी जांचों की सुविधा है। ब्लड जांचों की सुविधा है। सभी प्रकार के एक्स रे की व्यवस्था है। आने वाले समय में हम और सुविधायें बढ़ायेंगे। हमारा यह प्रयास रहेगा कि मरीजों को जल्द से जल्द जांचें मिले जिससे उनका इलाज अच्छे ढंग से हो सके। इसी क्रम में रेडियो डायग्नोसिस डा. स्वाति यादव ने कहा कि हमारे यहां महिलाओं के लिये जांच की विशेष व्यवस्था है। हमारे यहां पर ज्यादातर महिला स्टाफ हैं जिससे महिलाओं को किसी भी प्रकार की जांच कराने में कोई असुविधा नहीं होगी। इस मौके पर आरपी सिंह, राहुल प्रजापति, मिथिलेश यादव, विकास यादव, बृजेश यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

महाराणा प्रताप पार्क का राज्य मंत्री ने किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे उद्घाटन

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर। राजपूत सेवा समिति द्वारा कलीचाबाद तिराहे पर स्थापित किये गये महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का मुख्यमंत्री द्वारा अनावरण के संभावित कार्यक्रम के तहत रविवार को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव ने मूर्ति निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिजली विभाग व नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अतिशीघ्र निर्माण स्थल का काम पूरा करें। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम कभी भी आ सकता है। राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने निर्माण स्थल के चारों तरफ अपने विधायक निधि से इण्टरलाकिंग कर सुन्दरीकरण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उपस्थित राजपूत सेवा समिति के सदस्य व भाजपा प्रवक्ता ओम प्रकाश सिंह से मूर्ति की भव्यता और पार्क के सुंदरीकरण पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि पार्क सुंदरीकारण में मै हर संभव मदद करने की कोशिश करूंगा। उन्होंने निर्माण कार्य के एक-एक गतिविधि का गहनता से निरीक्षण किया। मौके पर नगर पालिका के जेई दीपक से भी जानकारी ली। बातचीत के दौरान कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की यह भव्य मूर्ति पूर्वांचल की शान व जनपद की पहचान होगी। समिति के सदस्यों के ऐतिहासिक कार्य की सराहना किया। नगर पालिका जौनपुर के अध्यक्ष मनोरमा मौर्य के प्रतिनिधि डॉ. रामसूरत मौर्य ने आश्वासन दिया कि पार्क के सुन्दरीकरण में कही से भी कोई कमी नहीं रहेगा। पार्क में चेतक घोड़े पर सवार महाराणा प्रताप की भव्य गन मेटल की मूर्ति 13 फीट ऊंची होगी जो करीब 6 फीट ऊंचे चबूतरे पर स्थापित हो गयी है और उसके चारों तरफ निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस मौके पर पूर्व विधायक जफराबाद डॉ. हरेन्द्र सिंह, राजपूत सेवा समिति के सदस्य दिनेश सिंह बब्बू, रत्नाकर सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, अजीत सिंह, शशि सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सिद्धार्थ सिंह, सर्वेश सिंह, विवेक मौर्य, राघवेंद्र सिंह, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

पीड़ित परिवार को 50 हजार की आर्थिक मदद दी गई

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

खेतासराय, जौनपुर। दो भाइयों की हत्या के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने व मदद करने के क्रम में प्रजापति समाज दक्ष सेना के नेतृत्व में रविवार को कंचन प्रजापति अपने सहयोगियों के साथ पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये का चेक देकर आर्थिक मदद करते हुए आगे भी मदद करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला महासचिव आम आदमी पार्टी विनोद कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष दक्ष फाउण्डेशन जानकी प्रजापति, अक्षत राज प्रजापति, रुद्राक्ष प्रजापति, रोहित प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य टांडा जनार्दन प्रजापति, प्रदेश महासचिव दक्षसेना, अमित विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष छात्र संघ जौनपुर, राज प्रजापति, राष्ट्रीय प्रभारी जिला अध्यक्ष अंबेडकर नगर, बाल गोविंद प्रजापति आदि तमाम लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के विधायक रामअचल राजभर ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बधाया और घटना की निंदा करते हुये पुलिसिया लापरवाही का आरोप लगाया। हालांकि पुलिस ने घटना के कुछ घण्टों के बाद मुड़भेड़ में दोषियों को गिरफ्तार कर लिया। दो बेटे की निर्मम हत्या से परिवार के जीविकोपार्जन की बड़ी समस्या है। इसके लिए हम मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सरकारी मदद और एक सरकारी नौकरी की मांग करेंगे। इसी क्रम में पूर्व जिलाधिकारी जौनपुर दिनेश कुमार सिंह ने पीड़ित परिजनों से मिलकर सान्त्वना दिया।

दो दिवसीय खेलकूद समारोह का आयोजन

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के रेवतीपुर गाँव के नेहरू विद्यापीठ इंटर कालेज के ग्रीन पार्क स्टेडियम में एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के द्वारा आयोजित

दो दिवसीय सम्भाग स्तरीय (पूर्वी उत्तर प्रदेश) खेल-कूद समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि एकल विद्यालय के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी माधवेन्द्र सिंह एवं डाक्टर सानंद सिंह प्रबंध निदेशक सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर ने दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ ही खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया। इस समारोह के पहले दिन मेजबान गाजीपुर एवं मेहमान जौनपुर व सोनभद्र के खिलाड़ियों ने खेल के विभिन्न वर्गों में अपना दबदबा कायम रखा। इस दौरान बालिकाओं के दौ सौ मीटर दौड में गाजीपुर की आरती यादव प्रथम, रेनूकोट की निरमा द्वितीय एवं चुनार की पार्वती तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह बालिका वर्ग के ऊंची कूद में सैदपुर की खुशबू प्रथम, सोनभद्र की सविता द्वितीय एवं जौनपुर की अमृता पासवान तीसरे स्थान पर रही। जबकि बालक वर्ग के ऊंची कूद में भदोही के करन प्रथम,सोनभद्र के रवि किशन द्वितीय एवं मछलीशहर के विजय तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग के कबड्डी में सैदपुर ने चुनार को 18-15, सारनाथ ने मऊ को 29-15, जौनपुर ने बलियां को 20-15 जबकि आजमगढ़ ने बाबतपुर को 18-4 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। इस अवसर पर विहिप के विभाग उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक ओंमकार नाथ राय, पूर्व प्रमुख मुकेश राय, पूर्व विधायक सुनिता सिंह, दिग्विजय उपाध्याय, डा0 अमर कुमार, अर्चना राय, संभाग अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, विनोद खरवार, अमित राय, विपिन बिहारी राय, संतोष, बंटी राय आदि मौजूद रहे।

नदी से मिला युवती का शव

घर से सुबह टहलने के लिए निकली थी लड़की, आत्महत्या की आशंका

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के गुप्तार घाट स्थित सरयू नदी में एक युवती की लाश मिली है। लाश मिलने की सूचना पर लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकला। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में अभी परिजनों की तरफ से पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिला है। खुशबू सोनी (20) पुत्री जय प्रकाश सोनी अयोध्या कैंट क्षेत्र के बल्ला हाता की रहने वाली थी। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट के अनुसार मृतका मानसिक रूप से परेशान थी। मृतका की छोटी बहन ने बताया कि वह रात भर सोई नहीं थी। सुबह 4 बजे कह रही थी कि हम डूब के मर जाएंगे। जिसके बाद खुशबू घर से सुबह 7 बजे घर से निकली थी। एसएसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवती के मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रथम द्दष्टा यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। फिलहाल पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चलेगा।

बनारस का जेटी बहकर चंदौली पहुंचा गंगा प्रहरी ने लगाया घाट किनारे

समाज जागरण /चन्दौली गंगा ग्राम कुंडा खुर्द कुंडा कला ब्लॉक नियामताबाद चंदौली में बनारस से गंगा में बहते हुए जेटी का एक हिस्सा बहते हुए जा रहा था गंगा प्रहरी दर्शन निषाद अपने टीम के सदस्य गंगा प्रहरी जितेंद्र निषाद, प्रदीप निषाद, राहुल निषाद, गंगा प्रहरी अनिल निषाद, विकास निषाद,रामदर्शन अपने बोट से पकड़ कर किनारे बांधे हुए हैं ' गंगा प्रहरी टीम के सदस्यों को बधाई ऐसा साहसिक कार्य करने के लिए इस बाबत गंगा प्रहरी दर्शन निषाद ने बताया कि जनपद चंदौली में समस्त 47 गंगा ग्रामों में गंगा किनारे गंगा प्रहरी अपने समय अनुसार वालंटियर के रूप में डॉल्फिन संरक्षण, गंगा स्वच्छता के लिए लोगों को जागरुक करते हैं, आज सुबह स्वच्छता अभियान जागरूकता कर रहे थे तभी गंगा में कुछ दिखाई दिया तो हमलोग तुरंत इसको पकड़कर किनारे लगाया गंगा में कोई घटना दुर्घटना कुछ भी ऐसा होता है तो लोगों की मदद करते हैं मैं कई बार थाना बलुआ में भी लोगों की जान बचाने के लिए गंगा प्रहरी एवं सम्मानित नविको को सम्मानित कर चुका हूं। यह सराहनीय कार्य है एनडीआरएफ जिला प्रशासन की टीम इस जेटी को उक्त स्थान से ले जाए ।

भक्तों को 2010 में बद्रीनाथ के नारायण पर्वत पर मिला था अंतिम दर्शन।

"अमरकंटक में भार्गव ऋषि के सोलह महीने की अखंड साधना के बाद हर वर्ष भक्त करते हैं पूजन, हवन और भंडारा"

विश्व कल्याणार्थ भक्त प्रतिवर्ष करते हैं रुद्राभिषेक, हवन व पूजन ।।

राजेश तिवारी अयोध्या/अमरकंटक। मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली / पवित्र नगरी अमरकंटक में उत्तर प्रदेश के फैजाबाद अयोध्या जिले के श्री आस्तीक आश्रम के निकट के निवासी श्रीकांत त्रिपाठी (भार्गव ऋषि) जिनका बचपना यहीं पर गुजरा और उन्होंने बीएससी तक पढ़ाई अयोध्या में करने के बाद वे बीटेक की पढ़ाई जम्मू से पूरी की। वे हार्डवेयर के इंजीनियर रहते हुए उन्होंने जम्मू के एक प्राइवेट विद्यालय में शिक्षक के पद पर रहकर नौकरी की। कुछ समय बाद वहीं से उनको वैराग्य का प्रभाव पड़ने लगा। समय बीतता गया फिर उन्होंने नौकरी छोड़ कर वहीं एक मित्र के पास रहने लगे। कुछ समय रहने के बाद वे विंध्याचल (मिजार्पुर) चले आए और अष्टभुजी माता मंदिर के निकट मोतिया तालाब (मोती तालाब) के पास हनुमान जी के मंदिर में रह कर साधना करने लगे। दो साल साधना के बाद वे अमरकंटक चले आए। कुछ दिन बीतने के बाद उन्होंने मैकल पर्वत पर जमुनादादार जंगल में बरगद वृक्ष के नीचे छोटी सी कुटिया (घास फूस) की बना कर तपस्या में लीन हो गए। भार्गव जी निराहार रहकर गाय के दूध का सेवन मात्र कर बरगद वृक्ष के नीचे बैठकर अखंड दीप प्रज्वलित कर, रोजाना रुद्राभिषेक, हवन, पूजन और कठोर तपस्या करने लगे। अमरकंटक में उनका आगमन 2007 में हुआ और सोलह माह तक तपस्या में लीन रहे। उनके मुख्य पुजारी अमेठी गौरीगंज के आचार्य दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी ने चर्चा के दौरान सारी जानकारी दी। यह भी बताया की भार्गव ऋषि अमरकंटक में तपस्या पूर्ण करने के बाद वे सांगीपुर (प्रतापगढ़) चले गए। उसके बाद वे 2009 में उत्तरकाशी (उत्तराखंड) की ओर प्रस्थान कर गए। भार्गव ऋषि के शिष्य वरिष्ठ पत्रकार बलराम तिवारी बताते हैं कि उत्तरकाशी से 17 किलोमीटर ऊपर निर्जन पहाड़ पर कवां गांव में एक शिव मंदिर पर एक वर्ष तक घोर तपस्या की। यहां समय बीतने के बाद उत्तरकाशी से पांडुकेश्वर चले गए। वहां भी कठोर साधना का लगभग एक वर्ष पूरा करने के बाद भगवान बद्रीनाथ मंदिर के साढ़े तीन किलोमीटर ऊपर नारायण पर्वत पर एक गुफा में रहकर तपस्या में लीन हो गए। जबकी वहां की सरकार अलकनंदा नदी के पास बना देवहरा बाबा आश्रम में रहने की अनुमति दी थी।

भार्गव ऋषि के भक्तगण बद्रीनाथ का पट खुलने पर अपने गुरु के दर्शन हेतु जाते रहते थे, बर्फबारी ज्यादा होने पर किसी को ऊपर जाने की अनुमति नहीं रहती थी। जब उधर जाने का रास्ता मई 2010 माह में खुला तब उनके कुछ भक्त उमाशंकर सिंह परिहार सांगीपुर(प्रतापपुर), करुणेश्वर झा, अभय सिंह, भानु प्रताप सिंह व अन्य साथीगण गए, तब गुफा में ताला बंद मिला। द्वार पर चाबी रखी थी और थोड़ा आगे एक बैग में 12 हजार रुपए, कुछ कागज रखा मिला, लेकिन गुरु जी नहीं मिले। पहाड़ पर सेना की टुकड़ी और अन्य तपस्वियों से जानकारी की गई, लेकिन उनका कुछ पता नही लगा और अंत में भक्तगण निराश हो कर वापस लौट आए। तब से आज तक गुरुदेव भगवान के वापस आने का सभी को इंतजार है।

उन्हीं के निर्देश पर विश्व कल्याण के निहितार्थ प्रत्येक पूर्णिमा को रुद्राभिषेक हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन तीर्थ स्थलों और शिष्यों के निवास स्थान पर होता है। वर्ष 2007 से लगातार आज तक कार्तिक मास की पूर्णिमा को सभी भक्तजन अमरकंटक के मैकल पर्वत पर गुरुदेव की तपस्थली स्थान पर प्रतिवर्ष आकर बरगद वृक्ष नीचे बने चबूतरे व चारों तरफ साफ सफाई और लीप पोत कर स्वच्छ कर आचार्य द्वारा विधि विधान से रुद्राभिषेक, पूजन अर्चन बाद हवन कर, नगर भंडारा का आयोजन करवाया जाता है। जिसमें कन्या, संत महात्मा, ब्राम्हण, नगर वासी, अगंतुकजन सभी इसमें शामिल होकर भार्गव ऋषि के भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं और भक्तजन दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इसमें मुख्य रूप से संतोष सिंह परिहार उनका परिवारजन श्रीमति रीमा सिंह पुत्री अंजली सिंह पुत्र सचिन सिंह प्रतापगढ़ , भानु प्रताप सिंह, डा. घायल , अशोक दुबे यूको बैंक शाखा प्रबंधक अयोध्या , बलराम तिवारी वरिष्ठ पत्रकार एवं राष्ट्रीय महासचिव भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंगठन अयोध्या, राकेश यादव अयोध्या, अतुल यादव, ओम प्रकाश तिवारी प्रतापगढ़, सुरेंद्र सिंह, अनूपचंद ओझा, मदन ओझा, रामविमल पांडेय अमरकंटक, श्रीमति सत्यभामा पांडेय, श्रीमति उषा पांडेय, कमलेश पांडेय, उमा पांडेय, रमा पांडेय, अभिषेक पांडेय आदि भारी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को प्रतिवर्ष सफल बनाते हैं।

अधिवक्ता दिवस पर राम कृष्ण सेवा फाउन्डेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

दैनिक समाज जागरण

राजेश तिवारी अयोध्या। एचडीएफसी बैंक अयोध्या इकाई व राम कृष्ण सेवा फाउन्डेशन द्वारा अधिवक्ता दिवस के परिपेक्ष्य में आदर्श रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया जिसमें भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने ब्लड डोनेट कर महादानी बनें।रक्तदान का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय ने रिबन काट कर किया। रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करते हुऐ उन्होंने कहा कि रक्तदाता धरा के प्रत्यक्ष भगवान है जो अपने रक्त से दूसरों को जीवनदान देते है।

संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने कहा कि अयोध्या जिले में किसी की मौत खून के अभाव में न हो संस्था का मुख्य उद्देश्य है और संस्था द्वारा करीब साढ़े छः हजार मरीजों को ब्लड मुहैया कराया जा चुका है। सभी रक्तदाताओं को एचडीएफसी बैंक के क्लस्टर हेड विनय राणा ने प्रमाणपत्र, अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी राजेश चौबे व संचालन अखण्ड प्रताप यादव ने किया। इस मौके पर शैल कुमारी द्वारा रक्तदान पर बनाई गई रंगोली खूब सराही गई। इस मौके पर उद्यमी प्रतीक भज्जा, अधिवक्ता आलोक सिंह, अधिवक्ता अखण्ड प्रताप यादव, मो जीशान रजा,अधिवक्ता प्रदीप गुप्ता, शशि रावत, मिन्हाज सुग्रा, सुरेंद्र उपाध्याय, अमरेश मिश्र,इनरव्हील क्लब की पूर्व अध्यक्ष रत्ना जायसवाल व अन्य गणमान्य उपस्थिति रहे।

रक्तदान करने वालों में नितिन कुमार, मो मुन्नवर, जितेंद्र यादव, मनोज आहूजा, कुवर वीरेंद्र सिंह, मुकेश वर्मा, श्री राम साहू, जितेंद्र सिंह, यदुनाथ चतुर्वेदी, तेजभान मिश्र, दीपक कुमार, सैय्यद मेहदी, अली हैदर, रतन लाल गुज्जर, संतोष सिंह, सोमिल जायसवाल, सार्थक सोनी व लोग शामिल रहें।

बाल मेले में बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी के साथ व्यंजनों का उठाया लुत्फ, ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी इतिहास रचने की रखते हैं क्षमता: डॉ बी के सिंह

अयोध्या। ग्रामीण क्षेत्र में भी पढ़ने वाले बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। थोड़ी संजीदगी के साथ उचित मार्गदर्शन मिला तो वे इतिहास रचने की क्षमता रखते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि मानव की वैज्ञानिक सोच ही विकास के नए रास्ते खोलती है बच्चों में वैज्ञानिक भावना बहुत जरूरी है। उक्त बातें आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के डॉ बी के सिंह ने राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज पिठला में आयोजित बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम में भ्रमण के दौरान कहीं।

बाल मेले का उद्घाटन प्रधानाचार्य डॉ रमेश कुमार मिश्रा ने किया। उद्घाटन के बाद प्रधानाचार्य ने मेला भ्रमण कर रहे लोगों से कहा कि बच्चों द्वारा आपसी समन्वय से जो वैज्ञानिक आविष्कार किए गए हैं। वह उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित करता है। आज के समय में विज्ञान को बढ़ावा देना देश के लिए सबसे बड़ी जरूरत है। बाल मेले में विज्ञान प्रदर्शनी, हस्त कला, चित्र कला के एक से बढ़कर एक नमूने बनाए गए थे। मेला भ्रमण करने वाले सभी लोगों ने छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए प्राकृतिक आपदाओं का मॉडल, कृषि पद्धति, काव्या का जल चक्र, का स्वच्छ भारत, प्रकाश संश्लेषण, प्राकृतिक सुरक्षा, बीज अंकुरण, पोषक तत्व, सोलर एनर्जी, पदार्थ की अवस्थाएं, पाचनतंत्र एवं बनाई गई खाद्य सामग्री की खूब सराहना की। इस अवसर पर क्षेत्र के विजय पाल सिंह, विजय सिंह, ,देवदत्त सिंह एवं विद्यालय शिक्षक सुनील श्रीवास्तव, मंगल प्रसाद प्रजापति, अंकित वर्मा, विकास मिश्र, राहुल शुक्ल, राकेश कुमार, शिव शंकर यादव, गोपाल जी,शुभेंद्र सिंह व अर्चना सिंह सहित सभी छात्र छात्राओं ने बाल मेले और विज्ञान प्रदर्शनी का खूब आनंद उठाया।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का हुआ विस्तार

दैनिक समाज जागरण

पीलीभीत। जिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की एक बैठक संजीव प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष (भाजपा) एवं ओम प्रकाश,विभाग संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,की अध्यक्षता मे बुलाई गई।जिसमे संघ के कार्यो और विस्तार पर चर्चा करते हुए नवीन चेहरो को संघ मे शामिल किया गया।जिसमे राजीव पाण्डेय को जिला कार्यकारी अध्यक्ष, के साथ साथ विकास खण्ड मरौरी,ललौरीखेड़ा,पूरनपुर और अमरिया का नोडल अध्यक्ष एवं नितेन्द्र पटेल को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया इसके साथ ही महिला शक्ति मे,मती संगीत वर्मा,अमरिया,रजनी जौहरी मरोरी और रूपम प्रिया बीसलपुर को जिला उपाध्यक्ष एवं गुलनाज,अनीता पाल अमरिया,एंव श्वेता प्रिया बीसलपुर को ब्लॉक इकाई मे उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है।बैठक की संरक्षकता भद्रपाल एवं संचालन मुकेश अवस्थी जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया।बैठक मे जितेंद्र कुमार, विभूमिश्रा,मुईन खा,राजीव पाण्डेय, खुबकरन, हफीज अहमद,मो0 तारिक खान,मेवाराम,तारिक खान सहित सैकड़ों लोगो ने प्रतिभाग किया।

पर्यावरण प्रेमी ने पौधरोपण कर मनाया अपना जन्मदिन

पौधारोपण कर बताया उसका महत्तव, किया जागरूक

दैनिक समाज जागरण

पीलीभीत। ट्रांस शारदा क्षेत्र के अंतर्गत एस एस बी कैम्प में स्थित केंद्रीय विद्यालय के छात्र दानियाल खान ने अपना जन्मदिन स्कूल के परिसर मे पौधे लगाकर इसके साथ उन्होंने पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। संपूर्णानगर क्षेत्र समाजसेवी डॉ आई ए खान के पर्यावरण प्रेमी बच्चे मिस्बाह और दानियाल प्रत्येक वर्ष अपने जन्मदिन दिवस तथा पर्यावरण दिवस आदि खास मौकों पर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाते हैं। इसके साथ ही लोगों को उपहार स्वरूप भेंट करते हैं प्रत्येक वर्ष अपने गुल्लक के पैसे लोगों की सेवा में लगाते हैं पिछले साल बच्चों ने अपने गुल्लक के पैसे से सभी धार्मिक स्थलों और सरकारी संस्थानों में पौधे लगाएं एवं बांटे थे बच्चे मतदाताओं को जागरूक करने का भी काम करते हैं। कोरोना काल के दौरान समाजसेवी बच्चों ने क्षेत्र में कोरोंटीन लोगों को थाना संपूर्णानगर के माध्यम से कई कुंतल संतरे बांटे थे।केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य ने दानियाल के कार्य की प्रशंसा की और पेड़ पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला इस मौके पर महेंद्र कुमार,प्राचार्य राजेंद्र कुमार खेल शिक्षक,विवेक श्रीवास्तव संस्कृत शिक्षक) दीप्ति बंसल (टी. जी.टी)शुभम सिंह (गणित शिक्षक)उषा जोशी (प्राथमिक शिक्षिका)दीक्षा मौर्य (संगीत शिक्षिका)आकांक्षा शुक्ला (अंग्रेजी शिक्षिका) इकरा खान (प्राथमिक शिक्षिका)विनय पांडे (प्राथमिक शिक्षक) अंकिता गौरव (कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर)रंजना पाल (विशेष शिक्षक)आदि लोग मौजूद रहे।

सूचना पर मृत्यु उपरांत कराये जा रहे निर्माण कार्य

ब्लॉक प्रमुख के निधन से पूर्व निकल गई निविदा

बीडीओ ने दोबारा नहीं कराया निविदा सूचना प्रकाशन

पूरनपुर। क्षेत्र पंचायत के तहत ग्रामों में विकास कार्यो के नाम पर सरकारी धन को ठिकाने लगाकर बंदरबाट किए जाने की संभावना जताते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य ने मुख्यमंत्री सहित तमाम अधिकारियों को शिकायती पत्र भेज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है शिकायत में कहा गया है कि ब्लॉक प्रमुख के जीवित रहते खंड विकास अधिकारी द्वारा समाचार पत्र में प्रकाशित कराई गई निविदा सूचना के आधार पर ब्लॉक प्रमुख की मृत्यु उपरांत विकास कार्य करवाकर धांधली की जा रही है। शिकायत में मामले की जांच कर विकास कार्यों एवं उनके भुगतान पर रोक लगाये जाने की मांग की गई है।

ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात के वार्ड नंबर 15 निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य शोएब अहमद खान उर्फ फूलबाबू ने मुख्यमंत्री सहित तमाम अधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि कि बरेली से प्रकाशित समाचार पत्र में सात सितंबर 2023 को खण्ड विकास अधिकारी ने क्षेत्र पंचायत पूरनपुर के अंतर्गत 15 वां अनटाईड,टाइड, पंचम मरम्मत,पंचम राज्य वित्त योजना अंतर्गत 77 विकास कार्य कराये जाने हेतु निविदा सूचना प्रकाशित कराई गई थी।जिसमें 25 सितंबर 2023 की अपराह्न 02 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की गई थी। जोकि उसी दिन शाम चार बजे खोली जानी थी शिकायत में कहा गया कि निविदाएं प्राप्त होने अथवा खुलने से पूर्व 20 सितंबर 2023 को क्षेत्र पंचायत प्रमुख कमलेश्वरी दीक्षित का लंबी बीमारी के चलते देहांत हो गया था।क्षेत्र पंचायत प्रमुख के देहांत के उपरांत उनके समय में उनके आदेशानुसार बीडीओ द्वारा समस्त उक्त विकास कार्य के लिए निकाली जाने वाली निविदा सूचना नियमानुसार निरस्त अथवा स्थगित की जानी चाहिए थी।तत्पश्चात जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए प्रशासक के आदेश अनुसार पुनःनिविदा सूचना के प्रकाशन उपरांत ने निविदाएं प्राप्त होने पर समस्त विकास कार्यों को कराया जाना चाहिए था।परंतु खंड विकास अधिकारी ने किसी भी समाचार पत्र में निविदा सूचना का प्रकाशन कराए बिना कर नियमों को ताक पर रखते हुए क्षेत्र पंचायत प्रमुख की मृत्यु का लाभ उठाते हुए आर्थिक हित साधने की नीयत से उनकी मृत्यु से पूर्व प्रकाशित कराई गई। निविदा सूचना के आधार पर ही सरकारी धन का बंदरबाट करने के प्रायोजित योजना बना ली शिकायत में कहा गया है इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि विकास खंड पूरनपुर के जिम्मेदारों ने जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए प्रशासक को गुमराह करते हुए क्षेत्र पंचायत पूरनपुर को विभिन्न मदों से प्राप्त करोड़ों रुपए के धन को ठिकाने लगाने का ताना-बाना बुन लिया है। इसके दृष्टिगत तत्काल रूप से धांधली कर विकास खंड पूरनपुर क्षेत्र में क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए जा रहे तमाम निर्माण कार्यों पर रोक लगाने के साथ किए जा चुके विकास कार्यों के भुगतान पर रोक लगाई जाए। इसके साथ ही उक्त भ्रष्ट क्रियाकलाप की जांच किसी अन्य विभाग की जांच कमेटी गठित कर कराई जाए। बीडीसी महासंघ के जिला महासचिव फूलबाबू ने कहा कि यदि समय रहते इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच उपरांत कार्यवाही नहीं की गई

अवैध वसूली करने से नाराज मैजिक चालकों का प्रदर्शन

नगरपालिका के ठेकेदार पर लगाया चालकों ने आरोप

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। मैजिक चालकों से अवैध वसूली करने से नाराज चालकों ने ठेकेदार के खिलाफ जमकर हंगामा कर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने ठेकेदार पर उगाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है इस दौरान कई मौजूद रहे।

पूरनपुर में वाहन चालकों से अवैध वसूली का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ माह पहले सिरसा चौराहे पर अवैध वसूली का मामला पकड़ा गया था इसके बावजूद अवैध उगाही पर रोक नही लग सकी है।मैजिक चालकों ने नगर पालिका के ठेकेदार के खिलाफ खोला मोर्चा खोल दिया है।उनका आरोप है कि नगरपालिका का ठेकेदार वाहन चालकों का उत्पीड़न कर परेशान करता है।आरोप है कि बीस रुपये की रसीद पर पचास रुपये की उगाई की जा रही है।कईबार विरोध करने के बावजूद ठेकेदार ने चालकों का उत्पीड़न करना बंद नही किया।अवैध उगाही करने से नाराज मैजिक चालकों ने रविवार को ठेकेदार के उत्पीड़न से परेशान होकर गाड़ियों के पहिए जाम कर दिया।नगर के बंडा बस स्टैंड के पास मैजिक चालकों ने एकत्र होकर ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर हंगामा काटा।उन्होंने वाहनों का संचालन बंद कर दिया।इससे सवारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चालकों का कहना है कि लगातार अवैध उगाही से उनका खर्च भी नहीं निकल पा रहा है।जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।कई बार शिकायत करने के बाद भी ठेकेदार अपनी मनमानी कर वसूली करने में लगा हुआ है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए जल्द ही व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।इस दौरान राशिद,मोवीन,संभु,राहत सहित बड़ी संख्या में चालक विरोध प्रदर्शन के दौरान मौजूद रहे।

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से आधा दर्जन महिलाएं घायल

फार्मर के घर मजदूरी करने जा रहे थे महद खास के लोग

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। मजदूरी पर सिख फार्मर के यहां मटर तोड़ने जा रहे मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से आधा दर्जन से अधिक महिलाएं व लोग चोटिल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां से दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव महद खास निवासी महिलाएं रविवार को दूसरे गांव में एक फार्मर के यहां मजदूरी पर मटर तोड़ने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली से जा रहीं थीं। इसी दौरान अचानक ट्रेक्टर ट्रॉली पलट गई हादसे को लेकर महिलाओं में चीख पुकार मच गई। हादसे को लेकर लोगों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। इस सड़क हादसे में गांव महद खास निवासी नत्थो देवी पत्नी बुद्धसेन,चंपा देवी पत्नी गंगाराम,मीरा देवी,शीला देवी पत्नी राम किशोर,चांदनी पुत्री

रामकुमार,सोमवती पुत्री रूपलाल निवासी नवदिया थाना गजरौला अपने मामा राम किशोर निवासी महंद खास के घर मेहमानी में आई हुई थी। मामी के साथ किशोरी भी मटर तोड़ने जा रही थी।इस हादसे में आधा दर्जन से अधिक घायल हो गए।मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।जिसमें मीरा देवी पत्नी लालाराम निवासी महंद खास और सोमवती पुत्री रूपलाल निवासी नवदिया थाना गजरौला को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर ट्राली में लगभग दो दर्जन से ज्यादा लोग सवार थे।सभी लोग फार्मर के यहां मजदूरी पर मटर तोड़ने जा रहे थे।हादसे की सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया सड़क हादसे में महिलाएं घायल हुई हैं जिनको सीएचसी में भर्ती कराया गया है।मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

अतिरिक्त दहेज व बच्चे न होने पर विवाहिता को निकाला

विवाहिता ने घुंघचाई थाने पहुंच कर पुलिस को दी तहरीर

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। दहेज में नगदी और बच्चे न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि मांग पूरी न करने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया।पुलिस ने तहरीर दी गई है। घुंघचाई कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा निवासी एक विवाहिता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसकी शादी सिमरिया निवासी एक युवक के साथ चार साल पहले हुई थी।शादी के चार साल बाद भी उसको बच्चे नही हुए।इसके बाद अतिरिक्त दहेज की ससुरालियों ने विवाहिता से मांग शुरू कर दी। विवाहिता के इनकार करने पर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीडन शुरू कर दिया गया।विवाहिता का आरोप है कि उसका ससुर उस पर गलत नियत रखने लगा।कईबार उसका हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ की।पांच दिन पहले मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने उसकी पिटाई कर दी।आस पड़ोस के लोगों ने बमुश्किल विवाहिता को बचाया।उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर पिटाई कर विवाहिता को घर से निकाल दिया।वापस आने पर हत्या करने की चेतावनी दी।सूचना पर पहुंचे मायके वालों के साथ भी मारपीट कर धमकी दी।मामले की तहरीर देने पर थाना पुलिस को दी गई।थाना प्रभारी कपिल कुमार ने बताया कि मामले की तहरीर पर जांच कराई जा रही है।मामला सही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

मांग पूरी न करने से नाराज महिलाओं का प्रदर्शन

मांगो को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों ने साध रखा मौन

पूरनपुर। दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई सुनवाई नही हुए।इसको लेकर बाढ़ पीडित महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जताई।उनका आरोप है कि उनकी मांगों को जिम्मेदार अधिकारी अनसुना कर रहे हैं।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के चंदिया हजारा इलाके के राहुल नगर,कॉलोनी नंबर 6,खिरकिया बरगदिया में बाढ़ पीड़ितों की भूख हड़ताल दो माह से अधिक समय से लगातार जारी है।बाढ़ पीडितों का आरोप है कि चेनेलाइजेशन के लिए एनओसी देने की मांग कर रहे हैं।साथ ही बाढ से नष्ट हुई फसल व जमीन का मुआवजा अभी तक नहीं मिला है।गांव को बाढ़ से बचाने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा है।जिसके चलते यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कई एकड़ जमीन व फसलें पानी में नष्ट हो चुकी है।कई घर भी शारदा नदी के पानी में बह गए।उसके बावजूद शासन प्रशासन के द्वारा बचाव कर में लापरवाही की गई।बगैर एनओसी के काम न होने देने पर मशीन वापस हो गई।मांगों को लेकर बाढ पीडित भूख हड़ताल पर बैठे हैं लेकिन कोई भी अधिकारी उनकी समस्या को सुनने नहीं पहुंच रहे हैं।इससे खफा महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताकर भूख हड़ताल जारी रखी।उनका कहना है कि उनकी मांग पूरी नहीं की जायेगी।तब तक इसी तरह से आंदोलन जारी रहेगा।लोग भूख हड़ताल पर बैठे रहे उसके बावजूद कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

अपनी ही पार्टी से नजरअंदाज हो रहे संतराम विश्वकर्मा

25 साल से लगातार भाजपा में निभा रहे अहम भूमिका

पूरनपुर। नगर के निवासी सन्तराम विश्वकर्मा ने बताया कि वह लगभग 25 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता की भूमिका निभाई। वर्ष 2008 में झुग्गी- झोपड़ी प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष रहे। वर्ष 2010 से 2014 तक बूज क्षेत्र संयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ रहा। वर्ष 2009 में लोकसभा का चुनाव वरुण गांधी को लड़ाया।जिसमें भारी मतों से वरुण गांधी को जीत मिली।वर्ष 2014 में लोकसभा का चुनाव भाजपा की प्रत्याशी श्रीमती मेनका संजय गांधी जी को लड़ाया।स्नातक चुनाव डॉक्टर नेपाल सिंह को लड़ाया।जिसमें दोनों को विजय मिली। वर्ष 2017 में भाजपा प्रत्याशी बाबूराम पासवान को चुनाव लड़ाया।फिर 2022 में बाबूराम पासवान को चुनाव लड़ाकर विजय प्राप्त कराई। भाजपा पार्टी के कार्यक्रमों व सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर कार्य करता आ रहे है।अपने क्षेत्र में पार्टी के जनाधार को मजबूत करने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं।उनका कहना है कि भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में है।वह विश्वकर्मा महासंघ का पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्तमान समय में ओबीसी महासभा का प्रदेश सचिव भी हैं लेकिन क्षेत्रीय नेता एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से कोई सम्मान नहीं मिल रहा है एवं ना ही मुझे भाजपा पार्टी के कार्यक्रमों में बुलाया जाता है। इससे मुझे मानसिक ठेस पहुंची है।मेरा भाजपा के प्रति ईमानदारी का मजाक बनाया गया है। जनपद के भाजपा पदाधिकारियों के द्वारा मेरे अधिकारों का हनन हो रहा है।उन्होंने आसाम रोड घंघचिहाई चौराहे पर विश्वकर्मा चौक बनाए जाने की मांग कई वर्षों से कर रहे हैं।वह नेतृत्व में समाज के लोग करते आ रहे है।

विश्व दिव्यांग दिवस पर मनाया पुनरीक्षण अभियान

सभागार में दिव्यांग मतदाताओं को किया गया जागरूक

पूरनपुर। रविवार को विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश शुक्ला ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत दिव्यांग मतदाता को जागरूक किया। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला ने बताया दिव्यांगों को जागरूक करते हुए।बताया कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले लोगों के नाम निर्वाचन सूची में जोड़ने के साथ ही इसका संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 27 अक्टूबर से चलाया गया है जो 9 दिसंबर तक चलेगा।पीलीभीत लोकसभा में संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने दिव्यांग लोगों को मुख्यमंत्री के द्वारा चलाई जा रही आवास योजना सहित कई योजनाओं के बारे में जानकारी दी।इस दौरान उन्होंने मतदाता के अधिकार के बारे में भी बताते हुए दिव्यांगों को जागरूक किया।इस दौरान पूरनपुर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला,खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह, तहसीलदार हबीब उर रहमान अंसारी,नायब तहसीलदार ऋषिकांत,लेखपाल अनिल चौधरी,दिव्यांगजन अध्यक्ष तनु मिश्रा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

गैस सिलेंडर से कराया जा रहा सडक का निर्माण

सडक निर्माण में घटिया सामीग्री का किया जा रहा प्रयोग

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। सड़क निर्माण में घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग कर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।विभागीय अधिकारियों की अनदेखी का फायदा उठाकर ठेकेदार मनमानी कर रहा है। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।पूर्ति निरीक्षक ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव सिरसा से बलरामपुर होते हुए गांव लुकटिहाई टांडा में पिछले कई दिनों से लाखों रुपए की लागत से मंडी समिति द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।जिसमें मानकों की अनदेखी कर निर्माण कार्य में खानापूर्ति की जा रही है।इसको लेकर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की गुडवत्ता पर सवाल उठाए थे।घटिया निर्माण को लेकर दो दिन पहले लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर हंगामा काटा था। उसके बावजूद मिली भगत के चलते कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि ठेकेदार सड़क निर्माण कार्य में मिक्सर मशीन में घरेलू सिलेंडर का प्रयोग कर सड़क पर पीसी डाल रहा है।इससे लोग तमाम प्रकार के सवाल खड़े कर रहे हैं।गैस सिलेंडर से हो रहे सडक निर्माण को लेकर मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।लोगों का कहना है कि सड़क के निर्माण में घरेलू सिलेंडर का प्रयोग हो रहा है।यह सिलेंडर कहां से आया इसकी जांच होनी चाहिए। अगर सड़क पर अब तक हुए निर्माण के गुणवत्ता की जांच हो तो ठेकेदार की गर्दन फसना तय है।क्योंकि निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा मनकों की जमकर अनदेखी की गई है।जिसमें नाम मात्र का सीमेंट बजरी और रेत का अधिक प्रयोग किया जा रहा है।जिससे मार्ग जल्दी टूट सकता है।गैस सिलेंडर से बनाई जा रही सड़क का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।जिसमें गैस सिलेंडर से सड़क का निर्माण होता साफ दिखाई दे रहा है।इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मना करने के बावजूद कुछ ठेकेदार सड़क के निर्माण में कमर्शियल की जगह घरेलू सिलेंडर का प्रयोग करते हैं। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।बताया जाता है कि कुछ माह पहले जल्लूपुर गांव में भी गैस सिलेंडर के प्रयोग से ही सड़क का निर्माण कराया गया था जो अब टूटने लगी है।ग्रामीणों ने मानक के रूप सड़क निर्माण करने की मांग की है।

मुकदमे से नाम हटाने के नाम पर हजारों की कर ली ठगी

पीडित ने कमिश्नर को पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। मुकदमे से नाम हटाने के नाम पर हजारों रुपए की ठगी कर ली गई। रुपए वापस मांगने पर फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी गई।पीड़ित ने कमिश्नर को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के पूरनपुर देहात के वार्ड नंबर 12 निवासी मोहम्मद आशिक ने कमिश्नर को भेजे शिकायती पत्र में बताया है कि उसने लगभग तीन वर्ष पूर्व क्षेत्र के एक प्रभावशाली व्यक्ति ने मुकदमें से नाम निकलवाने के नाम पर उससे 15 हजार रुपए ले लिए थे।काफी समय बीत जाने के बावजूद उसका मुकदमे से नाम नहीं निकला।इस पर उसने धर्मगुरु से सम्पर्क कर अपनी गरीबी का हवाला देकर दी गई हजारों रुपए की रकम वापस मांगी।आरोप है कि इतना अरसा बीत जाने के बावजूद आज तक उसे दी गई रकम वापस नही मिली।बल्कि लगातार रुपए वापस देने के नाम पर टाल-मटोल की जा रही है।पीडित का आरोप है कि जब उसने दोबारा रुपए मांगे तो उसे अपना रसूख दिखाते हुए पुलिस से फर्जी मुकदमें में फंसवाने की धमकी दी गई।पीडित के अनुसार उससे रुपए ऐंठने वाला धर्मगुरु कई लोगों से नौकरी लगवाने व फर्जी रजिस्ट्री करवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी कर चुका है।शिकायत में कहा गया कि वह रिक्शा ठिलिया चलाकर मेहनत मजदूरी कर बमुश्किल अपने परिवार का भरण पोषण करता है।ऐसे में उसकी दी गई रकम वापस न मिलने के कारण लगातार मिल रहीं धमकियों से वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। शिकायत में कार्रवाई किए जाने व रकम वापस दिलाए जाने की मांग की गई है।

रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति ने की बैठक

आठ सूत्रीय मांगों को लेकर की चर्चा,सीएम को भेजा पत्र

पीलीभीत। रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति ने बैठक कर आठ सूत्रीय मांगों को लेकर चर्चा की।बैठक में ग्राम रोजगार सेवकों को मानदेय समय से नहीं मिलता है जिस कारण परिवार पालन पोषण में सर्वाधिक समस्या हो रही है।बैठक में चर्चा की गई कि विगत चार अक्टूबर 2021 को डिफेंस एक्सपो वृंदावन लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम रोजगार सेवकों एवं मनरेगा कार्मिकों के लिए एचआरपॉलिसी एक माह में लाने, ग्राम रोजगार सेवकों की सेवा समाप्ति से पहले उपायुक्त मनरेगा की सहमति अनिवार्य, ग्राम रोजगार सेवकों के जॉब चार्ट में ग्राम्य विकास विभाग के अन्य कार्यों को जोड़ना इत्यादि की घोषणा की गई थी। परंतु 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी शासनादेश निर्गत नहीं किए गए उक्त के क्रम में पूर्व में भी संगठन द्वारा पांच चरणों में अगस्त, सितंबर, अक्टूबर 2023 को ब्लॉक स्तर पर ट्विटर महाभियान,माननीय मुख्यमंत्री संबोधित खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन कार्यक्रम, स्पीड पोस्ट कार्यक्रम एवं जनपद स्तर पर पैदल मार्च/ मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन कार्यक्रम एवं सांसद को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन कार्यक्रम किए गए परंतु अभी तक मुख्यमंत्री की घोषणाओं के विषय में कोई परिणाम नहीं निकला जिससे उत्तर प्रदेश के समस्त ग्राम रोजगार सेवकों में एवं मनरेगा कर्मियों में रोष एवं आक्रोश है। उत्तर प्रदेश के लगभग 35हजार ग्राम रोजगार सेवकों की भावनाओं को देखते हुए संगठन ने निर्णय लिया है कि ब्लॉक एवं जिला की भांति राज्य मुख्यालय पर भी एक कार्यक्रम होना अति आवश्यक है क्योंकि ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा ब्लॉक एवं जिला स्तर पर शांतिपूर्वक कार्यक्रम किए गए परंतु निष्कर्ष कुछ नहीं निकला। इसलिए निर्णय लिया गया है कि 27 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के 35हजार ग्राम रोजगार सेवक दारूल सफा लखनऊ में सुबह 10 बजे एकत्र होंगे तथा मानव श्रृंखला बनाते हुए विधानसभा होते हुए मुख्यमंत्री को उनकी घोषणाओं को याद दिलाने के लिए मुख्यमंत्री मुलाकात हेतु मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करेंगे।

पेंड से टकराई बाइक, एक युवक घायल

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गोमती गुरुद्वारा के पास में देरात अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक चालक राजपाल निवासी शिवनगर गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल युवक को उपचार के लिए राहगीरों के द्वारा 108 एम्बुलेंस की मदद से पूरनपुर सीएचसी भिजवाया गया।जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक देर रात पूरनपुर से बाइक से घर वापस लौट रहा था।

अनूपपुर में दो सीट में भाजपा, एक में कांग्रेस को मिली जीत

विजय तिवारी

अनूपपुर। पॉलिटेक्निक कॉलेज अनूपपुर में अनूपपुर जिले की तीनों विधानसभा सीट की मतगणना संपन्न हुई और मतगणना के बाद आए परिणामों में अनूपपुर विधानसभा सीट से भाजपा के बिसाहू लाल सिंह कोतमा विधानसभा सीट से भाजपा के दिलीप जायसवाल एवं पुष्पराजगढ़ सीट से कांग्रेस के फदेलाल सिंह मार्को विजय हुए।विधानसभा निर्वाचन 2023 में 86-कोतमा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिलीप जायसवाल अपने निकटतम प्रत्याशी इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी सुनील सराफ से 22788 मतों से विजयी हुए। रिटर्निंग ऑफीसर श्री अजीत तिर्की ने उन्हें विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिलीप जायसवाल को कुल 65818 मत तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी सुनील सराफ को कुल 43030 मत प्राप्त हुए। इनके अतिरिक्त बहुजन गोंड़वाना पार्टी के प्रत्याशी काली चरण चौधरी को 786, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी गिरीश कुमार तिवारी को 225, पिपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रेटिक) की प्रत्याशी निर्मला प्रजापति को 157, वास्तविक भारत पार्टी के प्रत्याशी मदरू चौधरी को 249, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी विनोद कृष्णपाल सिंह को 322, गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी की प्रत्याशी सीमा केवट को 2977, निर्दलीय प्रत्याशी अब्दुल अली को 219, निर्दलीय प्रत्याशी अभयानंद बाबा जी को 406, निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश लहरे को 543, निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद अनवर को 299, निर्दलीय प्रत्याशी रामपाल साहू को 462, निर्दलीय प्रत्याशी सहसराम केवट को 1068, निर्दलीय प्रत्याशी हीरावती महरा को 583 तथा ठडळअ को 1486 मत प्राप्त हुए।

20419 वोट से भाजपा के विशाहू लाल सिंह को मिली जीत

विधानसभा निर्वाचन 2023 में 87-अनूपपुर (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बिसाहूलाल सिंह अपने निकटतम प्रत्याशी इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी रमेश कुमार सिंह से 20419 मतों से विजयी हुए। रिटर्निंग आ-ॅफीसर श्रीमती दीपशिखा भगत ने उन्हें विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बिसाहूलाल सिंह को कुल 77110 मत तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी रमेश कुमार सिंह को कुल 56691 मत प्राप्त हुए। इनके अतिरिक्त बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुदामा कोल को 2480, निर्दलीय प्रत्याशी गुन्जान सिंह को 560, निर्दलीय प्रत्याशी राजेन्द्र प्रसाद कोल को 865 तथा ठडळअ

को 2162 मत प्राप्त हुए।

पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी फुन्देलाल सिंह मार्को ने बनाई हैट्रिक, महज 4486 मतों से मिली जीत

विधानसभा निर्वाचन 2023 में 88-पुष्पराजगढ़ (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी फुन्देलाल सिंह मार्को अपने निकटतम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हीरा सिंह श्याम से 4486 मतों से विजयी हुए। रिटर्निंग ऑफीसर श्री दीपक पाण्डेय ने उन्हें विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया। इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी फुन्देलाल सिंह मार्को को कुल 68020 मत तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हीरा सिंह श्याम को कुल 63534 मत प्राप्त हुए। इनके अतिरिक्त कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सीसिस्ट) के प्रत्याशी रमेश को 1894, गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी अनिल सिंह धुर्वे को 13211, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी अमित कुमार पड़वार को 3832, विंध्य जनता पार्टी के प्रत्याशी अमृतलाल सोनवानी को 524, निर्दलीय प्रत्याशी अभिजीत सिंह को 581, निर्दलीय प्रत्याशी छोटे को 669, निर्दलीय प्रत्याशी नर्मदा सिंह को 2720, निर्दलीय प्रत्याशी लम्मू सिंह को 1100, निर्दलीय प्रत्याशी ललित कुमार संत को 1361 तथा ठडळअ को 3985 मत प्राप्त हुए। मार्को पूर्व में 2013 एवं 2018 में भी विधायक निर्वाचित हुए थे और उन्होंने 2023 का चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाई है। हालांकि जीत के मतों का अंतर इस बार काफी कम था वर्ष 2018 में उन्होंने 22000 मतों से भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र सिंह मरावी को पराजित किया था लेकिन इस बार मात्र 4486 मतों से भाजपा प्रत्याशी को पराजित किया।

सांसद का ग्रह ग्राम है पुष्पराजगढ़

अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ विधानसभा सीट शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह का ग्रह ग्राम है और यहां से भाजपा प्रत्याशी के पराजय के बाद ही शह-डोल संभाग में पराजय का आकलन करना प्रारंभ हो गया है। जन चर्चा के मुताबिक इस विधानसभा सीट में जयचंदो के द्वारा किए गए भीतरघात को भी पराजय का कारण बताया जा रहा है। ऐसी जन चर्चा है कि जिस प्रकार से निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को चाहे वह जनपद पंचायत के रहे हो या फिर अन्य जनप्रतिनिधि, ऐसे जनप्रतिनिधियों ने जिस प्रकार से मेहनत पार्टी के लिए की जानी थी नहीं किया।

दारोगा की डीपी लगे नंबर से छात्रा को अश्लील मैसेज मामले में युवक की तलाश में पुलिस

सुनील बाजपेई।

कानपुर` यहां एक दरोगा की डीपी लगे मोबाइल से युवती को अश्लील मैसेज भेजे जाने के मामले मेंपुलिस एक युवक की तलाश कर रही है । यह मामला विद्युत थाना क्षेत्र का है जहां दरोगा की डीपी लगा एक अश्लील मैसेज चांदनी (नाम काल्पनिक ) नामक युवती को आया` इसके मामले में पुलिस ने संबंधित योग की तलाश शुरू कर दी है लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुधार नहीं मिल पाया है`

इसकी जानकारी तब हुई जब मां के साथ चौकी पहुंची 11वीं की छात्रा ने बताया कि दारोगा की डीपी लगे वाट्सएप नंबरों से उसके मोबाइल पर संदेश भेजकर चौकी आकर मिलने का दबाव डाला जा रहा है। साथ ही धमकी दी जा रही है कि मुकदमा दर्ज है इसलिए जेल भेज दिया जाएगा ।

जानकारी के मुताबिक वाट्सएप नंबर के डीपी में दारोगा की वर्दी पहने किसी युवक की फोटो लगी हुई है। छात्रा और उसकी मां लिखित प्रार्थना लेकर चौकी पहुंची पहले चौकी में मौजूद सिपाही रमेश को पूरी बात बताई। सिपाही ने छात्रा की मां के मोबाइल से तंग करने वाले युवक को फोन किया और पूछताछ की। सिपाही ने युवक का नाम और पता पूछा तो उसने फोन काट दिया। इसके बाद इस शिकायत पर टिकरा चौकी में तैनात दारोगा ने कार्रवाई के स्थान पर छात्रा से मोबाइल नंबर बदल देने की सलाह दी। लेकिन जब मामले ने तूल पकड़ पकड़ा तो पुलिस मामले की छानबीन करने के साथ हीसंबंधित युवक की तलाश कर रही है` लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। वहीं थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जाएगी।

जयसिंह पर विश्वास ,मनीषा ने रचा इतिहास, शरद ने की अग्नि परीक्षा पास

समाज जागरण ब्यूरो जितेंद्र शर्मा

शहडोल। शहडोल जिले की तीन विधानसभा सीटों के परिणाम लगभग सामने आ चुके हैं जहां पर अप्रत्याशित रूप से भाजपा ने जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह के नेतृत्व में अविश्वसनीय बढ़त हासिल करजीत दर्ज की है।कमल ने जिले में आखिरकार कमल खिलाकर अपने विरोधियों को करारा जवाब दिया है ।शहडोल जिले की 03 विधानसभाओं में भाजपा के पक्ष में आए और पूरे जिले में कमल खिला। जिस तरह से कमल एंड कंपनी ने पूरे समर्पण भाव से काम किया कार्यकताओं ने जिस तरह से मेहनत की गुटबाजी को अंतिम समय में खत्म कर कमल प्रताप सिंह ने जिस तरह अपनी राजनीतिक चाल चली उसे कांग्रेस समझ भी नही पायी और जिले में चारों खाने चित्त हो गई ।जैतपुर से जय सिंह मरावी का विजय रथ निरंतर प्रगति पर रहा, मनीषा सिंह जयसिंहनगर विधानसभा से अपनी जीत सुनिश्चित कर अपने विरोधियों को करारा जवाब दिया है। मनीषा सिंह के अदभुत राजनीतिक दांव और उनकी संगठन में अदभुत पकड़ की वजह से उन्हें यह जीत नसीब हुई है ।अपनी कार्यशैली और कार्यकताओं को तरजीह देने के ही वजह से मनीषा सिंह ने जय सिंह नगर में जीत दर्ज की। और ब्योहारी के शरद कोल ने कमाल कर दिया और युवा विधायक ने एक बार पुनः लोहा मनवा लिया । अपने बुध्दिबल से शरद कोल ने अविस्वशनीय राजनीतिक पारी विधानसभा चुनाव 2023 में खेली और कांग्रेस को जिले से ऑल आउट करने में अहम भूमिका निभाई । जिले की तीनों विधानसभा जीत के बाद जिले भर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं नेदीपावली मनाया । विजेता रहे जय सिंह मरावी मनीषा एवं शरद कोल ने जिले के भाजपा नेताओं और कार्यकताओं को ऐतिहासिक जीत की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं

शहडोल की राजनीति के भीष्म पितामह कहे जाने वाले दादू उर्फ जय सिंह मरावी की जीत लगभग सुनिश्चित थी लेकिन जिस तरह से जिलाध्यक्ष भाजपा कमल प्रताप सिंह ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता को चारो खाने चित्त किया इसकी चर्चा भी वृहद रूप से जिले में हो रही है लेकिन बात अब जीत में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले नेताओं की कमल की अगुवाई में कमल को खिलाने के लिए कमल के रक्षक जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रजीत सिंह छाबड़ा का योगदान किसी से छिपा हुआ नही है ।

उनका कद और उनकी राजनीतिक शक्ति जिले में सर्वोपरी है उनके आगे पीछे कोई नही टिकता इनके बाद,राकेश पांडे, दौलत मनवानी , कैलाश विशनानी , अनिल द्विवेदी संजय चांदवानी ,राकेश तिवारी मनोज गुप्ता, निभा गुप्ता , उर्मिला कटारे ,रविंदर कौर छाबड़ा ,शालिनी सरावगी , वीरेंद्र सिंह बैंस, वीरेश सिंह रिंकू, हेमंत सोनी , कामाख्या नारायण राय , राघवेंद्र तिवारी, शत्रुघ्न पटेल, गिरधर प्रताप सिंह, सूर्यकांत निराला, विपुल सिंह , राजकुमार खरिया, दीपक शर्मा, जगन्नाथ शर्मा, भाजपा साथ ही सभी निष्ठावान कार्यकताओं ने भाजपा को जीत दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जिसका परिणाम भाजपा के पक्ष में आया और भाजपा ने निर्णायक रूप से जिले में कमल खिलाकर एक बार यह बात कमल प्रताप सिंह के नेतृत्व में शामिल कर दी की शहडोल की जनता के मन में मोदी मन में शिवराज के अलावा और कोई नही है साथ ही कमल प्रताप सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष भाजपा को विष्णु दत्त शर्मा को सादर धन्यवाद ज्ञापित कर उन्हे ऐतिहासिक जीतकी बधाई दी और धन्यवाद प्रेषित किया।

भाजपा में जश्न, कांग्रेस में मायूसी

जीत का जश्न, बजे ढोल नगाड़े, बाटी गई मिठाई

पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतगणना के बीच भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेसी कार्यकताओं में अपूर्व उत्साह देखा गया। रुझान आते ही भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ी और उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलातेहुए डोल नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरकते रहे।

वहीं, कांग्रेस के पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के और पूर्वविधायक श्री मार्को को जीत मिलते ही कार्यकताओं में खुशी का माहौल रहा। जिसके चलते कार्यकताओं ने राजेंद्रग्राम पर जमकर आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया और क्षेत्र में मिठाइयां बांटी।

शहडोल संभाग की 8 विधानसभा सीटों के लिए हो रही मतगणना में भाजपा प्रत्यासियों ने 7 सीटों पर जीत हासिल की है। कांग्रेस केवल पुष्पराजगढ़ की सीट हीं बचा पाई है।

भारतीय जनता पार्टी आर०आई०टी मंडल द्वारा देश के तीन राज्यों प्रचंड बहुमत और स्पष्ट जनादेश की खुशी के अवसर पर हुआ लड्डू वितरण

अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 03 दिसंबर 2023ःझ सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत दिनांक 03/12/23 को भारतीय जनता पार्टी आर०आई०टी मंडल द्वारा अध्यक्ष अमितेश अमर के नेतृत्व में देश के तीन राज्यों (मध्य

प्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़) में मिली प्रचंड बहुमत और स्पष्ट जनादेश की खुशी के अवसर पर मार्ग संख्या -4 चौक पर संध्या मे जनार्दन के बीच जीत का लड्डू वितरण कर आतिशबाजी कर जश्न एवं आभार किया गया.

साथ ही आगामी झारखण्ड मे आगामी लोकसभा एवं विधानसभा की प्रचण्ड जीत के लिए भी सभी जनता आग्रह किया गया.

इस अवसर पर मुख्य रूप से-भाजपा के सुनील श्रीवास्तव, ब्राह्मनंद झा, सतीश शर्मा, ललन शुक्ला,कृष्णा प्रधान, अनुराग श्रीवास्तव, अभिषेक विशाल, मिंटू पांडे,अजय सिंह, जगदीश मंडल ,लक्ष्मण राय, जीतेन्द्र शुक्ला रिंकू राय, प्रभसिनी कालूंडिया,प्रमोद सिंह,शैलश शर्मा,चन्द्रमा पांडे,मंडल श्याम बाबु दास,अशोक साहू, रितेश सिंह, प्रकाश रंजन, बिनोद करुवा, सत्यजीत साहू,विजय दास, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंच मोर्चा के पदाधिकारी एवं आप सभी भाजपा समर्पित कार्यकर्त्ता उपस्थित थे.

रायसेन जिले की चारों विधानसभा के परिणाम घोषित

सीएल गौर, रायसेन

रायसेन। मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले की चारों विधानसभाओं की मतगणना रायसेन स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में सम्पन्न हुई। मतगणना सम्पन्न होने के उपरांत जिले की चा-रों विधानसभाओं के निर्वाचन परिणाम घोषित किए गए। चारों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा उनके विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचित उम्मीदवारों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-140 उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी पार्टी के उम्मीदवार नरेंद्र शिवाजी पटेल , विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-141 भोजपुर से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सुरेन्द्र पटवा , विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-142 सांची से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डॉ प्रभुराम चौधरी तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-143 सिलवानी से कांग्रेस पार्टी के उम्मी-दवार देवेन्द्र पटेल को निर्वाचित घोषित कर निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विजयी प्रत्याशी नरेंद्र शिवाजी पटेल को 124279 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के देवेन्द्र सिंह पटेल को 81456 मत प्राप्त हुए। भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से विजयी प्रत्याशी भाजपा के सुरेन्द्र पटवा को 119289 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के राजकुमार पटेल को 78510 मत प्राप्त हुए। सांची विधानसभा क्षेत्र से विजयी प्रत्याशी भाजपा के डॉ प्रभुराम चौधरी को 122960 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के डॉ जीसी गौतम को 78687 मत प्राप्त हुए। सिलवानी विधानसभा क्षेत्र से विजयी प्रत्याशी कांग्रेस के देवेंद्र पटेल को 95935 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के रामपाल सिंह को 84481 मत प्राप्त हुए, इनमें डाक मतपत्र भी शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने सभी चुनाव जीते प्रत्याशियों को दी बधाई

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे ने मप्र विधानसभा निर्वाचन सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था में लगे पुलिस बल, एसएएफ एवं सशस्त्र सुरक्षा बल को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने में निर्वाचन अमले ने अपने दायित्वों का पूरी गंभीरतापूर्वक निर्वहन किया है और उन्होंने अपनी क्षमताओं का अधिकतम उपयोग कर बेहतर प्रदर्शन किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने कहा है कि संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया

के दौरान मीडिया का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। उन्होंने जिले की निर्वाचन व्यवस्थाओं, स्वीप गतिविधियों, मतदान, मतगणना प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था आदि का समुचित एवं प्रभावी कव्हरेज मीडिया में प्रकाशित एवं प्रसारित किए जाने तथा के लिए मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने जिले के निवासियों को भी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सहयोग करने तथा मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए बधाई दी।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-140 उदयपुरा के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को प्राप्त मतों (डाक मतपत्र सहित) की स्थिति,,

देवेन्द्र सिंह पटेल - प्राप्त मत - 81456

नरेन्द्र शिवाजी पटेल - प्राप्त मत - 124279

करोड़ी लाल - प्राप्त मत - 1800

बाबूलाल - प्राप्त मत - 3120

नरेन्द्र सिंह - प्राप्त मत - 1221

विनोद सिंह - प्राप्त मत - 672

महेन्द्र कुमार - प्राप्त मत - 908

नोटा - प्राप्त मत - 2032

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-141 भोजपुर के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को प्राप्त मतों (डाक मतपत्र सहित) की स्थिति,,

सुरेन्द्र पटवा - प्राप्त मत - 119289

राजकुमार पटेल - प्राप्त मत - 78510

मनोज चौहान - प्राप्त मत - 439

श्रीमती नयनतारा डॉ धर्मेन्द्र अहिरवार - प्राप्त मत - 700

मनोज कुमार चौबे - प्राप्त मत - 195

गुंदेश कुमार खामरा - प्राप्त मत - 183

चंदन सिंह - प्राप्त मत - 206

मोनू - प्राप्त मत - 233

सीमा पोर्ते - प्राप्त मत - 1668

कमलेश उईके - प्राप्त मत - 1994

कैप्टन अनिल कुमार खरे - प्राप्त मत - 149

फूलकुमार प्रजापति - प्राप्त मत - 275

नोटा - प्राप्त मत - 1724

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-142 सांची के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मी-दवारों को प्राप्त मतों (डाक मतपत्र सहित) की स्थिति,,

डॉ प्रभुराम चौधरी - प्राप्त मत - 122960

डॉ जीसी गौतम - प्राप्त मत - 78687

गोवर्धन जाटव - प्राप्त मत - 115

अमृत बाबू नरवारे - प्राप्त मत - 178

सूरजपाल सिंह - प्राप्त मत - 1763

मुंशीलाल सिलावट - प्राप्त मत - 120

उदयभान सिंह - प्राप्त मत - 217

मनोज अहिरवार - प्राप्त मत - 573

जगत सिंह - प्राप्त मत - 133

राजन - प्राप्त मत - 98

भीकम सिंह - प्राप्त मत - 239

चरण सिंह - प्राप्त मत - 126

नोटा - प्राप्त मत - 1616

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-143 सिलवानी के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को प्राप्त मतों (डाक मतपत्र सहित) की स्थिति।

रामपाल सिंह - प्राप्त मत - 84481

देवेन्द्र पटेल - प्राप्त मत - 95935

तलत खान - प्राप्त मत - 1929

मुईन उद्दीन - प्राप्त मत - 718

ठा. प्रदीप सिंह - प्राप्त मत - 256

मनोज - प्राप्त मत - 368

नरेन्द्र सिंह - प्राप्त मत - 651

देवेन्द्र - प्राप्त मत - 308

नोटा - प्राप्त मत - 2022'

झारखंडी भाषा - खतियान संघर्ष समिति का जिला संयोजक समिति का पहली बैठक संपन्न

नंदा रजक दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : झाड़खण्डी भाषाझखतियान संघर्ष समिति के पूर्वी सिंहभूम इकाई की जिला संयोजक समिति की पहली बैठक डिमना लेक संलग्न मैदान में

रविवार को संपन्न हुई। संगठन को किस प्रकार जन जन तक पहुंचाया जाए एवं प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कैसे किया जाए इस विषय पर चर्चा किया गया। जिला संयोजक समिति के सर्वसम्मति से निम्न प्रस्तावों पर सहमति बनीझ जिला कमिटी द्वारा प्रखंडवार नियुक्त प्रभारियों को तीन दिनों के अंदर सभी प्रखंड कमिटी के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन विस्तार हेतु मीटिंग करना आवश्यक है।

पंचायत एवं बूथ कमिटी का गठन जल्द से जल्द किया जाए।

बैठक में मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली के स्वपन कुमार, विश्वनाथ महतो, मानिक चंद्र बेसरा, शैलेंद्र महतो, दिनेश महतो, राम महतो, कलन महतो, किशोरी हांसदा, राजा कालिंदी, शंखदीप महतो, शंकर भकत, सुनील कुमार मुंडा, लव महतो एवं काकुली महतो उपस्थित थे ।

कपड़ा पाकर बैगा आदिवासी बच्चों के चेहरे पर आयी मुस्कान, सभी बच्चे रोजाना स्कूल जाने का किया वादा

समाज जागरण जिला ब्यूरो

बिरसा/बालाघाट। (04 दिसंबर)बैगा आदिवासियों में विशेष रूचि रखने वाले व सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले शिवशंकर पाण्डेय के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आदिवासियों के बीच जाकर किसी न किसी रूप में उनकी मदद पिछले दस वर्षो से किया जा रहा है जिसको जारी रखते हुए शनिवार को पहले से चिन्हित किये हुए गांव में जाकर बच्चों को कपड़ा एवं चॉकलेट का वितरण किया जिसे पाकर बैगा बच्चे खुशी से झूम गए।ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे स्कूल जाने से कतराते है, जिसपर शिवशंकर पाण्डेय ने बच्चों को स्कूल जाने व अच्छी तरह से शिक्षा ग्रहण करने की समझाईस देकर बच्चों को शिक्षा का मतलब समझाया, जिसके बाद सभी बच्चों ने स्कूल जाने का वादा किया।

स्वयं के खर्च से करते है मदद

मदद किसी भी रूप में की जाये उस-।का परिणाम आनंदित करने वाला ही होता है, बस इंसान के अंदर दृढ़ शक्ति होना चाहिए। ऐसे ही कार्यों को पिछले दस वर्षो से करते आ रहें है क्षेत्र के युवा सामाजिक कार्यकर्त्ता

शिवशंकर पाण्डेय, जो बिना किसी मदद के स्वयं के खर्च से जितना बन पाता है बैगा आदिवासियों के बीच जाकर उनकी मदद किसी न किसी रूप में करते है जिनका आभार बैगा आदिवासियों के द्वारा किया जाता है।चुंकि ठण्ड का एहसास शुरू हो गया है जिससे बचने की जतन सभी ने करना शुरू कर दिया है लेकिन बैगा आदिवासी के बच्चे बिना कपडे के ही नजर आते है जिन्हे ठण्ड अपने आगोश में लेकर बीमार कर देती है जो कभी कभी जानलेवा भी साबित हो जाती है। उक्त समस्या को ध्यान में रखकर शिवशंकर पाण्डेय पिछले दस वर्षो से बैगा आदिवासियों को ठण्ड के पहले कपड़ा का वितरण करते है जिसे पाकर बच्चों से लेकर वृद्ध तक खुशी से झूम जाते है जिन्हे देखकर असीम संतोष का आनंद प्राप्त होता है।

बालाघाट, परसवाड़ा, बैहर, वारासिवनी से कांग्रेस की जीत, कटंगी, लाँजी से भाजपा जीती

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (04 दिसंबर)प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में बीजेपी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करने में एक बार फिर कामयाब हो गयी है जिसका श्रेय मुख्यमंत्री ने लाडली बहनों को दिया है, उन्होंने कहा कि कहते थे कांटा का टक्कर है, लेकिन लाडली बहनों ने कांग्रेस रूपी कांटा को ही बाहर निकाल कर फेंक दिया। वहीं अगर बात की जाय जिले की छः सीटों की तों यहां पर बीजेपी और कांग्रेस में बहुत ही रोचक मुकाबला हुआ, जिसमे जिले के दो मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा जिसमे एक है बालाघाट विधानसभा से गौर-ीशंकर बिसेन जिन्हे कांग्रेस की अनुभा मुंजारे ने 28 हजार से अधिक मतों से पराजित किया जो अपने आप में ऐतिहासिक है, वहीं दूसरी सीट है परसवाडा जहाँ से आयुष मंत्री रामकिशोर कांवरे अपने प्रतिद्वंदी मधु भगत से 25 हजार से अधिक वोटों से हार गए। कटंगी, लाँजी में भाजपा ने मारी बाजी भाजपा के शीर्ष नेताओं को दो विधानसभा सीट पर ज्यादा परेशान होना पड़ा, क्यों कि पार्टी ने दोनों विधानसभा में पार्टी से हटकर टिकट का बंटवारा किया जिसका विरोध जमकर हुआ लेकिन दोनों सीट के



	vs संजय उईके (कांग्रेस)	250 मतों से जीते
बालाघाट	गौरीशंकर बिसेन (भाजपा) vs अनुभा मुंजारे (कांग्रेस)	अनुभा मुंजारे (कांग्रेस) 28144 वोट से जीती
कटंगी	बोध सिंह भगत (कांग्रेस) vs गौरव पारधी (भाजपा)	गौरव पारधी (भाजपा) 23112 वोट से जीते
लांजी	हिना कांवरे (कांग्रेस) vs राजकुमार करांहे (भाजपा)	राजकुमार करांहे (भाजपा) 3872 वोटों से जीते
परसवाड़ा	मधु भगत (कांग्रेस) vs रामकिशोर कावरे (भाजपा)	मधु भगत (कांग्रेस) 25633 वोट से जीते
	प्रदीप जायसवाल	[illegible]

उम्मीदवारों ने जीत दर्ज कर पार्टी से बगावत करने वालो के मुँह पर तमाचा मारने का कार्य किया है। हम बात कर रहें है लाँजी विधानसभा और कटंगी की जहाँ के उम्मीदवारों की जमकर विरोध हुआ था। लाँजी से राजकुमार कराहें को भाजपा ने उम्मीदवार घोषित किया था जिसका विरोध पार्टी से प्रमुख दावेदार रमेश भटेरे ने जमकर किया था लेकिन राजकुमार कराहें ने कांग्रेस की हिना कांवरे को 38 सौ से अधिक मतों से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज किया। वहीं अगर बात की जाय कटंगी विधानसभा की तो यहां पर भी भाजपा उम्मीदवार गौरव पारधी का जमकर विरोध हुआ था लेकिन गौरव पारदी ने अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस के बोध सिंह भगत को 23 हजार से अधिक वोटों से हराकर जीत दर्ज की है। बैहर, वारासिवनी में जीत हार का अंतर बहुत कम वहीं अगर बात की जाय बैहर विधानसभा की तों यहां भाजपा और कांग्रेस में कांटे का टक्कर रहा, कभी बीजेपी आगे हो जाती तों कभी कांग्रेस बढ़त बना लेती, ऐसे ही आगे पीछे होते होते 15वीं राऊंड में भाजपा के उम्मीदवार भगत सिंह नेताम आगे हो गए थे लेकिन 16वीं एवं अंतिम राउंड में कांग्रेस के उम्मीदवार संजय उइके महज 250 वोट से चुनाव जीत गए। ऐसा ही कुछ रहा वारा सिवनी विधानसभा का जहाँ कांग्रेस उम्मी-दवार विवेक उर्फ विक्की पटेल ने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा के प्रदीप जयसवाल को महज 980 वोटों से मात देकर चुनाव जीत गए।

जेबीकेएसएस का लायलम पंचायत भवन पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने रविवार को बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत लायलम पंचायत भवन में एक पंचायत स्तरीय बैठक लवघन महतो की अध्यक्षता में किया। इस बैठक में लायलम पंचायत में पंचायत



स्तरीय जनजागरण सभा आयोजित करने और स्थानीय नीति,नियोजन नीति ,उठळ अउळ, डिमना बांध विस्थापिकों को सही मुआवजा दिलाने पर चर्चा किया। इस बैठक में धनंजय कर्माकर, देवव्रत महतो, वृंदावन हेम्ब्रम, सनातन महतो, चंदन महतो, नेपाल महतो, रंजन गोप, बहादुर सहिस, सुरेंद्र, लवघन महतो, रविलाल भुया, सुशील सिंह,सुभाष चंद्र महतो, बबलू रुहिदास, सुशेन महतो, मंगल महतो,अनिल बासके, विश्वनाथ महतो,स्वपन कुमार, मानिक चंद्र बेसरा आदि उपस्थित थे

तीन राज्यों में प्रचंड जीत की खुशियां नगर में मिठाई बाटकर बनाई गई

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी रामनगर भारतीय जनता पार्टी मंडल रामनगर ने आज दिन रविवार शाम 4:00 बजे तीन राज्यों में प्रचंड जीत की खुशियां नगर में मिठाई बाटकर बनाई गई। जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने कहा यह जो

शानदार जीत है, यह प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की दी हुई गारंटी का है जिनका मंत्र है- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास, साथ मे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय जे.पी. नड्डा जी के कुशल नेतृत्व रणनीत के साथ यह जीत जनता की है जिसने कांग्रेस को नकारते हुए भाजपा को अपनाने का काम किया है।आगामी आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तीनों राज्यों की जनता ने अपने मोहर लगा दिया है। कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा सत्येंद्र सिंह पिंटू, महानगर मंत्री डॉ अनुपम गुप्ता, मंडल अध्यक्षअजय प्रताप सिंह, नंदलाल चौहान, जितेंद्र पांडेय, अशोक जायसवाल, सुनील श्रीवास्तव, सुनील सिंह, अर्जुन शर्मा, वी के दुबे, पवन सिंह, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, संजय बाल्मिकी, सुरेंद्र नाथ श्रीवास्तव, विनोद पटेल, सुनील गुप्ता, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील मालाकार, प्रमुख रूप से रहे।

विश्व दिव्यांगता दिवस समारोह दिव्यांगो के साथ, समाज का विकास

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी। विश्व दिव्यांगत्ता दिवस के उपलक्ष्य में देवा केंद्र कमच्छा के प्रांगण में एक अद्वितीय समारोह का आयोजन 'दिव्यांगो के साथ, समाज का विकास '।

अंतर राष्ट्रीय दिव्यांगत दिवस 2023 के उपलक्ष्य में कमच्छा स्थित देवा केंद्र के प्रांगण में देवा इंटरनेशनल सोसायटी फॉर चाइल्ड केयर के द्वारा दिव्यांग समागम का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समक्ष में प्रचलित फक्त फहमियों तथा अंध विश्वासों जैसे ये दिव्यांग किसी लायक नही हैं, अपने पैर पर खड़े नही हो सकते, कुछ कम नहीं सकते एवम अपने परिवार को केवल दुख देते हैं , जैसे कथनों को गलत साबित करना था एवम जनता में इस बात को दिखाना था कि 'दिव्यांगों के साथ समाज का विकास' संभव ही नहीं बल्कि हो रहा है ।इस अवसर पर प्रांगण में विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता से ग्रसित लगभग सौ कौशलों से अपनी पहचान भी बनाई।

समारोह का स्वागत डॉक्टर तुलसी , संस्था अध्यक्ष , ने किया और कहा कि आज का यह कार्यक्रम संस्था के विगत 40 वर्षों की अनवरत पुनर्वास कार्यक्रम का परिणाम है।

समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री श्रीभास सुपकार एवम प्रोफेसर कुलदीप सिंह , अध्यक्ष सक्षम, काशी प्रांत, रोटेरियन रवि नंदन तिवारी, अध्यक्ष,रोटरी क्लब, शिव गंगा, विशिष्ट अतिथियों जॉन मैक्स टस्सेल, डॉक्टर आनंद शील, मिशेल द्वारा दीप प्रज्वलन कर दिव्यांग समागम समारोह की शुरूवात की गई।

मुख्य अतिथि पद्मा श्री सृभास सुपकर जी ने कहा कि हम सभी का पहला उद्देश्य होना चाहिए कि इन दिव्यांग जनों के साथ कोई भेद भाव न हो, ये भी समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकते हैं । प्रोफेसर कुलदीप सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगजन समान अनुभूति का अनुभव करें। आप सभी दिव्यांग जनों के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। जॉन मैक्स टस्सेल (फ्रांस से आए सामाजिक कार्यकर्ता एवं मनोवैज्ञानिक) ने अपने अहिरवाचन में कहा कि इन बच्चों को स्नेह के साथ रखें, ये बच्चे प्यार के सूचक हैं । समारोह का मुख्य आकर्षण दिव्यांग वयस्कों के साथ उनके हुनरों के बारे में जनता के साथ संवाद था जिसका प्रमुख आकर्षण वसंत कन्या महाविद्यालय के ' मानसवानी क्लब' के मनोविज्ञान की छात्राओं द्वारा दिव्यांग के साथ मिल कर फैशन शो , डांस, म्यूजिकल चेयर , फेस पेंटिंग तथा मिस्ट्री बॉक्स था। वयस्क दिव्यांग जनों द्वारा कई तरह के स्टॉल लगाए गए थे। जिसमे मुख्य रूप से मोटे अनाज के खाद्य सामग्री, ज्वैलरी के आइटम, विभिन्न तरह के अचार के स्टॉल, स्कार्फ, बैग, स्टेशनरी के स्टॉल आकर्षण के केंद्र थे। कार्यक्रम में यूथ फॉर जॉब चेशायर डिसेबिलिटी ट्रस्ट वयस्क द्वारा दिव्यांग जनों के लिए जॉब फेयर लगाया गया था।

समारोह में रोटरी क्लब , वाराणसी शिव गंगा के द्वारा बड़ों तथा बच्चों की प्रतिभावों को देखते हुए विभिन्न आकर्षक उपहारों द्वारा उनको प्रोत्साहित किया गया। समारोह के अंत में मशाल जला कर यह प्रण लिया की आज से हम सभी दिव्यांग जनों के साथ मिलकर एक नए समाज का निर्माण करेंगे और उसमे दिव्यांग की भागेदारी हर क्षेत्र में होगी। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन संस्था सचिव श्याम लाल पटेल ने किया। अंत में राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोफेसर योगेंद्र पड़े, शिक्षा संजय बीएचयू, डॉक्टर सी दीपिका दास, प्रोफेसर शुभ्रा सिन्हा, राम नारायण, विजय, प्रमोद, पूनम, मोनिका, विद्या पटेल, आइडिया के सोनू पटेल, राजीव, प्रदीप, अनुपमा, साधना, शिवानी व्यास, दिशारी, दृष्टि बनौला, सत्या, दिव्यता, अन्विता, जीविका, रितिका, आर्या, श्रद्धा, वयस्क दिव्यांग जनों में तौहीद आलम, मनीष, सुची, कृष्ण, जय कुमार, शुभम, आशीष, शिव शंकर इत्यादि लोग मौजूद थे।

शादी समारोह में चोरों ने उड़े नगद सहित लाखों के आभूषण

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी। आशापुर चौराहा के समीप एक लान में शादी समारोह के दौरान रविवार को भोर में दो बजे दुल्हन की माँ का नकदी सहित लाखों का आभूषण चोरी हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस लान में लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जांच में जुट गई।

जानकारी के अनुसार आशापुर चौराहा के समीप स्थित एक लान में ठाकुरा, थाना-रामगढ़, जिला-भभुआ (कैमूर) बिहार निवासी भरत सिंह की पुत्री एवं कोचस (रोहतास) बिहार निवासी रविन्द्र कुमार सिंह के पुत्र की शादी दो दिसंबर को शादी थी। जयमाल के बाद मंडप में शादी की तैयारी चल रही थी। लड़की की माँ कुमारी बिन्दा अपने पर्स में चार सोने की चेन, तीन अंगूठी, कान का झुमक, तीन जोड़ी पायल एक लाख रुपया नकद व एक मोबाइल रखी थी। पर्स को अपने बगल में रखी थी। इसके बाद उठकर दूसरी जगह चली गई। कुछ देर बाद वापस आई तो पर्स गायब था। इसके शादी समारोह में हलचल मच गई। इसके बाद लड़की पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। इस बाबत दुल्हन के छोटे भाई हिमांशु सिंह ने पुलिस को लिखित तहरीर दे दी। हिमांशु ने बताया कि लान के सीसीटीवी फुटेज में एक अज्ञात व्यक्ति पर्स को उठाकर ले जाते हुए दिखाई दिया है। आशापुर चौकी प्रभारी ईश्वर चन्द्र यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। सीसी फुटेज खंगाला जा रहा है। जल्द ही पकड़े जायेगे।

कैबिनेट मंत्री ने किया नवनिर्मित बारात घर का लोकार्पण

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

चिरईगांव/वाराणसी प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने रविवार को शिवपुर विधानसभा क्षेत्र के सरायमोहाना में विधायक निधि से 17.50 लाख रुपए की लागत से निर्मित बारात घर का फीता काट कर लोकार्पण किया। यहां आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बारात घर का निर्माण होने से गांव के लोगों को सहुलियत होगी। कैबिनेट मंत्री ने तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर वहां की जनता को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश व विदेश में भारत का डंका बज रहा है।आज देश उनकी ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। ऐसे में जनता ने एक बार फिर 2024 नरेंद्र मोदी को ही प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही सभीं जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए जनप्रतिनिधियों व पार्टी कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे इसे पात्र ब्यक्तियों तक पहुंचाने के लिये संकल्प लें। कार्यक्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व कैविनेट मन्त्री के प्रतिनिधि संजय सिंह, कमलेश मौर्या,मंजू साहनी,अवनीश पाठक ,गौरव सिंह,अजय पाण्डेय, अनिल सोनकर, नवीन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

सीएमओ मिजार्पुर ने पीएचसी पड़री में तैनात दो फार्मासिस्टों को किया निलम्बित

प्रभारी मंत्री नन्दी ने निरीक्षण के दौरान कमी मिलने पर जांच कर कार्रवाई का दिया था निर्देश

जांच टीम द्वारा कमियां मिलने पर की गई कार्रवाई की संस्तुति

***स्टॉक में दवा की शीशी मिली थी कम, एन्टी स्नैक वेनम व सिफलिक्स किट मिला था एक्सपायरी**

जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः नन्दी

शनिवार को जारी हुआ निलंबन आदेश

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिलता रहे और अधिकारी व कर्मचारी निष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं जनपद मिजार्पुर के प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने पिछले दिनों जनपद मिजार्पुर में दो दिन प्रवास किया था। इस दौरान कई स्थानों पर निरीक्षण एवं भ्रमण के दौरान कमियां मिलने पर अधिकारियों को जांच व कार्रवाई का आदेश दिया था। जिस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री में प्रभारी मंत्री नन्दी द्वारा पाई गई कमियां सही मिलने पर सीएमओ मिजार्पुर ने शनिवार को वहां तैनात दो फार्मासिस्टों को निलम्बित कर दिया।

दिनांक 21 नवंबर को अपने प्रभारी जनपद मिजार्पुर में प्रवास के दौरान मंत्री नन्दी ने धान क्रय केंद्र, राजकीय चिकित्सालय, आंगनबाड़ी केंद्र, राजकीय चिकित्सालय, प्राथमिक विद्यालय के साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री का औचक निरीक्षण किया था। जहां मंत्री नन्दी ने दवाओं के साथ ही स्टॉक रजिस्टर को चेक किया था। इस दौरान मंत्री नन्दी ने रजिस्टर मेंटेनेंस के साथ ही दवाओं के रख-रखाव में कमी मिलने और कुछ एक्सपायरी दवाएं मिलने पर जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को सम्बंधित फार्मासिस्टों के खिलाफ जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मंत्री नन्दी के आदेश पर सीएमओ मिजार्पुर ने टीम बनाकर जांच कराई तो जांच में कई खामियां सामने आई। सीएमओ द्वारा गठित टीम की जांच में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री में मेट्रोनिडाजोल सीरप की 200 शीशी कम मिली, जिसका हिसाब मेंटेन नहीं था। यही नहीं औषधि वितरण रजिस्टर नहीं मिला, जिसे सम्बंधित फार्मासिस्टों द्वारा बनाया ही नहीं गया था। जांच में स्टॉक बुक एवं अन्य अभिलेखों का रख-रखाव सही प्रकार से नहीं मिला। एन्टी स्नैक वेनम व सिफलिक्स किट एक्सपायरी मिला था। साथ ही जांच में दवाओं की जानकारी एवं तथ्यों को छिपाने का प्रयास किया गया। जांच समिति द्वारा जांच में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री में तैनात फार्मासिस्ट राकेश कुमार शर्मा एवं फार्मासिस्ट प्रमोद कुमार द्वारा बरती गई लापरवाही की पुष्टि होने पर निलम्बन की संस्तुति की गई। जिसके आधार पर मुख्य चिकित्साधिकारी मिजार्पुर सीएल वर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री में तैनात फार्मासिस्ट राकेश कुमार शर्मा व प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए आदेश जारी किया।

मंत्री नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कर्मयोगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंत्रीगणों का जनता के बीच जाना, जनचौपाल आदि का मुख्य उद्देश्य विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित और अछूते रह गए लोगों को विकास की धारा में शामिल करना है। अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते रहें, यह भी सुनिश्चित करना है। ताकि आम जनता को सरकारी सुविधाओं का लाभ मिलता रहे, लेकिन जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने और कमी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

संदिग्ध परिस्थिति में घर से बीस किलो मीटर दूर मिला कार चालक का शव

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

मिजार्मुराद। हरपुर गांव में रिंग रोड के सर्विस रोड के किनारे चाय पान की दुकान के पास मड़ई में रखे तखत पर रविवार की सुबह एक युवक मृत अवस्था में पड़ा रहा सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो देखा एक शव पड़ा जिसके बाद दुकानदार हरपुर गांव निवासी रमेश राजभर ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दिया ।ग्राम प्रधान हरपुर शिवकुमार ने शव की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया ।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे खजुरी चौकी प्रभारी सचिन पटेल ने सूचना देकर मौके पर फिंगरप्रिंट को बुलाकर जांच करवाने के बाद। शव का फोटो खिंच नेट के माध्यम से व्हाट्सएप ग्रुपो पर वायरल किया तो शव की पहचान शिवपुर थानांतर्गत भुसोला (कादीचक) निवासी काशीनाथ कश्यप पुत्र बांकेलाल उम्र (47) वर्ष के रूप में हुआ ।चोलापुर थाना क्षेत्र के दशनीपुर ग्राम प्रधान शैलेन्द्र कुमार पटेल ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दिया ।सूचना पर पहुंचे मृतक के साले मनोज कश्यप ने शव का पहचान कर अपने बहन को सूचना दिया ।साले मनोज ने बताया कि शनिवार को बारह बजे जीजा एक शादी में बाबतपुर जाने को कहकर घर से निकले थे ।लेकिन देर रात तक घर नही पहुंचे तो बहन के साथ हम लोग रात में काफी खोजबीन किये सुबह सूचना मिली कि मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के हरपुर रिंग रोड के पास मृतक अवस्था में शव मिला है ।मृतक की पत्नी शव के पास पहुंचकर लिपिट कर दहाड़ मारकर रोने लगी ।मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था और मूल रूप से बड़ागांव थाना क्षेत्र के भिखारीपुर (साधौगंज) का निवासी था ।कुछ सालों से ससुराल में जमीन लेकर घर बनवाकर परिवार के साथ रह रहा था ।मृतक को एक पुत्र अनुराग व दो पुत्री सुंन्या व वैष्णवी बताई गई ।मृतक कुछ माह से खुद का स्विफ्ट कार लेकर चलाता था ।मृतक की पत्नी माया कश्यप हरहुआ ब्लॉक में कंप्यूटर ऑपरेटर पोस्ट पर कार्यरत है ।इस बाबत चौकी प्रभारी खजुरी सचिन पटेल ने बताया कि मृतक के पत्नी से पोस्टमार्टम के लिये तहरीर ले लिया गया है पोस्टमार्टम के बाद ही कन्फर्म होगा कि युवक की मौत कैसे हुई है ।वही परिजनों का कहना रहा कि शादी में जाने की बात कहकर घर से निकले थे लेकिन ये घर से बीस किलोमीटर दूर दूसरे रास्ते पर कैसे पहुँचे परिजनों ने जहर देकर हत्या की आशंका जताया ।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजा।

ब्रेड के दुकानदार ने फांसी लगाकर की इहलीला समाप्त

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

काशी विद्यापीठ/लोहता थाना क्षेत्र के न्यू बहार मार्केट में रविवार की सुबह एक व्यक्ति ने पंखे के हुक में नाईलान की रस्सी से फांसी लगाकर जान दे दिया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस मौंकेपर पहुंच शव को निचे उतरवाकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बिहार औरंगाबाद जिले के बखोरा गांव निवासी पिन्टू सिंह 50 वर्ष इसी थाना क्षेत्र के गोपालपुर कोरौता में मकान बनवाकर आठ साल से परिवार के साथ रहते थे और न्यू बहादुर मार्केट में बबलू सोनकर के मकान में ब्रेड की दुकान खोले थे। रविवार की सुबह दुकान खोलकर बैठे थे। इसी बीच ब्रेड की गाडी आई उससे ब्रेड लेने के बाद दुकान की छत में पंखा टांगने के लिए लगे हुक में नाईलान की रस्सी से फांसी लगा लिया। ब्रेड लेने के लिए एक ग्राहक पहुंचा तो देखा वह पंखे से लटक रहे है। तो वह चिल्ला कर आसपास के लोगों को बुलाया। आसपास के लोग आकर पुलिस को सूचना दिए। पुलिस मौंके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया की जांच की जा रही है। कैसे फांसी लगाए पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। फोरेंसिक टीम पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया। मृतक की पत्नी का नाम स्वीटी देवी है। दो लडके है विरू 10 और सचीन 13 पत्नी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

वार्षिक प्रदर्शनी में छात्राओं की दिखी प्रतिभा

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी।। गुरुनानक खालसा बालिका इण्टर कालेज में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया इस वार्षिक प्रदर्शनी में छात्राओं की प्रतिभा दिखी। इस विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल की छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपना मॉडल बनाकर उसे प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया। इस वार्षिक आयोजन में स्कूल के सौ से अधिक छात्राओं ने अपने मॉडल को प्रदर्शित किये। प्रदर्शनी का शुभारम्भ एडिशनल पुलिस कमिश्नर डा० शिवसिम्पी चन्नप्पा वाराणसी के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन और गणेश वंदना के साथ हुयी। विद्यालय की छात्राओं ने कौशल प्रयोग करते हुये। का विभिन्न रासायनिक विज्ञान के प्रयोग के लिये स्टॉल लगाये गये। प्रदर्शनी में जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गृह विज्ञान, कला के प्रयोग किये गए। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मुख्य अतिथि ने छात्राओं के बनाए मॉडल और उसकी प्रतिमा की सराहना की। एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने छात्राओं से हमेशा रचनात्मक सोच रखने की सलाह दी। कहा कि छात्राएँ हमेशा कुछ नया करने की सोचें और इसी में अपनी उर्जा को लगाएं। एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज इनोवेशन का जमाना है। नवाचार को हर क्षेत्र में बढ़ावा मिल रहा है और इससे अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने विज्ञान के साथ दूसरे क्षेत्रों में भी नवाचार को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया। प्रदर्शनी में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह जी व जिला विद्यालय निरीक्षक (द्वितीय) सोमारू प्रधान जी की उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि अवघ किशोर सिंह जी ने छात्राओं पत्राओं से मॉडलों के बारे में पूछा और छात्राओं की प्रतिभा को सराहा। कहा कि आज हम विज्ञान में नई-नई खोज करके अपने जीवन को आसान बना रहें है। आज वर्तमान जीवन विज्ञान के भरोसे चल रहा है। आज विज्ञान प्रयोगशाला को ज्यादा ध्यान देने की आवश्कता है। यह भी कहा कि छात्राओं द्वारा लगाये गये मॉडल अति सराहनीय है और आने वाला कल इन सभी बच्चों का है। साथ ही साथ सोमारू प्रधान जी ने कहा कि छात्राओं द्वारा हस्तशिल्प प्रदर्शनी अति सराहनीय है जिसमें छात्राओं की प्रसुप्त प्रतिभा की झलक दिखीं। प्रदर्शनी से काफी उत्साहित दिखे और कहा कि छात्राओं ने प्रदर्शनी लगाकर काफी सराहनीय कार्य किया। सर्वश्रेष्ठ मॉडलः भौतिक विज्ञान में चन्द्रयान-3, रसायन विज्ञान में Artificial Rain, जीव विज्ञान में Stage of Human evalution, गणित में अनुपात, वाणिज्य में व्यापार के सहायक, कम्प्यूटर में Robot and Computer Set, गृह विज्ञान में कियाशील पवन चक्की, संस्कृत में राम मन्दिर, पंजाबी में स्वर्ण मन्दिर, समाजिक विज्ञान में G20. कला में नारी शक्ति, संगीत में वाद्यो का वर्गीकरण, शारीरिक शिक्षा में वॉलीबॉल कोर्ट, इंग्लिश में Snow white, हिन्दी में कैकयी अनुताप रहा। छात्राओं के उत्साहवर्द्धन के लिय स्कूल की निर्देशिका जगजीत कौर जी ने बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यकम का संचालन विद्यालय की अध्यापिका रीमा चौरसिया तथा स्वागत विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती सुमेधा ने किया गुरूनानक स्कूल की निदेशिका श्रीमती जगजीत कौर ने सभी अतिथियों का शुकाना अदा किया इस कार्यकम के लिये विद्यालय की सभी छात्राओं को अपना आर्शीवचन दिया तथा सभी शिक्षिकाओं को इस प्रशंसनीय कार्य के लिये धन्यवाद दिया। इस मौके पर गुरूनानक इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रधानाध्यापिका नीलू कौर आदि मौजूद रहीं।

दिव्या गुंजन बनी भाजपा के बिहार प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष कार्यकताओं में खुशी का लहर

समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल

पालीगंज/ दिव्या गुंजन को भाजपा के बिहार प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष बनाये जाने पर पटना जिला ग्रामीण के भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर छा गई है।

जानकारी के अनुसार लम्बे अरसे से दिब्या गुंजन भाजपा पार्टी से जुड़कर सक्रिय जरीजरता जे रूप में कार्य कर रही थी। जिसके पार्टी के प्रति कार्यकलाप, समर्पण व निष्ठा को देखकर पार्टी के वरीय पदाधिकारियों व कार्यकताओं के द्वारा लिए गए निर्णय के बाद पार्टी की ओर से दिब्या गुंजन को भाजपा के बिनसर प्रदेश महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष

मनोनीत किया गया है। यह सूचना भाजपा के बिहार प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने एक मनोनयन पत्र जारी कर दिया है। जिसके बाद पालीगंज जे भाजपा कार्यकताओं के बीच खुशी की लहर छा गयी है।

वही कार्यकर्ताओ ने बधाई दिया है। बधाई देने वालो में भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पाटलिपुत्र लोक सभा के सांसद रामकृपाल यादव, भाजपा के पटना जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, निवर्तमान जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार, पूर्व विधायक राम जन्म शर्मा, पूर्व विधायक उषा विद्यार्थी, विक्रम विधान भाजपा प्रत्याशी अतुल कुमार, पटना जिला युवा मोर्चा महामंत्री धीरज कुमार गुप्ता, बिरेन्द्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार, संदीप गुप्ता, नारायण कुमार, विनोद कुमार, अखिलेश यादव, रेनू देवी सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता शामिल है।

पालीगंज में सुधा बूथ की दुकान का ताला तोड़कर 50 हजार की चोरी

समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल

पालीगंज/ बीते शनिवार की रात स्थानीय बाजार स्थित थाना से महज कुछ ही दूरी पर स्थित शिव मंदिर के पास सुधा बूथ की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात लोगों ने पांच हजार रुपये नगद सहित पचास हजार रुपये की समान चुरा लिया।

जानकारी के अनुसार पालीगंज के बोरिंग रोड मुहल्ला निवासी सूदर्शन प्रसाद के पुत्र आदित्या राज थाना से कुछ ही दूरी पर स्थानीय बाजार स्थित शिव मंदिर के पास लोहे की गुमटी ने सुधा डेयरी का बूथ चलाता है। प्रतिदिन की तरह वह शनिवार की शाम बूथ पर दुकान में ताला लगाकर घर चला गया। जब वह रविवार की सुबह बूथ पर पहुंचा तो दुकान का ताला कटा हुआ पाया। जब दुकान की तलाशी लिया तो टूटे हुए गल्ले से पांच हजार नगद, पनीर, दूध व मलाई सहित लगभग 50 हजार रुपये की समान गायब पाया। जिसे देख पीड़ित आदित्या राज ने पालीगंज थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। वही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पालीगंज में शोभा यात्रा के साथ हुआ नौ दिवसीय श्रीरामकथा महोत्सव की शुरुआत

समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल

पालीगंज/ स्थानीय बाजार स्थित उच्च विद्यालय के खेल मैदान में रविवार को शोभा यात्रा के साथ नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा महोत्सव की शुरूआत की गई।

जानकारी के अनुसार पालीगंज में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव के पहले दिन कथावाचक अयोध्या से आये सन्त श्री प्रभुदासजी महाराज के सानिध्य में बाजे गाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा कथास्थल पालीगंज उच्च विद्यालय खेल मैदान से निकलकर धरहरा गांव होते हुए उलार्क सूर्य मंदिर पहुंची। जहां स्थित चमत्कारी तालाब में सैकड़ो श्रद्धालुओ ने मंत्रोच्चारण के साथ अपने अपने कलशों में जल भरे। वहां से पुनः चलकर पालीगंज स्थित कथास्थल पहुंचे। जहां सभी कलशों को स्थापित किया गया। उसके बाद नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव की शुरूआत किया गया।

पूरे शोभा यात्रा के दौरान मौके पर पूर्व मुखिया चन्द्रसेन वर्मा, रवीश कौण्डिल्य व सुदेश्वर शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सुराज अभियान को लेकर पालीगंज में किया गया बैठक

समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल

पालीगंज/ रविवार को स्थानीय बाजार में जन सुराज अभियान को लेकर बैठक किया गया।

जानकारी के अनुसार बैठक की अध्यक्षता मोहन चौधरी व संचालन जन सुराज के पालीगंज नगर पंचायत संयोजक विकास कुमार ने किया। मौके पर मुख्य वक्ता डॉ. श्यामनन्दन शर्मा ने कहा कि हमे अपनी समस्याओ के लिए खुद लड़ना होगा। ऐसी सोंच के साथ जन अभियान चलाना होगा कि जन प्रतिनिधि जनता

के पीछे चलें। जन सुराज अभियान का यही उद्देश्य है की आप जाती धर्म के पचड़े नहीं पड़ें, अपने बच्चों के भविष्य व रोजगार, विकास के नाम पर वोट डालें। बैठक को सम्बोधित करते हुए राजकिशोर ने कहा कि कल से हीं अभियान में लगने का संकल्प लें। वही बैठक के दौरान पालीगंज नगर पंचायत के हर वार्ड में 25 चिंतनशील व सक्रिय लोगो की टीम बनाने का निर्णय लिया गया। वही प्रथम चरण में दिसम्बर माह तक 10 वार्डों में अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पूरे पालीगंज अगर पंचायत में जन जागरण यात्रा चलाने का निर्णय लिया गया। जिसे सफल बनाने के लिए 10 सदस्यी कमिटी के गठन किया गया। जिसमे राजकिशोर सिंह, विकास आर्या, मोहन चौधरी, अशोक शर्मा, जितेंद्र पासवान व धर्मेंद्र मांझी सहित अन्य लोग शामिल है।

पालीगंज में मनाया गया डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती

समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल

पालीगंज/ रविवार को स्थानीय बाजार स्थित आर्यसमाज मन्दिर में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती आर्य समाज मन्दिर विकास एवं निगरानी समिति द्वारा धूमधाम से मनाया गया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के दौरान भारत के प्रथम राष्ट्रपति सह देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को उनके जन्मदिन के अवसर पर याद करते हुए आर्य समाज मन्दिर विकास व निगरानी समिति के सदस्यों द्वारा उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर पर समिति के सचिव डॉ. ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने राजेन्द्र बाबू के जीवन पर प्रकाश डाला। वही सतीश चन्द्र ने बताया कि राजेन्द्र बाबू ने स्वतन्त्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति बनकर बिहार का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखकर राज्यवासियों को गौरवान्वित करने का काम किया है। मौके पर सतीश चन्द्र, डॉ. ज्ञान प्रकाश गुप्ता, राजकिशोर सिंह, महेन्द्र कुमार अशोक शर्मा, विजय कुमार सिन्हा, विजय प्रसाद, श्रीभगवान साह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पालीगंज में भाकपा माले का 14 वां प्रखंड सम्मेलन सम्पन्न

समाज जागरण वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल

पालीगंज/ रविवार को पालीगंज स्थित उच्च विद्यालय परिसर में माले का 14 वां प्रखंड सम्मेलन सम्पन्न हो गया। जानकारी के अनुसार नसुके पर माले की ओर से 19 सदस्यी प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसका सचिव सुरेंद्र पासवान को कमेटी द्वारा सर्व समिति से चुन लिया गया। प्रखंड सम्मेलन में कई प्रतिनिधि साथियों ने पार्टी कामकाज के रिपोर्ट पर मजबूती से बहस किया और भाकपा माले को बूथ स्तर तक नए पार्टी सदस्य की भरती और बूथ कमेटी बनाने व पार्टी को मजबूत बनाते हुए आने वाला 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को शिकस्त देने और इंडिया गठबंधन को धारदार बनाने का संकल्प लिया। इस प्रखंड सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य व पटना जिला कमेटी के सचिव कामरेड अमर जी, सम्मेलन के पर्यवेक्षक बिहार राज्य कमेटी के सदस्य कमलेश कुमार, पालीगंज के स्थानीय विधायक संदीप सौरभ, जिला कमेटी सदस्य बिनेश चौधरी व अनवर हुसैन ने भी सम्मेलन को सम्बोधित किया। मौके पर सैकड़ो माले कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बाजाखाना-बठिंडा रोड पर सड़क हादसा, 5 लोगों की मौत, जैतो पुलिस जांच में जुटी

दैनिक समाज जागरण

जैतो, 3 दिसंबर (रघुनंदन पराशर): जैतो उपमंडल के गांव बाजाखाना-बठिंडा नेशनल हाईवे पर देर शाम एक सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा रौंटा रजबाहा पुल के पास हुआ। यहां एक स्विफ्ट डिजायर कार (पीबी 03-बीबी 0731) बाईं ओर टाहली के पेड़ से टकरा गई। कार बठिंडा से बाजाखाना की ओर जा रही थी। हादसा इतना भयानक था कि कार में सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक व्यक्तियों में से एक की पहचान मनप्रीत सिंह पुत्र बलजीत सिंह निवासी कोठे रामसर वाले (कोटली-अबुलू) जिला श्री मुक्तसर साहिब के रूप में हुई है।मृतकों में एक अन्य अमनदीप सिंह पुत्र काला सिंह निवासी बाहो यात्री (जिला बठिंडा), गुर नानक सिंह पुत्र गुरलाल सिंह निवासी राय के कलां (जिला बठिंडा), एक मृतक व्यक्ति बठिंडा जिले के गांव घुड़ा का रहने वाला था। और दूसरा झुम्बा से. बताया जा रहा है। इस दुर्घटनास्थल से करीब 100 फीट आगे एक और I20 कार (पी.बी. 08- ई.सी.1233) दुर्घटनाग्रस्त हो गई है।इस हादसे का हैरान करने वाला पहलू यह देखने को मिला कि गाड़ी में लगे सेफ्टी बैलून खुले हुए थे लेकिन कार में सवार लोग गायब थे। पुलिस के मुताबिक कार के मालिक की पहचान विक्की कुलदार पुत्र सोर्डी राम निवासी बिल्ली चारम (निकट शाहकोट) के रूप में हुई है।डी.एस.पी.जैतो सुखजीत सिंह सहित एस.एच.ओ.बाजाखाना ने मौके पर पहुंचकर दोनों हादसों का जायजा लिया। अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों दुर्घटनाओं के संयोजन की प्रबल संभावना है।हादसे के तुरंत बाद जैतो से समाज सेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता एंबुलेंस सहित घटनास्थल पर पहुंच कर राहत कार्य में जुट गए हैं।

जैतो पुलिस ने 6 मोटरसाइकिल सहित चोर को किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण

जैतो,3 दिसम्बर (रघुनंदन पराशर): हरजीत सिंह एस.एस.पी.फरीदकोट के दिशा निदेर्शानुसार व डी.एस.पी.जैतो श्री सुखदीप सिंह के कुशल नेतृत्व में बुरे तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जैतो पुलिस ने जसवंत सिंह के नेतृत्व में मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। प्रेस वार्ता के दौरान डी.एस.पी. सुखदीप सिंह व थाना प्रमुख मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस आरोपी नवदीप सिंह उर्फ विक्की उर्फ गुरसरन सिंह उर्फ सरना पुत्र जसवीर सिंह निवासी कोठे नानकसर थाना सिटी कोटकपुरा जिला फरीदकोट को एक शराब सहित गिरफ्तार किया गया था। चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल। पुलिस रिमांड हासिल करने के बाद चोरी की 5 और मोटरसाइकिलें बरामद की गईं । आरोपियों के खिलाफ थाना जैतो में मामला दर्ज कर लिया गया है। मोटरसाइकिलों का विवरण इस प्रकार है, रॉयल इन फील्ड नंबर, पीबी-बीएसएन 5034, स्प्लैडर बिना नंबर, डीलक्स पीबी04-एस-6676, स्प्लैडर पीबी03-आर-2173, स्प्लैडर नंबर पीबी03-एके-9097 और सीटी-100 नंबर पीबी03-एवी-2356 । उन्होंने आगे बताया कि आरोपियों के खिलाफ पहले भी गिद्दड़बाहा और स्मालसर थाने में मामले दर्ज हैं।

भारत उच्चतम वोट के साथ अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन के लिए फिर से निर्वाचित

भारत "अंतर्राष्ट्रीय समुद्री व्यापार में सबसे बड़ी रुचि" वाले 10 राज्यों की श्रेणी में

रघुनंदन पराशर
दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली, 3 दिसंबर : 2024-25 द्विवार्षिक के लिए विधानसभा में हुए चुनावों में भारत को सबसे अधिक संख्या के साथ अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) परिषद के लिए फिर से चुना गया। भारत का पुनःचुनाव ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, स्पेन, स्वीडन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ "अंतर्राष्ट्रीय समुद्री व्यापार में सबसे बड़ी रुचि" वाले 10 राज्यों की श्रेणी में आता है।केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री श्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा, ह्लपीएम मोदी के नेतृत्व में मंत्रालय ने हर संभव प्रयास किया है।हम भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समर्थन से प्रसन्न और विनम्र हैं। सर्वाधिक वोट अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संचालन में भारत के विविध योगदान को मजबूत करने के सरकार के दृढ़ संकल्प का संकेत देते हैं।भारत ने वैश्विक समुद्री क्षेत्र में सेवा जारी रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का बड़े पैमाने पर समर्थन हासिल किया। अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) समुद्री उद्योग को नियंत्रित करने वाला अग्रणी प्राधिकरण है, जो वैश्विक व्यापार, परिवहन और सभी समुद्री संचालन का समर्थन करता है।भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव श्री टी.के.रामचंद्रन ने किया, जिसमें डीजी शिपिंग श्री श्याम जगन्नाथन, डीजीएस के अधिकारी, लंदन में भारतीय उच्चायोग के अधिकारी और उद्योग के प्रतिनिधि शामिल थे।

परिषद आईएमओ का कार्यकारी अंग है और संगठन के काम की निगरानी के लिए विधानसभा के तहत जिम्मेदार है। विधानसभा के सत्रों के बीच, परिषद समुद्री सुरक्षा और प्रदूषण की रोकथाम पर सरकारों को सिफारिशें करने के अलावा विधानसभा के कार्य करती है।एमआईवी 2030 के तहत आईएम ओ में प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए भारत का लक्ष्य आईएम ओ लंदन में स्थायी प्रतिनिधियों की नियुक्ति करना है।भारत के लिए समुद्री विशेषज्ञता को बढ़ाने और हासिल करने की दृष्टि से यह प्रस्तावित है कि भारत को आईएमओ में जूनियर प्रोफेशनल ऑफिसर (जेपीओ) कार्यक्रम के लिए कम से कम 2 योग्य उम्मीदवारों को नामांकित करना चाहिए। जेपीओ कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र के भीतर एक स्थापित कार्यक्रम है जिसका मुख्य उद्देश्य युवा पेशेवरों को विशेषज्ञों की देखरेख में अंतरराष्ट्रीय सहयोग में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने और अपने देश के जनादेश की उन्नति में योगदान करने का अवसर प्रदान करना है। अमरीक काल विजन 2047 में भारत की वैश्विक समुद्री उपस्थिति को मजबूत करने के लक्ष्य भी निर्धारित किए गए हैं।अमृत काल विजन 2047 एक्शन प्लान के हिस्से के रूप में 43 पहलों की पहचान की गई है, जिनमें से प्रमुख पहल हमारी वैश्विक समुद्री उपस्थिति को मजबूत करने पर केंद्रित है जिसमें भारत में समर्पित आईएमओ सेल, आईएमओ मुख्यालय, लंदन में एक स्थायी प्रतिनिधि की नियुक्ति, बिम्सटेक मास्टर का कार्यान्वयन शामिल है। समन्वित और समयबद्ध तरीके से क्षेत्रीय परियोजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत बिम्सटेक संस्थागत संरचना बनाने की योजना बनाना आदि।

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।

पर्यटन मंत्रालय ने राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम और राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे प्रतियोगिता- 2024 का शुभारंभ ,आवेदन 31 तक आमंत्रित

दैनिक समाज जागरण

जैतो,3 दिसम्बर(रघुनंदन पराशर): पर्यटन मंत्रालय ने एतवार को कहा कि मंत्रालय ने देश में ग्रामीण पर्यटन के प्रचार और विकास को बल प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता 2024 और राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ किया है। राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता 2023 के पूर्व संस्करण ने पूरे भारत के 35 ग्रामों को स्वर्ण, रजत और कांस्य श्रेणियों में मान्यता प्रदान की थी। भारत में ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहन देने के साथ ही राष्ट्रीय कार्यनीति द्वारा ग्रामीण होमस्टे को बढाव्रा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए व्यापक राष्ट्रीय रणनीति और रोडमैप का शुभारंभ किया। पर्यटन मंत्रालय ने भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान के सहयोग से राष्ट्रीय कार्यनीतियों के कार्यान्वयन की शुरूआत की है। ग्रामीण पर्यटन और ग्रामीण होमस्टे को प्रोत्साहन देने के लिए विशिष्ट पहलों में से एक राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम और राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे प्रतियोगिता का आयोजन करना है।सहयोग को बढ़ावा देने और ग्रामीण पर्यटन की संवृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने हेतु, मंत्रालय ने इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से सरकारों,उद्योग हितधारकों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और स्थानीय समुदायों को सक्रिय रूप से कार्यबद्ध किया है। यह बहु-हितधारक पद्धति ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को बल प्रदान करने के प्रयासों में तालमेल बनाती है।इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य ग्रामीण पर्यटन में उत्कृष्ट योगदान की पहचान करने और उन्हें पुरस्कृत करने के लिए ग्रामों और ग्रामीण होमस्टे के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को विकसित करना है, जिससे समुदायों और व्यक्तियों को सतत विकास लक्ष्यों में सक्रिय योगदान के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

इन प्रतियोगिताओं से न केवल अन्वेक्षित क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, तथापि सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने, सांस्कृतिक प्रामाणिकता को संरक्षित करने और पर्यटन क्षेत्र में दीर्घकालिक और उत्तरदायी अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए एक तरंगित प्रभाव भी पैदा होगा।पर्यटन मंत्रालय ने ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए की गई पहल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसी, ग्रामीण पर्यटन और ग्रामीण होमस्टे (सीएनए आरटी और आरएच) की स्थापना की है। सीएनए आरटी एंड आरएच ग्रामीण स्तर पर प्रतियोगिताओं के प्रचार-प्रसार हेतु मास्टर ट्रेनर तैयार करने के लिए राज्यों के लिए क्षमता निर्माण सत्र आयोजित कर रहा है।इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्व पर्यटन दिवस, 27 सितंबर 2023 को किया गया था और प्रतियोगिताओं के लिए आवेदन 15 नवंबर से 31 दिसंबर, 2023 तक आमंत्रित हैं। आवेदन www.rural.tourism.gov.in के माध्यम से प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

रेल मंडल ने 1,25,650 रुपए बिना टिकट यारियों से जुमार्ना वसूला

दैनिक समाज जागरण

कैप्शन - फिरोजपुर रेल मंडल का एक अधिकारी यात्री का टिकट चैक करते हुए।(पराशर)

जैतो,3 दिसम्बर (रघुनंदन पराशर): उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल रेल प्रबंधक श्री संजय साहू एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री यशवीर सिंह गुलेरिया के निदेर्शानुसार शनिवार को विशेष टिकट चैकिंग अभियान चलाया गया जिसमें वाणिज्य प्रबंधक श्री अजय हांडा की अगुआई में डी.सी.टी.आई.श्री संजीव ने 10 अन्य चेकिंग स्टाफ के साथ ट्रेन संख्या 15708 और 12029/12030 अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस में जालंधर सिटी से लुधियाना-अमृतसर और वापसी लुधियाना में अनियमित और बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों से ड्ट125650 जुमार्ने के तौर पर वसूल किए। इसके साथ ही उन्होंने यात्री सुविधाओं, खानपान व्यवस्था की भी गहनता से जांच की जो की संतोषजनक पाई गई । मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि बिना टिकट यात्रा करना कानूनन जुर्म है। अतः उन्होंने यात्रियों से अपील किया कि वे वैध टिकट लेकर ही यात्रा करे। उन्होंने बताया कि इस तरह का स्पेशल टिकट चेकिंग अभियान फिरोजपुर मंडल की ट्रेनों तथा स्टेशनों पर सतत रूप से जारी रहेगा। उन्होंने आने-जाने वाले यात्रियों से वातार्लाप किया और उनको ह्लयूटीएस ऑन मोबाइल एपह्न के बारे में जागरूक किया। ह्लयूटीएस ऑन मोबाइल एपह्न तथा ह्लए. टी.वी.एम. (अळश्ट)ह्न मशीन से अनारक्षित टिकट लेने पर समय के साथ-साथ धन की भी बचत होती है। उन्होंने यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपील किया कि वे स्टेशन को साफ-सुथरा बनाए रखने में रेलवे की सहयोग करें।

शिवालिक पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया वार्षिक समारोह "राइजिंग स्टार"

दैनिक समाज जागरण

जैतो,3 दिसम्बर(रघुनंदन पराशर): शिक्षा क्षेत्र में नामवर संस्था शिवालिक पब्लिक स्कूल में वर्ष 2023-24 का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि एस.एस.पी. हरजीत सिंह के साथ-साथ डी.एस.पी. सुखदीप सिंह और ट्रक यूनियन के प्रधान हरसिमरन मल्होत्रा का बहुत ही अच्छे ढंग से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंधन समिति, गणमान्य व्यक्तियों एवं प्राचार्य साहब द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा गणेश वंदना,कवाली, गुजराती नृत्य और पंजाबी संस्कृति और पश्चिमी संस्कृति को दशार्ता हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया गया।नशे, भांगड़ा और गिद्दा आदि से संबंधित पंजाबी नाटक प्रस्तुत किए गए। रंग-बिरंगे परिधानों में छोटे-छोटे बच्चे बहुत सुंदर लग रहे थे।स्कूल के प्रिंसिपल निखिल गांधीजी और शिवालिक किंडज स्कूल की प्रिंसिपल सुखविंदर कौर ने स्कूल की वार्षिक शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें वार्षिक शैक्षणिक परिणामों के दौरान प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही गैर शैक्षणिक गतिविधियों में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया ।निखिल गांधी जी ने छात्रों द्वारा किये गये रंग-रंग कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि बच्चों को इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेते रहना चाहिए ताकि वे अपने अंदर छुपी कला को सामने ला सकें। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री अश्वनी कुमार गर्ग, अशोक कुमार गर्ग, कन्हैया कुमार गर्ग, सरदार जगमेल सिंह, श्री गौरव गर्ग एवं श्रीमती दीपी गर्ग ने इस अवसर पर आये हुए अतिथियों एवं अभिभावकों का धन्यवाद किया एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।

शिवालिक पब्लिक स्कूल इकाई जैतो में आयोजित वार्षिक समारोह की झलकियां।(पराशर)

भाजपा की प्रचंड विजय मोदी सरकार की जनकल्याण नीतियों पर मोहर : प्रदीप सिंगला

देश को मोदी जी की गारंटी पर पूर्ण विश्वास

दैनिक समाज जागरण

जैतो,3 दिसम्बर(रघुनंदन पराशर):भाजपा को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में चुनावों में सम्पूर्ण बहुमत से प्रचंड विजय मिलने के बाद स्थानीय भाजपा कार्यकताओं और शहरवसीयो द्वारा जैतो नगर कौंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष व पंजाब भाजपा गौ रक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रदीप सिंगला मौजूदा कौंसिलर के निवास स्थान पर बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा। इस अवसर पर प्रदीप सिंगला द्वारा वहां मौजूद शहर निवासियों एवं साथियों को लड्डू खिला कर राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा को मिली इस अभूतपूर्व सफलता पर इस खुशी का इजहार किया। प्रदीप सिंगला ने कहा कि यह प्रचंड जीत प्रधानमंत्री श्री नरिंदर मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा द्वारा जनता की सेवा,सुशासन, गरीब कल्याण जन कल्याण की नीतियों और और जन-जन में विश्वास की जीत है।यह जीत इस बात का स्पष्ट संदेश है कि पूरे देश को मोदी जी की गारंटी पर पूर्ण विश्वास है। इस चुनावों के दौरान यह बात तो स्पष्ट हो गई कि भारत वासियों ने दिलों में नरेन्द्र मोदी के प्रति तथा उनके प्रधान मंत्री के रूप में उनसे कितना प्यार है। इन चुनावों में मोदी लहर एक लहर न रह कर सुनामी बन कर सामने आई है। इस अवसर पर पुरूषोत्तम सिंगला, प्रवीन जिंदल, रमेश वर्मा, मन्नू वर्मा, विकास बांसल दीपू, विशाल बांसल, महेश कुमार, संदीप गर्ग, विशाल महेश्वरी, पंकज शर्मा, योगेश बांसल, रमन सिंगला, पंकज सिंगला, शिवजी बांसल, अमित शीनू व अन्य भी उपस्थित थे।

पंजाब में स्कूलों का समय बदला,9.30 बजे लगेंगे स्कूल

चंडीगढ, 3 दिसंबर (रघुनंदन पराशर): पंजाब में अचानक एक दम से ठंड बढने के कारण एक बार फिर स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। घनी धुंध व मौसम में तबदीली कारण पंजाब सरकार ने राज्य के सभी

सरकारी, एडिड, मान्यता प्राप्त व प्राइवेट स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है, जिसके चलते अब स्कूलों के खुलने का समय सुबह 9.30 बजे शाम 3.30 बजे तक कर दिया है। यह जानकारी शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने टवीट कर बताया है कि राज्य के कुछ हिस्सों में पड़ रही घनी धुंध व मौसम में बदलाव को देखते छात्रों व टीचरों की सेहत सुरक्षा को मद्देनजर रखते राज्य के सभी सरकारी एडिड, मान्यता प्राप्त व प्राइवेट स्कूलों के खुलने का समय सुबह 9.30 बजे और छुट्टी का समय 3.30 बजे किया जाता है। ये निर्देश सोमवार 4 से 23 दिसम्बर 2023 तक सभी प्राईमरी/मिडल/हाई और सीनियर सैकेंडरी सभी स्कूलों पर लागू रहेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए वर्ष -2023 के राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए

रघुनंदन पराशर
दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली,3 दिसम्बरः राष्ट्रपति सचिवालय ने एतवार को बताया कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन वर्ष के अवसर पर दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए वर्ष 2023 के राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए।

इस अवसर पर अपने संबोधन में, राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार एक सराहनीय माध्यम है क्योंकि व्यक्तिगत और संस्थागत कार्यों को मान्यता देने से सभी प्रोत्साहित होते हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले दिव्यांगजनों को अपनी क्षमता के अनुसार अन्य दिव्यांगजनों की सहायता करनी चाहिए।राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व की कुल जनसंख्या का लगभग 15 प्रतिशत दिव्यांगजन हैं और उनका सशक्तिकरण उच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दिव्यांगों के प्रति समाज के दृष्टिकोण में परिवर्तन आया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उचित सुविधाओं, अवसरों और सशक्तिकरण प्रयासों की मदद से सभी दिव्यांगजन समानता और सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर सकेंगे।राष्ट्रपति ने कहा कि यह गर्व की बात है कि नए संसद भवन का हर हिस्सा दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि इससे सीख लें और आरम्भ से ही दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमें नवीनीकरण के स्थान पर नवप्रवर्तन के दृष्टिकोण के साथ काम करना चाहिए।राष्ट्रपति ने कहा कि गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य और कल्याण, अच्छी शिक्षा, स्त्री-पुरुष समानता, स्वच्छता तथा पेयजल आदि से संबंधित सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को बल मिलता है। उन्होंने बताया कि भारत ने इन लक्ष्यों को उच्च प्राथमिकता दी है और उन्हें प्राप्त करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।एशियाई पैरा खेलों में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने अपनी अदम्य विजयी भावना के बल पर नया इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन में लगातार उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। उन्होंने इस संबंध में डॉ. दीपा मलिक और सुश्री अवनि लेखारा जैसे खिलाड़ियों द्वारा निभाई गई प्रेरक भूमिका की सराहना की।

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक आ-ॅफर है। मात्र 300 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।

भारतीय जलवायु परिस्थितियों के लिए सबसे उपयुक्त कूलेंट (शीतलक) पर शोध के प्रयासों को बढ़ावा देने की आवश्यकता: सुश्री लीना नंदन

भारत ने एच.सी.एफ.सी. के उत्पादन और खपत के 35 प्रतिशत के चरणबद्ध लक्ष्य के मुकाबले 44 प्रतिशत किया हासिल

रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण

चंडीगढ़,3 दिसम्बरः पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय सचिव सुश्री लीना नंदन ने कहा कि भारत अपने सभी जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने में सक्रिय रूप से नेतृत्व करेगा। दुबई में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र का फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) कॉप-28 के अवसर पर भारतीय पवेलियन में ह्यसतत शीतलन की दिशा में भारत की यात्राह्न विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के मामले में भारत की वर्तमान स्थिति में इस संकल्प से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जब भारत ने 2015 में राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) की घोषणा की थी, तो हमने 2030 तक उत्सर्जन तीव्रता में 33-35 प्रतिशत कमी लाने की परिकल्पना की थी, लेकिन हमने इसके प्रयासों को बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाया है। भारत ने विकास जारी रखा है, इसने आर्थिक विकास से उत्सर्जन को भी उत्तरोत्तर कम किया है और इसके परिणामस्वरूप 2019 में ही सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता में 33 प्रतिशत की कमी आई है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय सचिव सुश्री लीना नंदन ने इस सफलता का श्रेय भारत द्वारा अपनी आवश्यकताओं के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को दिए गए समान प्रोत्साहन को दिया।सुश्री नंदन ने यह भी कहा कि भारत अपनी उपलब्धियों और जलवायु महत्वाकांक्षाओं को बढ़ाने के लिए अग्रसर हैं। पिछले साल अद्यतन किए गए एनडीसी हमारी चिंता को दशार्ते हैं कि हमें वास्तव में वैश्विक बंधुत्व भाव के रूप में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए बहुत कुछ करने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि भारत, समस्या का हिस्सा नहीं रहा है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के परिणामों का सामना कर रहा है, और फिर भी भारत ने समाधान में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए कदम बढ़ाया है। यह अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी, विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन के भारत के दृष्टिकोण में प्रभावी ढंग से परिलक्षित होता है।उन्होंने कहा कि इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान कई देशों के लिए आदर्श मॉडल बन गया है। हमें अपने प्रयासों को सुदृढ़ करने और परिवर्तन में अग्रणी भूमिका निभाने की आवश्यकता है और हमें ऐसे कूलेंट (शीतलक) पर शोध करना होगा जो भारतीय जलवायु परिस्थितियों के लिए सबसे उपयुक्त हों। उन्होंने कहा कि इस शोध को उद्योगों के साथ विचार-विमर्श के जरिए तय किया जाना चाहिए ताकि इस तकनीक को जल्द अपनाया जा सके और आगे बढ़ाया जा सके।उन्होंने कहा कि भारत तय करेगा कि उसका जिम्मेदारीपूर्ण और सतत रूप से विकास कैसे हो। सचिव ने कहा कि भारत सरकार इस दिशा में महत्वपूर्ण समाधानों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उद्योग और अन्य हितधारकों को भारत को शीतलन के पहलुओं में अग्रणी बनाने के लिए आमंत्रित किया।पवेलियन में आयोजित कार्यक्रम में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारत की सफलता और एक स्थायी शीतलन व थर्मल कम्फर्ट इको-सिस्टम बनाने की दिशा में रोडमैप प्रदर्शित किया गया, जो पर्यावरणीय स्थिरता के लिए एक आवश्यकता बन गया है।पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की आर्थिक सलाहकार सुश्री राजश्री रे ने भारत में सतत शीतलन और उष्णता से दूर कर शीतल स्थिति प्राप्त करने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित किया।इस कार्यक्रम के दौरान ह्यसतत शीतलन की दिशा में भारत की यात्राह्न पर एक प्रकाशन जारी किया गया, जो अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं के साथ तालमेल सहित भारत द्वारा की गई विभिन्न पहलों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों जैसे आवासीय और वाणिज्यिक भवनों, कोल्ड-चेन, प्रशीतन, परिवहन और उद्योगों में शीतलन का महत्वपूर्ण उपयोग है। देश की अपेक्षित आर्थिक वृद्धि के कारण भविष्य में इन और अन्य क्षेत्रों में इस मांग का विस्तार होगा। शीतलन की दिशा में एकीकृत दीर्घकालिक दृष्टिकोण विकसित किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान (आईसीएपी), एक बहु-हितधारक, एकीकृत और परामर्शी प्रक्रिया है, जो विभिन्न क्षेत्रों में शीतलन की मांग और शीतलन आवश्यकताओं के लिए कार्यों को समन्वित करता है। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल लागू करने के दौरान, भारत विश्व स्तर पर कुछ देशों में से एक है और कुछ मामलों में प्रौद्योगिकियों के उपयोग में अग्रणी है। भारत गैर-ओजोन क्षयकारी पदार्थ और ग्लोबल वार्मिंग कम करने की क्षमता रखता हैं। भारत ने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल शेड्यूल से काफी पहले 1.1.2020 तक कठोर पॉलीयुरेथेन फोम के उत्पादन में ब्लोइंग एजेंट के रूप में उपयोग किए जाने वाले एचसीएफसी 141 बी को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने की चुनौती को स्वीकार किया और इस दिशा में कार्य किया। इसी प्रकार नए उपकरणों के निर्माण में एचसीएफसी का उपयोग 31.12.2024 तक चरणबद्ध रूप से समाप्त कर दिया जाएगा, जो मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल शेड्यूल में प्राथमिक होगा। 1.1.2020 को बेसलाइन से एचसीएफसी के उत्पादन और खपत के 35 प्रतिशत के चरणबद्ध लक्ष्य के मुकाबले, भारत ने एचसीएफसी फेज आउट मैनेजमेंट प्लान (एचपीएमपी) स्टेज-2 को लागू करने में सक्रिय उपायों के कारण 44 प्रतिशत हासिल किया।सत्र में ब्लू स्टार लिमिटेड, एसआरएफ लिमिटेड और सुब्रोस टेक्निकल सेंटर के वक्ता भी शामिल थे, जिन्होंने टिकाऊ शीतलन की दिशा में उद्योगों की पहल पर प्रकाश डाला। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और जर्मन विकास एजेंसी डॉयचे गेसेलशाफ्ट फर इंटरनेशनेल जुसामेनरबीट (जीआईजेड) सहित कार्यान्वयन एजेंसियों ने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कार्यान्वयन एजेंसियों के परिप्रेक्ष्य को प्रस्तुत किया।

बिभाग के खिलाफ अर्धनग्न होकर धरने पर बैठा युवक

बिल जमा करने के बाद भी उपभोक्ता हो रहे प्रताडित

बिल जमा करने के दूसरे दिन ही फिर निकाला दिया बिल

पूरनपुर। बिजली विभाग के कारनामा के चलते उपभोक्ता परेशान हो रहे

हैं। उपभोक्ताओं के बिल जमा होने के बाद भी उपभोक्ताओं का बिजली बिल निकाला जा रहा है।एक युवक ने वीडियो वायरल कर विद्युत विभाग पर गंभीर आरोप लगाकर युवक अर्धनग्न होकर बिजली विभाग के खिलाफ धरने पर बैठ गया है।विरोध प्रदर्शन कर बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए है।

एकमुश्त समाधान योजना के तहत बकाया जमा करने का अवसर दिया जाता है।योजना का लाभ लेकर कनेक्शन धारक भी बकाया बिजली बिल से मुक्त होने की लालसा से हिसाब के अनुसार बिल भी जमा कर देते हैं।लेकिन विभागीय लापरवाही का हाल यह है कि जमा के बाद भी विभाग के प्राइवेट कर्मचारियों उपभोक्ताओं का बिल निकाल रहे हैं।जिससे उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला निवासी सलमान का रविवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।जिसमें युवक बता रहा है कि दो दिन पूर्व विधुत विभाग के जेई से मिलकर उसने अपने बिजली के बिल का सारा भुगतान कर दिया था।उसके बाद भी उसके घर पहुँचे बिजली विभाग के प्राइवेट कर्मचारियों ने रविवार को मीटर की रीडिंग देखकर 1400 रुपये का बिल निकाल दिया गया।जब सलमान कहा कि मेने अपना सारा भुगतान दो दिन पहले फाइनल कर दिया था। तो बकाया कहा से आ गया।इस पर विधुत विभाग के जेई मामले को निपटानें की बात करने लगे।आरोप है की मामले की शिकायत पुलिस से की गई।आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने भी युवक के साथ अभद्रता की गई।जिससे नाराज युवक अर्धनग्न होकर क्षेत्रीय लोगों के साथ विधुत विभाग के जेई व कर्मचारियों के अलावा पुलिसकर्मी के खिलाफ धरने पर बैठ गया।इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वताया जा रहा है कि पूरा बिजली बिल जमा कर दिया जाता है। उसके बाद फिर से उपभोक्ताओं का बिल निकाला जा रहा है। इसके चलते लोगों में बिजली बिभाग के खिलाफ रोष देखा जा रहा है।उपभोक्ताओ ने व्यवस्था ठीक कराए जाने की मांग की है।

जेके बैठक में स्थापना दिवस को सफल बनाने पर चर्चा

दैनिक समाज जागरण

पीलीभीत। जनपद की तहसील कलीनगर क्षेत्र के जमुनियां जन कल्याण सुरक्षा संघ के कार्यालय में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें द्वितीय स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह ने संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से स्थापना दिवस में अधिक से अधिक जनसहयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि द्वितीय स्थापना दिवस पर भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रभारी मूलचन्द पाण्डेय ने कहा सभी पदाधिकारी अपने साथ में कम से कम पांच लोगों को लेकर आए जिससे कार्यक्रम में जनसहयोग मिलेगा। जिला उपाध्यक्ष अरविन्द यादव ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है जिसमें सभी पदाधिकारी अभी से कोशिश करने में लग जाएं। दयाराम यादव ने कहा कि जो भी क्षेत्रवासी अपनी समस्याओं से परेशान हैं जिनकी कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है वो लोग अपने प्रार्थना पत्र लेकर अवश्य आए और हमारे पदाधिकारियों के पास जमा करा दें उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देकर समस्याओं का समाधान कराने की कोशिश जन कल्याण सुरक्षा संघ के पदाधिकारियों द्वारा की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि द्वितीय स्थापना दिवस नगर पंचायत कलीनगर में श्री ठाकुर द्वारा मंदिर प्रांगण में मनाया जाएगा। मीटिंग में धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, राजकुमार, राजेश कुमार, मो. सलमान, सुशांत मण्डल, हरिशंकर, परशुराम, वीरेंद्र कुमार, कृष्णपाल, प्रेमपाल, राजेन्द्र कुमार, महेन्द्र वर्मा, माखनलाल, एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

खून के आंसू रोने को मजबूर हो रहा गन्ना किसान

दैनिक समाज जागरण

किसान नेता ने लगाया जीएम पर लापरवाही का आरोप

पूरनपुर। भाकियू के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह आरोप लगाया है कि दि0 किसान सहकारी चीनी मिल के जीएम रमाकांत वर्मा की घोर लापरवाही के कारण चीनी मिल पूरनपुर के गन्ना किसानों को खून के आंसू रोने को मजबूर कर दिया है। किसान नेता मंजीत सिंह ने वताया कि जिले की सभी चीनी मिलों ने 25 दिन पूर्व ही गन्ने की पेराई शुरू कर दी।लेकिन दि0 किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर आज भी मरम्मत के अभाव में बन्द पडी है। गन्ना किसानों की पेड़ी गन्ना सप्लाई न होने के कारण पेड़ी के खेतों में गेहूं की बुवाई नहीं हो सकी।जिससे चीनी मिल पूरनपुर क्षेत्र के किसानों को बहुत अधिक आर्थिक घाटा सहन करना पड़ेगा।जिसकी भरपाई नहीं हो सकेगी इससे और ज्यादा गन्ना किसानों के साथ क्या कुठाराघात हो सकता है।चीनी मिल पूरनपुर क्षेत्र के गन्ना किसानों के साथ भद्दा मजाक किया जा रहा है।इस सिस्टम के आगे किसान लाचार व बेबस हैं खेद इस बात का है कि गन्ना किसानों की पीड़ा को किसी भी जनप्रतिनिधि ने सुना समझा नहीं पूरनपुर चीनी मिल इस क्षेत्र का नाममात्र का छोटा सा उद्योग है व भी जर्जर हालत में है।इससे ओर किसानों के लिए दुख की बात क्या हो सकती है। चीनी मिल देर से चलने से गन्ना किसानों को तो घाटा होगा ही। लेकिन उसके साथ-साथ चीनी मिल को भी घाटा होना तय है। क्योंकि चीनी मिल देरी से चलने के कारण क्षेत्र का गन्ना दूसरी प्राइवेट चीनी मिलों में डेजर्ट हो रहा है इस से मैं समझता हूँ कि इस बार चीनी मिल को कम गन्ना पेर कर समय से पहले बन्द करना पड़ेगा जिससे चीनी मिल का घाटा भी और बढ़ेगा।

बौद्ध धम्मज्ञान चर्चा का पांच दिवसीय कार्यक्रम

सीतापुर विधान सभा क्षेत्र बिसवां के ग्राम कोंसर पोस्ट मदनापुर मे पांच दिवसीय बौद्ध धम्मज्ञान देशना एंव जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया आयोजन मे मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया कथावाचक संतोष कुमार बौद्ध बौद्ध व वा उनकी पूरी टीम ने मनमोहक झाकियों के माध्यम से लोगों के दिलों को जीता, मुख्य अतिथि एड गोपी नाथ चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैडर मा एड अजीत भारती जी । अजीत भारती जी ने लोगों को मिशन और पार्टी के बारे में जानकारी दी लोगों को सम्बोधित किया,एड गोपी नाथ चौधरी जी ने अपने विचार प्रस्तुत किए एवं तथागत के पांच शीलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी वर्तमान परिस्थिति के बारे में बहुत कुछ बताया आप के क्षेत्र सोनावा सकरन से बुलाए गए डॉ योगेन्द्र प्रताप चौधरी जी विधान सभा अध्यक्ष लहरपुर आजाद समाज पार्टी (काशीराम) सीतापुर ने धम्म मंच से आह्वान किया, कि अपने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी चाहिए। अन्य खर्च रोककर अच्छे विद्यालय में नाम लिखवाना चाहिए, बच्चे ही भविष्य का निर्माण करते हैं, पढ़ लिख कर कोई डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, बनता है ,कोई आईपीएस बनता है,कोई पुलिस अधिकारी बनता है।

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों को दिया इसका अश्वाशन

महाविद्यालय को अनुदान पर लाने के लिए मिले विधायक

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय को राजकीय अनुदान पर लेने के लिए गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार एवं महाविद्यालय के संरक्षक क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान,बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने से भेंट कर महाविद्यालय को राजकीय अनुदान पर लेने एवं बीएससी कृषि की कक्षाएं इस सत्र से प्रारंभ करने हेतु अनुमति दिलाने का अनुरोध किया।जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र पत्रावलियों का निस्तारण कर दिया जाएगा।

गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय गन्ना किसानों की कटौती से 1994 में स्थापित हुआ। गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय निरंतर 2016 से प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार शर्मा के निर्देशन में प्रगति के पथ पर अग्रसर है।इस महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं प्रशासनिक एवं रक्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।वर्तमान में महाविद्यालय में लगभग 2400 छात्र- छात्राएं अध्यनरत हैं।महाविद्यालय में बीए बीकॉम एवं एमए की कक्षाएं संचालित है।महाविद्यालय में मुख्यमंत्री की प्रेरणा से प्रेरित होकर दो प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय संगोष्ठियों को आयोजन किया गया।इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा मां गोमती शरद कालीन महोत्सव में गोमती उद्गम स्थल पर भी प्राकृतिक खेती पर गोष्ठी की गई। मुख्यमंत्री द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देकर कहा की बीमारियों से निजात के लिए प्राकृतिक खेती आवश्यक है। इस हेतु आप छोटी-छोटी गोष्ठियों का आयोजन करके भी क्षेत्र में जागरूकता लाने एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु प्रयास करते रहें।वर्तमान समय में महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ए.एन.ओ. डा॰ अर्निका दीक्षित के साथ महाराजगंज गोरखपुर में आर्मी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।एनसीसी कैडेट्स एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक विभिन्न क्षेत्रों में समाज को जागरूक कर रहे हैं।महाविद्यालय को भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त प्राचार्य डॉ सुधीर शर्मा के प्रयास से महाविद्यालय में शीर्ष प्राथमिकता कोचिंग अभ्युदय कोचिंग प्रारंभ हुई। महाविद्यालय को बालिका छात्रावास प्राप्त हुआ और 12.5 एकड़ सरकार से निःशुल्क जमीन प्राप्त हुई।

2024 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ लड़ने के लिए तैयार : मुख्यमंत्री

जनता ने नारों की राजनीति को दूर फेंका : मुख्यमंत्री

दैनिक समाज जागरण

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि तीन प्रदेशों में भाजपा की जीत ने पार्टी की नीतियों व जनता के हित के लिए किए गए कार्यों पर मुहर लगा दी है। जनता ने नारों की राजनीति को उखाड़ फेंका है। मुख्यमंत्री रविवार को हिसार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव करवाए जाने के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि केंद्रीय चुनाव समिति तथा चुनाव आयोग निर्णय करेगा तो वे लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा निचले स्तर तक योजनाओं को पहुंचा रही है। हरियाणा में जजपा से गठबंधन के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीतिगत विषय है। समय आने पर ही इस पर कोई फैसला होगा। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुखों तक के संगठन ने बूथ लेवल पर काम करके सब प्रदेशों में बीजेपी को बेहतर परिणाम दिये है। कांग्रेस जैसा कह रही है कि इन नतीजों का इम्पेक्ट 2024 के चुनाव में आएगा, तो मैं भी कहता हूं कि इनका परिणाम आयेगा। इन चुनाव के पीछे कई कारण गिनाये जा सकते हैं, लेकिन केंद्र सरकार की योजनाओं पर जनता ने मोहर लगायी है। इसके साथ ही मैनिफिस्टो पर वहां की जनता ने भरोसा किया है।उन्होंने कहा कि हम हरियाणा में अंत्योदय की भावना से काम कर रहे हैं, अंतिम व्यक्ति तक परिणाम पहुंचे, इसमें हम लगे है। विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है, जनता की समस्याओं का हल कर रहे हैं, जिन्हे योजनाओं का लाभ नहीं मिला हैं, उन्हें देने की कोशिश है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस ने सोचा तक नहीं है कि देश को विकसित करना है। हम विकासशील देशों की श्रेणी में आते है, 100 वर्ष आजादी के पूरे होने पर हमारा देश विकसीत देशों में शामिल हो जाएं, इसके लिए सरकारों को काम करना है, जनता को भी योगदान देना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार का कार्यक्रम हैं, संसाधनों का कोई दुरूपयोग नहीं हो रहा है।500 रुपए में गैस सिलेंडर देने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समय समय पर योजनाएं बनती हैं, हर प्रदेश की अपने हिसाब से योजनाएं होती है। हमने यहां 3 हजार पेंशन देने की बात कही, यहां कैंसर पीडित के लिए पेंशन देने की योजना लागू की, सरकारी स्कूलों के लिए योजनाएं बनाई, इसके साथ ही पुराने पेड़ों के लिए योजनाएं बनाई।इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, राज्यसभा सांसद डॉक्टर डीपी वत्स तथा भाजपा जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र उपस्थित थे।

तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की भारी जीत पर कालका विधानसभा में पार्टी कार्यकताओं ने मनाया जश्न

कालका(संदीप शर्मा)हरियाणा की कालका विधानसभा में कोषयाध्यक्ष राष्ट्रीय महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी व कालका से पूर्व विधायक लतिका शर्मा ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की भारी भरकम जीत पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि ह्लतीन राज्यों में भाजपा की जीत ने सिद्ध कर दिया है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश को सही रास्ते पर लेकर जा रहे है और यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की जीत है।पूर्व विधायक लतिका शर्मा ने शाम को पिंजौर बाजार से शुरू कर कालका गांधी चौक से कालका शहर में चुनावी जीत के जश्न को कार्यकर्ताओं के साथ मनाया। इसी दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि ह्लयह तो केवल झांकी है अभी भारत बाकी हैह्व और सारे भारत में लोग ऐसा सोचते है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में जब समा आएगा तो भाजपा पूरी तरह से विपक्षी दलों को धाराशाही करेंगे। छत्तीसगढ में कांग्रेस के छत्तीस का आंकड़ा पार नहीं करने के प्रश्न पर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस हो या अन्य पार्टियां हो, लोगों ने सभी को नकार दिया है और लोग चाहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी की जीत हो। वहीं, चुनाव में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को पनौती कहा था कि जिस पर पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस को अब पता चल गया होगा कि राहुल गांधी स्वयं पनौती है जिस दिन से वह कांग्रेस में सक्रिय हुए है कांग्रेस लगातार नीचे ही नीचे जा रही है।

हरियाणा में हमने कल्याणकारी प्रोजनाओ के पहले ही लट्ठ गाड़े हुए हैं : लतिका शर्मा

शर्मा ने तीन राज्यों के चुनावों पर हरियाणा में

असर को लेकर पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि हरियाणा में सुशासन के हमने पहले ही

लठ गाड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनता का फैसला सर्वोपरि होता है और जनता ने अपना फैसला सुना दिया है कि हिंदुस्तान की जनता भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी के साथ है।

पूर्व विधायक ने जीत की खुशी में बांटे लड्डू,हल्के की जनता के बीच जमकर हुई आतिशबाजी

रविवार देर शाम पिंजौर बाजार से लेकर कालका बाजार में भाजपा कार्यकताओं ने पार्टी की जीत का जश्न ढोल नगाड़ों की थाप पर मनाया। कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की। तो वहीं पूर्व विधायक ने कार्यकताओं के साथ जीत की खुशी मनाई और उन्हें लड्डू बांटे व जीत की शुभकामनाएं दी।

शहर थाना पुलिस ने अंबेडकर बस्ती में चलाया सर्च अभियान, आमजन को किया नशे के खिलाफ जागरूक।

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) : पुलिस अधीक्षक हिसार श्री मोहित हांडा, आईपीएस के निदेशानुसार थाना शहर प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने थाना व पड़ाव चौकी के पुलिस बल सहित अंबेडकर बस्ती में नशा रोकने और नशीले पदार्थों की तस्करी को लेकर सर्च अभियान चलाया। इस

अभियान में थाना शहर और थाने के अंतर्गत आने वालो चौकियों के पुलिस कर्मचारी शामिल रहे। सर्च अभियान के दौरान अंबेडकर बस्ती में तलाशी ली गई और संदिग्धो से गहनता से पूछताछ की गई। इसके साथ ही वाहनों की भी चैकिंग कर 8 वाहनों को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जब्त किया गया है। सर्च अभियान के दौरान शहर थाना पुलिस ने अंबेडकर बस्ती में रहने वाले नागरिकों को नशीले पदार्थो से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया। थाना प्रभारी ने कहा कि हमे नशे से दूर एक सफल, सुखी जीवन अपनाना चाहिए। जीवन और नशा एक साथ नहीं चल सकते। नशा जीवन को बर्बाद कर देता है। नशीले पदार्थों का प्रयोग गंभीर शारीरिक और मानसिक बीमारियों को जन्म देते है। आज के समय में भी बहुत से लोग नशीले पदार्थो के चुंगल में फसे हुए है हम सब को मिलकर उन्हें उस चुंगल से निकालने का सफल प्रयास कर उनके जीवन को बचा सकते है। नशीली दवाओं के दुर्पयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ एकजुट होकर पीड़ितों की मदद कर सकते हैं।

शहर थाना प्रभारी ने कहा कि थाना शहर पुलिस द्वारा समय समय पर इस तरह के सर्च और नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जायेगे।

राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करना चाहिए - - डॉ ललित मनोपति

दैनिक समाज जागरण

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) : आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पावड़ा हिसार में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ ललित मनोपति ने अपने संबोधन में बताया कि यह दिवस 2 दिसंबर 1984 को भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में मनाया जाता है हम भूल नहीं सकते भोपाल गैस त्रासदी जिसमें जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव हुआ था । दुनिया में अब तक हुई सबसे भीषण त्रासदी मानी जाती है । लगभग पाँच लाख से अधिक लोग इसके संपर्क में आए थे लगभग8000 के करीब

लोग इस त्रासदी में मारे गए थे दुनिया भर के इतिहास में इसे सबसे बड़ी औद्योगिक आपदा के तौर में माना गया था हमें राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए ।प्रदूषण पर नियंत्रण करना चाहिए 2022-23 का थीम हरित बने और शुद्ध हवा में सांस ले इस उदेश्यसे आज विद्यालय में एक अमृत वाटिका भी बनाई गई । जिसमें भारत के वीर शहीदो स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीरांगनाओं को सच्ची श्रद्धांजलि देने हेतु पौधारोपण किया गया । आजादी के परवानों के नाम अमृत वाटिका उद्यान । इस अमृत वाटिका में विद्यालय प्राचार्य श्री अश्विनी कुमार धमीजा ने पौधारोपण करके इसका शुभारंभ किया इसके पश्चात सभी स्टाफ सदस्यों ने इसमें पौधारोपण किया । राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों में प्रति वर्ष एक बड़ा पेड लगाकर उसे बड़ा करने का सकल्प लिया। पौधारोपण काकार्यक्रम अमृत वाटिका में लगातार लगभग एक महिने 2 दिसम्बर २०१३ से 4 जनवरी 2024 तक चलेगा।

जिला दिव्यांगजन कार्यालय परिसर में मनाया गया विश्व दिव्यांग दिवस

सीतापुर दिनांक 03 दिसम्बर 2023 (सू0वि0) नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर जी द्वारा किए गए, उपकरण वितरित जिसमे 02 स्मार्ट केन, 02 पैर बैसाखी, 06 ट्राई साइकिल, 07 व्हील चेयर वितरित किए गए, मा0 मंत्री जी ने सभी को विश्व दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएं दी तथा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की बात कही साथ ही विभिन्न उदाहरणों

के साथ दिव्यांगों का हौसला भी बढ़ाया। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राज कुमार ने इस दिवस के थीम के बारे में दिव्यांगजनों को बताते हुए सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दिव्यांगजनों की सहभागिता को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में दिव्यांग दिनेश कुमार ने कई मनमोहक कविताएं भी सुनाई। इस मौके पर सक्षम संस्था के सदस्य सुभाष अग्निहोत्री, वरिष्ठ सहायक कमलेश कुमार, गजेंद्र सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

क्या बीपीएल कार्ड/आय प्रमाण पत्र की जांच करायेगी बीजेपी सरकार ?

समाज जागरण डेस्क

तीन राज्यों मे प्रचंड बहुमत से बीजेपी मे खुशी की लहर है, निश्चित तौर पर होना भी चाहिए। क्योंकि आजकल राजनीतिक का मतलब समाज सेवा नही बल्कि सत्ता पर कब्जा करना है। या यह भी कहना ठीक होगा कि राजनीतिक पार्टी एक प्राइवेट कंपनी की तरह बन चुकी है जिसमे जनता के सुख दुख को जानने समझने या समस्या को दूर करने के बजाय ब्रांड को प्रमोट करना है। जिससे की ज्यादा से ज्यादा प्राडक्ट को बेचा जाय उससे ज्यादा से ज्यादा धन अर्जित कर अपने परिवार और रिस्तेदारों को फायदा पहुँचाया जाय। राजनीतिक मे भी बड़ा मध्यम या स्माल इंडस्ट्रीज है। या कहे कि बीजेपी जै सार्वजनिक उद्योग, कांग्रेस के जैसी निजी उद्योग और समाजवादी , बीएसपी के जैसे तमाम सारे लघु उद्योग शामिल है।

देश के चुने हुए नेता भले ही वेतन सरकार से लेते हो लेकिन प्रचार, प्रसार अपने पार्टी और ब्रांड के करते है। यही कारण है कि यूपी जैसे विशाल प्रदेश मे विज्ञापन की बजट 550 करोड़ है वही सिर्फ 7 जिलों वाली दिल्ली की बजट 500 करोड़ की है। विज्ञापन की सबसे बड़ी खासियत सरकारी योजना की जानकारी भले ही पढ़ने लायक न हो लेकिन नेता के तस्वीर आपको बड़े बड़े दिखेंगे।

सरकारी तंत्र देश मे पूरे साल मे लगभग 200 दिन तो चुनाव प्रचार और चुनाव संबंधि योजना मे व्यस्त रहती है और 100 दिन जनता कि शिकायत निस्तारण करने मे। बांकि बचे के 65 दिन ही काम होता है। देश के आधे से ज्यादा पुलिस तो नेताओं के धरना प्रदर्शन और नेताओं के सुरक्षा मे व्यस्त रहती है तो जनता की सुरक्षा कौन करे। एक यह भी कारण है कि अदालत 20 सालों तक जनता को न्याय नही दे पाती है। क्योंकि जिस पुलिस आफिसर को जांच करना है वह तो नेताओं की सुरक्षा और धरना प्रदर्शन मे व्यस्त रहतीहै। हर दिन किसी न किसी नेताओं का दौरा प्रस्तावित होता है उसके सुरक्षा के लिए पूरे इंतजाम पुलिस को करनी है। सरकार को चाहिए कि के इंवेस्टीगेशन के लिए अलग से पुलिस डिपार्टमेंट बने सीबीआई के तर्ज पर या फिर कोर्ट को अलग से पुलिस दी जानी चाहिए ताकि समय से जांच प्रस्तुत करे मामले का निस्तारण किया जा सके गरीब जनता को न्याय मिले।

सरकारी योजनाओं का दुरुपयो होना आम बात है चाहे वह बीपीएल कार्ड धारक हो या फिर आयुष्मान भारत या फिर आय प्रमाण पत्र। बीपीएल कार्ड मे ऐसे लोगों को जोड़ा गया जिनके पास मे फार व्हीलर तक है करोड़ो की संपति है। लेकिन सरकार या कोई पार्टी इस पर जांच की मांग करने से परहेज करते रहे है कि वोट बैंक नाराज हो जायेगा। सरकारी तंत्र को सब पता है लेकिन जब सरकार उनसे उम्मीद करे की चुनावी बजट के लिए धन जमा करने की जिम्मेदारी दे उनको तो जीरो टालेरेंस की बाते करना मिथ्या लगता है। आय प्रमाण पत्र लगाकर स्कूलों मे गरीब के लिए दिए गए कोटे का लाभ उठाते है और गरीबों के बच्चों को मिलने वाले आरक्षण हड़प लेते है। स्कूल मे 25 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर तथा विकलांगो के लिए आरक्षित किया गया है लेकिन क्या स्कूल वाले ऐसा ही कर रहे है। शासन प्रशासन तथा सरकार को इस पर जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए। क्योंकि सिर्फ नियम बनाकर खुश होने के बजाय किसी भी सरकार को उसे जमीन पर उतारने के प्रयास को ज्यादा मजबूती के साथ करने की जरूरत है जो कि नही हो रहा है।

इसीलिए गरीब जनता तक उनका हक नही पहुँच पाता है। क्योंकि देश मे गरीबी कम लेकिन गरीबों के नाम पर जेब भरने वाले ज्यादा है। सरकारे निष्पक्ष नही है क्योंकि अगर किसी भी प्रकार से एक्शन लेती है तो इसका सीधा असर उनके वोट बैंक और चुनावी चंदे पर पड़ने की आसार प्रबल हो जाते है.। मिडिया से तो सरकार और राजनीतिक पार्टियां अपेक्षा रखती है कि उनके खिचरी बांटने की खबर बड़ी बड़ी हैंडिंग के साथ चलाए लेकिन उसके भ्रष्टाचार पर चुप रहे। गली नुक्कड़ के नेता भी प्रधानमंत्री से कम नही क्योंकि एक बार प्रधानमंत्री मिडिया का लिहाज कर भी ले लेकिन गली नुक्कड़ के गमछा छाप नेता सीधे धमकी देते है।

महिला ने लगाया पति को गायब करने का आरोप

राजू चौधरी तहसील प्रभारी /सीतापुर के ब्लाक बेहटा के आने वाली ग्राम पंचायत मानपुर मल्लापुर में एक युवक का लापता का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि इस लापता को अंजाम मात्र पचास हजार रुपए रुपये के लिए दिया गया था. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची घर वालों को अवस्वासन दिया जल्द से जल्द पता लगाया जाएगा पुष्ट होते कार्यवाही की जायेगी और मामले की जांच शुरू की. इस घटना के बाद लापता के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

यह घटना गांव मानपुर मल्लापुर की बताई जा रही है, यहां रहने वाले गोपी ने अपने एक परिचित रमेश निषाद को पचास हजार रुपये उधार दिए थे. काफी समय से गोपी अपने रुपये मांग रहा था. पर रमेश वह पैसे नहीं लौटा रहा था. इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ. बात गाली-गलौच से शुरू होकर मारपीट तक पहुंच गई. इसके बाद रमेश ने बदला लेने के लिए अपने 3 साथियों के साथ गोपी को ठिकाने लगाने का प्लान बनाया. उसके बाद गोपी की बीबी राम देवी ने गोपी को गायब करने का आरोप लगाया जिसकी छानबीन चल रही हैमहिला ने लगाया पति को गायब करने का आरोप

साजिश के तहत परियोजना को बंद करने का कोशिश कर रहे है प्रबंधक - संयुक्त मोर्चा

दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड

तिसरा। नॉर्थ तीसरा परियोजना का डोजर डम्फर मशीन को कैसे कुजामा आउटसोर्सिंग परियोजना में काम कराया जा रहा है इसकी जांच हो और दोषी प्रबंधन पर करवाई किया जाए उक्त बातें संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने रविवार को नॉर्थ तिसरा 6 नंबर के समीप परियोजना बचाने को लेकर आयोजित अनिश्चितकालीन धरना में कही। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि एक तरफ चालू परियोजना को एमडीओ मोड में डालकर निजीकरण की ओर ले जाया जा रहा है दूसरी ओर यहां का डीजल आउटसोर्सिंग परियोजना चलाने के लिए दिया जा रहा है आखिर यह किसके आदेश से हो रहा है सीएमडी इसकी जांच करें। नेताओं ने कहा कि लगभग 1000 से अधिक मजदूर परियोजना में काम करते हैं इन मजदुरो का क्या होगा

निजीकरण का मतलब है यहां का मजदूरों को हटाना और आउटसोर्सिंग चालू करना। अनिश्चितकालीन धरना के बाद भूख हड़ताल और परियोजना बंदी का भी आंदोलन होगा। मौके पर रितेश निषाद ,मनोज कुमार पासवान, अनिल कुमार सिंह, धर्मेंद्र राय ,सुजीत मंडल, उज्जवल कुमार डे ,पशुपतिनाथ देव ,बंटी सिंह ,कन्हाई सिंह, फागु नार्पित ,लक्ष्मीकांत निषाद ,सुनील राय, संतोष मिश्रा थे।

रांची रिम्स अस्पताल में समर्पण एक नेक पहल" संस्था ने बुजुर्ग मरीज के लिए रक्त उपलब्ध कराई

दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड

संस्था को सूचना प्राप्त हुई कि रांची के रिम्स अस्पताल में अट्ठासी वर्षीय बुजुर्ग मरीज रामेश्वर साव भर्ती हैं जिनके शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई हैं, इन्हें तत्काल दो यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता हैं घर वालों ने एक यूनिट रक्तदान किया हैं एक यूनिट की और आवश्यकता हैं, सूचना प्राप्त होते ही संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने माँ राम प्यारी ब्लड बैंक प्रबंधक से बात कर मरीज को तत्काल एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त प्रदान करने का आग्रह किया और इसके कुछ ही देर के बाद सभी कागजी प्रक्रियाओं को पूरा कर मरीज के ब्लड बैंक के द्वारा रक्त प्रदान कर दिया गया, यह संस्था प्रत्येक दिन कई जरूरतमंद लोगों को लगातार रक्त उपलब्ध करा रही हैं जो बहुत ही सराहनीय हैं '

विष्णुगढ़ प्रखंड के चानो में विद्यालय भवन एवं चाहर दिवारी निर्माण का शिलान्यास

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) 03 दिसम्बर 2023 :- माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा बिष्णुगढ़ के चानो पंचायत में डीएमएफटी मद से करीब एक करोड़ चौहत्तर लाख की लागत से विधालय भवन का निर्माण,चारदीवारी समेत अन्य कार्यो के लिए शिलान्यास किया गया।बताते है,कि विद्यालय भवन की कमी एवं चारदीवारी नही होने से विद्यार्थियों एवं शिक्षको को आये दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसको देखते हुए ग्रामीणों की मांग पर माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने अनुसंशा करते हुए प्राथमिकता के आधर पर इस कार्य को पूरा करते हुए आज 03 दिसम्बर 2023 को विद्यालय विकास के लिए शिलान्यास किया।

इस बाबत जानकारी देते हुए जयप्रकाश भाई पटेल ने बताया कि आगे भी अपनी विधानसभा के क्षेत्रों में पूर्व की भाँति इसी तरह से विकास के कार्य अनवरत जारी रहेंगे। जिस कायंर्के लिए आप सबो ने मुझे चुना उसे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। मैने अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अनेको कार्य किये है,जैसे विष्णुगढ़ में आईटीआई महाविद्यालय का निर्माण,विष्णुगढ़+2 हाई स्कूल का नवनिर्माण,मध्यविद्यालय गोविन्दपुर खुर्द की चारदीवारी,टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय का निर्माण,नागी मध्य विद्यालय नागी मरम्मति,निर्माण एवं रँगरोगन एवं चारदीवारी का निर्माण समेत,दौलत महतो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में छात्रावास की मरम्मति,एवं रँगरोगन समेत बहुत सारे कार्य जनहित में किये गए है। इसके अलावे विकास के बहुतेरे कार्य धरातल पर उतारे जा चुके है। इस मौके पर मुख्य रूप से डूमरचंद महतो,परमेश्वर महतो,हिरामन महतो,चेतलाल महतो समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

गैंगस्टर प्रिंस खान के लिए रंगदारी वसूलने वाले पांच अपराधी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र

वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड):03दिसंबर 2023:- जिले के गैंगेस्टर प्रिंस खान के नेटवर्क को समाप्त करने की कोशिश में पुलिस लगातार काम कर रही है। इस कड़ी में पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। इस बार पुलिस ने प्रिंस खान गिरोह के पांच ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया है जो प्रिंस के लिए रंगदारी का पैसा वसूलते थे । रविवार को एसएसपी संजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गये अपराधियों में मो.इम्तियाज आलम,मो.कामरान उर्फ गुडडू,मो. तोकीर उर्फ राजू, मो. फैयाज अख्तर उर्फ लड्डू और मो. सद्दाम हैदर शामिल है ।इनके पास से रंगदारी की रकम 2 लाख 25 हजार , दो हथियार, चार गोली और 7 मोबाईल बरामद की गई है. इन सब की गिरफ्तारी बैंक मोड़ थाना क्षेत्र से हुई ।

गिरोह में मो. इम्तियाज आलम मुख्य सरगना है.मो. इम्तियाज मूलतः वासेपुर का रहनेवाला है. पुलिस की दबीश बढ़ने के बाद से वह समस्तीपुर में रहकर गिरोह के लिए काम कर रहा था ।मो. तोकीर उर्फ राजू कार सजावट के नाम से पाट्‌र्स चलाता है और इसी व्यापार के दौरान ही इसने पाट्‌र्स व्यसायियो के नंबर भी अपने गिरोह में रखा था ।

पुलिस छावनी में तब्दील हुई जेल, धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या के घटना में जांच जुटी है आला अधिकारी

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

धनबाद जिले के मंडल कारा में गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी है ।जानकारी के अनुसार,अमन सिंह को दो से तीन गोली मारी गई है जिससे अमन सिंह की मौत हो गई है।

घटना के बाद धनबाद मंडल कारा में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।पूरे मंडल कारा में इमर्जेंसी बेल बजने लगी,सूचना मिलते ही डीसी वरुण रंजन और एसएसपी संजीव कुमार मंडल कारा पहुंचे हैं ।उनके साथ एसडीएम उदय रजक, सीटी एसपी, डीएसपी समेत दर्जनों अधिकारी पहुंचे हुए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है ।पूरे जेल को पुलिस छावनी बदल दिया गया है सैकड़ों पुलिस जवानों को जेल में तैनात किया गया है।

धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के बाद धनबाद जिला और पुलिस प्रशासन चौकस हो गया है. अधिकारियों की टीम घंटो से धनबाद जेल की जांच पड़ताल कर रही है. धनबाद जेल के इतिहास में जेल के भीतर गोली मारकर हत्या करने की संभवत यह पहली घटना है.

बताया जा रहा है कि धनबाद जेल में गोली लगने

के बाद आनन-फानन में अमन सिंह को एसएनएमएमएच में लाया गया। अस्पताल को भी पूरी तरीके से पुलिस छावनी में बदला गया है, वहां किसी को जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है ।वहीं जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी धनबाद मंडल कारा में कैंप किए हुए हैं. वे पूरे जेल की छानबीन कर रहे हैं और पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर जेल में इस तरह का घटना कैसे घटी ' उत्तर प्रदेश का शार्प शूटर अमन सिंह धनबाद आकर अपराध जगत का बेताज बादशाह बन गया था. वह लगातार पुलिस और सरकार को चुनौती दे रहा था. पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के आरोप में उसे गिरफ्तार किया गया था.

जेल में रहते हुए उसके खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज हुए थे.

जेल में रहते हुए उसके खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज हुए थे. सूत्र बताते हैं कि शनिवार को साक्ष्य के अभाव में एक और मामले में अमन सिंह बरी हो गया था. यह मामला वर्ष 2021 का है. तेतुलमारी थाना में रंगदारी सहित अन्य धाराओं में प्राथमिक दर्ज हुई थी. इस मामले में कई गवाह अपने पूर्व के बयान से मुकर गए. सूत्र बताते हैं कि तेतुलमारी मामले को लेकर अमन सिंह लगातार पांचवें मामले में कोर्ट से बरी हुआ था. दुमका जेल में रहते हुए संत्री पर फायरिंग कराने का भी उस पर आरोप था. फायरिंग करने वाले जब धनबाद में पकड़े गए थे तो स्वीकार किया था कि अमन सिंह के कहने पर उन लोगों ने फायरिंग की थी. अमन सिंह पर यह भी आरोप था कि जेल से ही वह गैंग चलता था.

सरना कोड़ को लेकर सेंगेल अभियान हजारीबाग जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे किया गया बैठक

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) बिष्णुगढ़ प्रखंड के मडमो पंचायत के डुमरिया टांड मे आदिवासी सेंगेल अभियान का बैठक किया गया ' जिसमे असम प्रदेश अध्यक्ष सोहन हेमब्रोम ने बैठक को सम्बोधित किया 'सम्बोधित करते हुवे कहा आदिवासी की धार्मिक पहचान सरना कोड़ 2023 मे ही लेना जरूरी है ' साथ ही मरांग बुरु बचाना आदिवासी संथाल समाज के लिए आवश्यक ही नहीं अतिआवश्यक है क्यूकी मरांग बुरु जिस तरह एक आदमी का माथा रहना जरूरी है वैसे ही संथाल समाज के लिए मरांग बुरु रहना और बचाना

जरूरी है ' मरांग बुरु लुगु बुरु के साथ आदिवासी को बचाने के लिए पूर्व सांसद सह सेंगेल अभियान केंद्रीय अध्यक्ष जिवेद बोंगा सालखान मुर्मू आगामी 10.12.2023को मरांग बुरु के तल्हाटी मधुबन फुटबॉल मैदान मे बिसाल जनसभा का आह्वान किये है जिसमे भारत के सात राज्य के साथ नेपाल भूटान बांग्ला देश से भी सेंगेल अभियान के साथ दुन्या के आदिवासी को स्वागत करता है मरांग बुरु बिश्व के आदिवासी संथाल की है इसीलिए आगामी 10. 12. 2023 को मरांग बुरु बचाव यात्रा होंगी उसके बाद 22दिसंबर 2023को सरना सभा सेंगेल अभियान दुमका मे आयोजन करेंगे जो भारत सरकार फिर भी सरना कोड की घोसणा नहीं करती है तो 30 दिसंबर 2023 को बेयापाक रूप से रेल रोड चका जाम सेंगेल अभियान तरफ से किया जायगा इस्के लिए अधिक से अधिक लोगों को सिरकत होने का आग्रह किया जिसमे मुख्यरूप सेंगेल अभियान जिलाध्यक्ष बहराम हांसदा मांझी हडम श्यामलाल हेमब्रोम सनीचर सोरेन सोमार हेमब्रोम नेमचंद मरांडी अर्जुन मरांडी बिसून टुडू खोसबू देवी रेशमी देवी गुलाबी देवी के साथ अन्य सेकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे

3 जनवरी को शहीद श्यामल चक्रवर्ती की शहादत दिवस मनाने का निर्णय

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र

वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड):03दिसंबर 2023:- जिले के शहीद श्यामल चक्रवर्ती स्मारक समिति एवं मार्क्सवादी युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में संपन्न हुई ' बैठक की अध्यक्षता मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने की एवं संचालन जिला सचिव रणा चटराज ने किया ' बैठक में मुख्य अतिथि मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान उपस्थित थे ' बैठक को संबोधित करते हुए बिंदा पासवान ने कहा कि 3 जनवरी 1991 को कोयलांचल के दो शहीद वीर स्व. रणधीर प्रसाद वर्मा एवं शहीद श्यामल चक्रवर्ती आतंकवादियों से जूझते हुए राष्ट्र संपत्ति को बचाने के लिए अपने जीवन को न्योछावर किया, जो कोयलांचल के लिए गर्व की बात है ' लेकिन दुःख की बात है की जिसमें एक शहीद स्व. रणधीर

प्रसाद वर्मा को सरकार द्वारा सम्मानित किया गया ' वही एक आम नागरिक के हैसियत से शहादत देने वाले श्यामल चक्रवर्ती का कहीं जिक्र तक राज्य एंव केंद्र सरकार नहीं करती है ' दोनों शहादत समाज के दो वर्ग को नेतृत्व एवं प्रेरणा का स्रोत देते हैं ' एक प्रशासनिक कर्तव्यों को याद दिलाती है,तो दूसरी नागरिक उत्तरदायित्व एवं कर्त्तव्यों को मजबूती से बोध करती है ' इसलिए मासस उनके सम्मान दिलाने की लड़ाई को जारी रखा हैं ' मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि आज युवा वर्ग को इन दोनों शहीदों से प्रेरणा लेकर अपने-अपने उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यों को पालन करना चाहिए ' बैठक में शहीद स्मारक समिति का विस्तार किया गया जिसमें संरक्षक पूर्व विधायक अरुप चटर्जी, काशीनाथ चटर्जी, हरिप्रसाद पप्पू,अध्यक्ष पूर्व विधायक आनंद महतो, कार्यकारी अध्यक्ष मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान, उपाध्यक्ष पवन महतो, जयदीप बनर्जी, सुभाष प्रसाद सिंह, नरेश पासवान, राजेश बिरुवा, हिमांशु मंडल, सचिव समीर गोस्वामी, सहसचिव कल्याण कुमार घोषाल, अजय महतो, टोनी बनर्जी, कोषाध्यक्ष विश्वजीत राय, संगठन सचिव राणा चटराज, सम्राट चौधरी, सुभाष चटर्जी, कार्यकारिणी सदस्य में मनीष यादव, चिंटू रवानी, वेद प्रकाश सिंह, चौधरी भुईया, सांस्कृतिक मंच अध्यक्ष शिबू चक्रवर्ती, सचिव संजय गांगुली को बनाया गया '

3 जनवरी 2024 को शहीद श्यामल चक्रवर्ती स्मारक समिति एवं मार्क्सवादी युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम, माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि सभा का निर्णय लिया गया ' बैठक में मुख्य रूप से सुभाष चटर्जी, स्मारक समिति का सचिव समीर गोस्वामी, कल्याण घोषाल, हिमांशु मंडल, संजय गांगुली, विश्वजीत राय, टोनी बनर्जी, शिबू चक्रवर्ती, राजेश बिरुवा, नरेश पासवान, भोला ताम्रकार, वेद प्रकाश सिंह, संजय पासवान आदि उपस्थित थे '

एसपी सर की क्लास:सरकारी स्कूल पहुँचे गिरिडीह एसपी और बच्चों को पढ़ाया फिर बताया साइबर क्राइम से बचने के गुर।

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र

वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड): 03दिसंबर 2023:- झारखण्ड के गिरिडीह जिला साइबर अपराध के कारण बदनाम हो रहा है। अब ऐसे साइबर अपराधियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस की कार्रवाई तेज हो गयी है। वहीं दूसरी ओर लोगों को साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान का नेतृत्व गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा खुद कर रहे हैं ।वे सरकारी स्कूलों में पहुंचकर बच्चों को साइबर ठगी से बचने के तरीके बता रहे हैं, ताकि बच्चे भी अपने अभिभावकों को इन जालसाजों से सावधान रहने के लिए सचेत कर सकें।

इसी क्रम में एसपी दीपक कुमार उत्क्रमित उच्च विद्यालय महेशलुंडी पहुंचे। यहां सीनियर क्लास के बच्चों से उन्होंने मुलाकात की। बच्चों से उनकी पढ़ाई और भविष्य की तैयारी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने एक-एक बच्चे से बात करने की कोशिश की और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित भी किया ।कई सवाल जबाब भी किए, इस दौरान बच्चों के बीच साइबर ठगी से बचने के लिए पुलिस की ओर से तैयार की गई बुकलेट भी बांटी गई। एसपी ने बताया कि कैसे साइबर ठग फोन करते हैं, फिर धोखा देते हैं और फिर बैंक खाते में सेंध लगाते हैं ।एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बच्चों को यह भी बताया कि जब भी ऐसे कॉल आए तो उन्हें जल्द से जल्द काट देना चाहिए और ओटीपी, सीवीवी, बैंक डिटेल, आधार-पैन नंबर नहीं देना चाहिए ।उन्होंने छात्रों को कहा कि संदिग्ध वीडियो कॉलिंग आने पर उसे रिसीव नहीं करना है। अश्लील मैसेज को कदापि टच नहीं करना है ।इस तरह का कॉल या मैसेज आने पर अभिभावक को पुलिस के पास भेजना है। इस दौरान एसपी के साथ सार्जेंट मेजर राजेश रंजन भी मौजूद थे। राजेश रंजन ने बच्चों से कहा कि कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई सबसे महत्वपूर्ण है ।यह पढ़ाई जीवन भर काम आती है ।इस चार साल की पढ़ाई से ही भविष्य तय होता है ।ऐसे में इन चार सालों में किसी और चीज पर ध्यान देने की बजाय सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान देने की जरूरत है ।इस मौके पर मुखिया शिवनाथ साव भी मौजूद थे।

झुंड से बिछड़ा विशालकाय दंतैल हाथी ने एक व्यक्ति की कुचलकर ली जान,विभाग के प्रति ग्रामीण आक्रोशित।

शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण,अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)

चांडिल : सरायकेला जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथी का यमराजी कहर जारी है । दरसल घटना रविवार सुबह-सुबह की हे शौच के लिए गए कुकड़ू प्रखंड के बकारकुड़ी गांव के बांका कुमार के पुत्र गणेश कुमार को जंगली हाथी ने पटककर मार डाला ।घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के

अनुसार गणेश कुमार शौच के लिए जा रहा था कि अचानक एक झुंड से बिछड़ा दंतैल एवं विशालकाय जंगली हाथी सामने आ गया,जिसे देख डर से भागने की प्रयास करने के दौरान जंगली हाथी ने सूंड से पकड़ कर उन्हें कुचल डाला ।घटना में गणेश कुमार के मौत के बाद ग्रामीण आक्रोशित हैं। बता दूं पिछले करीब 1 महीने से जंगली हाथियों का आतंक कुकडू प्रखंड क्षेत्र में है ओर विभिन्न गांवों में उत्पात भी कर रहा है, लेकिन वन विभाग हाथियों को भगाने के दिशा में कोई ठोस पहल नही कर रहा है ।ग्रामीणों का कहना हे कि वन विभाग को झुंड से बिछड़ा विशालकाय दंतौल हाथी के उत्पातो से अवगत कराया गया था परंतु विभाग द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया।

डीएवी नेशनल सपोर्ट क्लस्टर लेवल अंतर्गत योगा प्रतियोगिता का आयोजन

दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड

डीएवी नेशनल सपोर्ट क्लस्टर लेवल अंतर्गत योगा प्रतियोगिता का आयोजन कुसुंडा डीएवी में किया गया। जिसमें धनबाद जिले के डीएवी सिंदरी, डीएवी कोयलनगर, डीएवी मुगमा के बालक व बालिका ने योगा में भाग लिया। इस क्लस्टर सपोर्ट आयोजन में विभिन्न कैटिगरी के खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसमे जुडो, कबड्डी, खो खो,बैडमिंटन, कराटे, फुटबॉल,एथलेटिक्स, रेस आदि खेलों में बालक व बालिका ने भाग लिया। वही डीएवी कोयलनगर के अंडर 14 से वीर दत्ता के बॉयज टीम तथा अंचिता कुमारी की गर्ल्स टीम के द्वारा योगा में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया गया। योगा कंपटीशन में अंचिता कुमारी की गर्ल्स टीम ने गोल्ड मेडल जीतकर तथा वीर दत्ता के योगा टीम ने अंडर 14 में सिल्वर मेडल जीत कर कोयलनगर डीएवी स्कूल का नाम रौशन किया है। डीएवी कोयलनगर स्कूल के शिक्षक शिक्षिका बैद्यनाथ ग्राचार्य, सुदीप सर,गीता चौबे, मौनीषा मुखर्जी इस खेल प्रतियोगिता में बच्चों के साथ मौजूद थे

राजगंज थाना क्षेत्र से किया अवेध कोयला लदे ट्रक जब्त।

दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा।

राजगंज : राजगंज थाना क्षेत्र में कोयला की हेरा फेरी एवं कोयला माफिया द्वारा दिन दहाड़े कोयला लूट तथा ट्रक की ट्रक कोयला इस रास्ते से डिस्पोच की जाती है जो रुकने का नाम ही नहीं ले रही है, जो शनिवार की देर रात को डीएमओ खन्न विभाग धनबाद एवं एसडीएम द्वारा राजगंज थाना क्षेत्र में छापा मारने के दौरान शनिवार की देर रात को कोयला लदे ट्रक जेएच 10 BY 5982, और BR 44GA 8027,UP 61AT 2481, एवं UP 67T 9392 चार ट्रक को जब्त किया गया तथा राजगंज थाना को सोप दिया गया एवं मामले की छान बीन जारी है।

मांझी व्यवस्था एवं पूजा पद्धति को लेकर किया बैठक : लेदोडीह।

दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा

राजगंज :राजगंज थाना क्षेत्र स्थित लेदोडीह ग्राम में मांझी व्यवस्था एवं पूजा पद्धति को लेकर किया बैठक, इस बैठक में बुजुर्ग बुद्धि जीवी के लोगो ने अपने अपने राय व्यक्त किए, और रूढ़ी प्रथा को कैसे धरातल में लाएं इस पर विचार विमर्श किए , इस बैठक की अध्यक्षता श्री मनोज मुर्मू ने की एवं उपस्थित ग्रामीण श्री नरेश मरांडी, मुंशी मास्टर, शिव कुमार , अलसा सोरेन, संतोष बास्के, मनसा राम मुर्मू धवाचिता पंचायत प्रतिनिधि, कीनू मांझी, देवीलाल मुर्मू, पवन बस्के, दीपक सोरेन, आदि ग्रामीण उपस्थित हुए

मासस ने शहीद खुदीराम बोस की जयंती मनाई

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता धनबाद

जिले में शहीद खुदीराम बोस की जयंती पर आज मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' जिसमें सर्वप्रथम शहीद खुदीराम बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी ' वक्ताओं ने कहा कि देश के इतिहास में एक ऐसा नाम दर्ज है, जिसने बहुत कम उम्र में देश के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी ' वह उम्र जब एक युवा अपने करियर और आने वाले भविष्य को लेकर परेशान रहता है ' उस उम्र में एक ऐसा क्रांतिकारी निकला जो देश के लिए फांसी पर चढ़ गया ' 3 दिसंबर 1889 को मदीनापुर जिले के हबीबपुर गांव में जन्मे खुदीराम बोस जब बहुत छोटे थे ' तभी उनके माता-पिता का निधन हो गया था ' उनकी बड़ी बहन ने लालन - पालन किया था ' साल 1905 में बंगाल का विभाजन होने के बाद खुदीराम बोस देश को आजादी दिलाने के लिए आंदोलन में कूद पड़े ' महज 18 साल की उम्र में देश के लिए अपनी जान दे दी, 11अगस्त 1908 को खुदीराम बोस को फांसी दे दी गई ' देश की आजादी के लिए युवा अवस्था में प्राणों की आहुति देने वाले ऐसे वीर शहीद से आज के युवा वर्गों को सिख एवं प्रेरणा लेने की जरूरत है ' माल्यार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, सुभाष चटर्जी, जिला सचिव राणा चटराज, समीर गोस्वामी, कल्याण घोषाल, हिमांशु मंडल, संजय गांगुली, विश्वजीत राय, टोनी बनर्जी, शिबू चक्रवर्ती, राजेश बिरुवा, नरेश पासवान, भोला ताम्रकार, वेद प्रकाश सिंह, चिंटू रवानी, चौधरी भुईया आदि शामिल थे '



बगोदर के राजकीय बुनियादी विद्यालय में दस दिनों से एमडीएम बन्द आखिर दोशी कौन

दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) बगोदर बचाओ संघर्ष समिति के नेता व वार्ड सदस्य विश्वनाथ साव बगोदर राजकीय बुनियादी विद्यालय का जायजा लेने पहुंचे पता चला की विद्यालय में लगभग दस दिनों से चावल आवंटन नहीं होने के कारण बच्चों को भोजन नहीं दिया जा रहा है, कुछ बच्चे अपने घर से टिफिन लाकर भोजन कर रहे हैं। श्री साव ने दुरभास पर इसकी जानकारी बगोदर बीपीओ को दिया और लचर ब्यवस्था को ठीक करने के लिए कहा गया।

बुड़े मां बाप का एकलौता सहारा को ही छीन लिया जंगली हाथी ने आक्रोशित ग्रामीणों ने मचाया बवाल

दैनिक समाज जागरण , शेखर सुमन (प्रखंड संवाददाता,ईचागढ़)

ईचागढ़- सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह थाना अन्तर्गत बंकारकुड़ी गांव में रविवार की अहले सुबह करीब 6 बजे शौच पर गए एक 32 वर्षीय ग्रामीण को पटक-पटक कर मारा , जिससे ग्रामीण गणेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सुचना मिलते ही वन क्षेत्र पदाधिकारी मैनेजर मिर्धा, तिरूलडीह थाना प्रभारी चित्ररंजन कुमार दलवल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तत्काल वन विभाग द्वारा 50 हजार रुपए अग्रीम मुआवजा राशि परिजनों को दिया एवं लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। हाथी द्वारा जान से मारने की सुचना मिलते ही आस पास के ग्रामीण जुट कर वन विभाग के लापरवाही का आरोप लगाते हुए गुस्सा का इजहार किया व घंटों वन विभाग के पदाधिकारियों को घेर कर विरोध किया। वहीं मौके पर पहुंचे भाजपा नेता विनोद राय व जेवी के एस एस नेता गोपेश महतो ने वन क्षेत्र पदाधिकारी को फटकार लगाते हुए हाथी को क्षेत्र से भगाने, बेसहारा बुढ़े मां,बाप का उचित व्यवस्था करने, पीएम आवास व शौचालय तत्काल देने व गांव के आस पास झाड़ियों को साफ कराने का मांग किया। विनोद राय ने अपने स्तर से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग भी किया। बुड़े मां बाप का एक मात्र सहारा को ही हाथी ने छीन लिया। मिली जानकारी के अनुसार कई दिनों से कुकड़ु क्षेत्र में एक झुंड से बिछड़े हाथी डेरा जमाया हुआ है। सुबह जब गणेश कुमार शौच के लिए गांव के पास तालाब में गया तो झाड़ी से हाथी निकल कर उसे पटककर जान से मार डाला। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। हाथी को क्षेत्र से भगाने का ग्रामीणों ने वन विभाग से गुहार भी लगाया था,मगर वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से लोग काफी आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों को काफी समझाने बुझाने के बाद लोग शांत हुए व लाश को उठाने दिया। वहीं विनोद राय व गोपेश महतो ने कहा कि वन विभाग हाथीयों का उत्पात को रोकने का कोशिश करें। उन्होंने कहा कि हाथी जोन के रूप में चिह्नित कर गांवों में आने से हाथीयों को रोके , अन्यथा सड़क से सदन तक आंदोलन करते हुए वन विभाग के कार्यालय को बंद कर दिया जाएगा। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव, 20 सुत्री उपाध्यक्ष नव किशोर हांसदा, सदस्य बीपत्तारण महतो, मुखिया चित्त सिंह मुण्डा, उप मुखिया त्रिभुवन कुमार,गोराचांद सिंह मुण्डा,समाज सेवी सह जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील महतो, इंन्द्रजीत महतो आदि उपस्थित थे।